जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, मंगलवार 22 अगस्त, 2023


# सिर्फ 10 दिन में 5 लाख तक का फायदा

NPO NEW PRODUCT OFFER

31 अगस्त, 2023 को बंद हो रहा हैं।

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

## 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

आज की रेट ₹3000/- Sq Ft | पजेशन की रेट ₹4500/- Sq Ft

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL



1.5 गुना रिटर्न

POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप | NPO New Product Offer आज की रेट | 31 अगस्त की रेट +5% | 30 सितम्बर की रेट +10% | 31 अक्टूबर की रेट +15% | 30 नवम्बर की रेट +20% | 31 दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

जहाँ चक्रवर्ती सम्राट की तलवार कुंठित हो जाती है, वहाँ महापुरुष का एक मधुर वचन ही काम कर देता है। –हरिऔध

# सचिव, बैद, गुरु तीनि जों, प्रिय बोलहिं भय आस

उपरोक्त दोहा गोस्वामी तुलसीदास जी ने लगभग 450 वर्ष पूर्व लिखा था था किंतु ऐसा लगता है इसका मर्म और अर्थ आज के राजनीतिज्ञ एवं सत्ताधारी भूल गए हैं। इस दोहे का सीधा-साधा अर्थ है कि 'जिस राज में मंत्री, चिकित्सक एवं गुरु भय या स्वार्थ के कारण केवल राजा को प्रिय बात कहें, तो उस राज्य का शीघ्र ही नाश सुनिश्चित है।'

वर्तमान में यदि हम स्थितियों का निष्पक्ष रूप से आकलन करें, तो यह पाएँगे कि आधुनिक राजा (सत्ताधारी) इन तीनों की बातों को नजर अंदाज कर रहे हैं, अथवा क्यों कहें कि यह तीनों ही सरकार की मनपसंद बात करने में लगे हैं तो गलत नहीं होगा।

पहले हम मंत्री अथवा शासन व्यवस्था में लगे व्यक्तियों की बात को ही लें। कुछ वर्षों से शासन तंत्र के अधिकारियों और मंत्रियों में यह साहस नहीं बचा कि वह सत्ता के शीर्ष पर बैठे प्रधानमंत्री के किसी भी निर्णय अथवा किसी भी नीति के प्रति अपनी राय निष्पक्ष रूप से सही रूप में व्यक्त कर सकें। यदि कोई करता भी है तो ऐसा करने वालों को शीघ्र ही अपने पद से अलग कर दिया जाता है। नौकरशाही की हालत यह हो गई है कि वह केवल हां में हां मिलाने के अलावा और कुछ भी बात करने की सोचते तक नहीं। जिस प्रकार की सही और स्पष्ट बात जनता के हित में रखने की अपेक्षा नौकरशाहों से की जाती है, और जिस बात के लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता है, उसी के आधार पर उसे देश की प्रशासन की स्टील फ्रेम कहा गया था। हो यह रहा है कि डर अथवा स्वयं के क्षुद्र स्वार्थ के कारण उन्होंने सत्ता को सही बात कहना और सही राय देना ही बंद कर दिया। चाटुकारिता में एक दूसरे से आगे बढ़ने की एक प्रकार से होड़ ही लग गई। इसका परिणाम यह हुआ कि किसी भी विषय पर दूसरा पक्ष और विचार आना चाहिए था, उसके प्राप्त होने के सारे रास्ते ही बंद हो गए। निर्णय एकतरफा होने लगे और उनका खामियाजा आज देश की जनता को भुगतना पड़ा है। इस प्रकार के कई निर्णय हैं, जिनमें सबसे पहला महत्वपूर्ण निर्णय वर्तमान सत्ता द्वारा नोटबंदी के संबंध में 2016 में लिया गया था। इसका कोई विरोध तत्कालीन मंत्री अथवा नौकरशाहों ने प्रधानमंत्री के समक्ष नहीं किया। यदि ऐसा किया गया होता, तो संभवतया देशवासी अनावश्यक परेशानी से गुजरने से बच सकते थे। अंग्रेजी में एक कहावत है, More loyal than the king".। आज की नौकरशाही इसी उक्ति को चरितार्थ करने में लगी है। इसके पीछे कारण केवल एक है, स्वयं की दूसरों से पहले पदोन्नति, अच्छे स्थान पर पदस्थापन, ताकि वह सत्ताधारियों के नजदीक आ सकें।

गत कुछ वर्षों में देखा गया है कि नौकरशाही की सही बात कहने की क्षमता ही धीरे-धीरे कुंद होती गई है। और जिस से भी सही बात कहने का साहस किया है उसे कई प्रकार से प्रताड़ित, परेशान किया गया। फलस्वरूप अन्य लोग भी सत्ता के समक्ष सच बोलने की सोच भी ना सकें। इसका खामियाजा कई राज्य सरकारों को भी भुगतना पड़ा है।

गोस्वामी तुलसीदास ने यह समझ कई वर्षों पहले उत्पन्न करने का प्रयास किया था जब लोकतंत्र का कहीं नामोनिशान नहीं था और केवल राजा महाराजाओं का शासन था। आज, जबकि लोकतंत्र की व्यवस्था में हम जी रहे हैं, उसके उपरांत भी यदि मंत्री, सचिव अथवा पूरा तंत्र प्रधानमंत्री अथवा अन्य नीति निर्धारकों को सही बात कहने से डरते हैं, तो यह मान कर चलना चाहिए कि इसका नुकसान अंततः सत्ताधारी लोगों को ही उठाना पड़ेगा। अच्छे राजनेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वह सही बात कहने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करें और उन्हें ऐसा करने हेतु उचित वातावरण भी प्रदान करें किंतु ऐसा होता हुआ अधिकांशतः दिखाई नहीं देता है। इसी कारण अनेक निर्णय कई बार जन विरोधी सिद्ध हो रहे हैं। जब अधिकारीगण किसी भी नीति अथवा निर्णय के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को सामने लाएंगे ही नहीं और नीतियां घोषित हो जाएंगी, तो उसका अपेक्षित लाभ नहीं मिलना तो निश्चित ही है। यही हम अधिकांश प्रकरणों में देख भी रहे हैं।

उदाहरण के लिए आजकल हर स्थान पर मोबाइल डाटा के उपयोग में देश की प्रगति को ही देश की खुशहाली का संकेत बताया जा रहा है। प्रश्न यह है कि डाटा का उपयोग तो देश में खूब हो रहा है किंतु उपभोग करने के लिए पर्याप्त मात्रा में आटा उपलब्ध नहीं है। इसी कारण बच्चे दिन भर मोबाइल में लगे रहने से कुपोषित होते जा रहे हैं। पोषण की बड़ी समस्या बनी हुई है। यदि हां में मिलाने के स्थान पर बच्चों की पोषण की स्थिति को सुधारने हेतु नौकरशाहों ने कोई ठोस सुझाव देकर के कोई नीति क्रियान्वित कराई होती, तो व स्थिति वह नहीं होती जो आज हुई है ।

**जनता लोकतंत्र में सर्वोच्च सत्ता रखती है और वह समय आने पर इस प्रकार के अहंकारी स्वभाव का उत्तर देती रही है। यदि हमें राज और धर्म को बचाना है तो सत्ता में बैठे हुए लोगों को विशेष रूप से यह ध्यान देना होगा कि अपने सलाहकारों, मंत्रियों, अधिकारियों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष राय रखने हेतु छूट दें ताकि सही स्थिति सामने आ सके।**

जो तीन कृषि कानून लाए गए थे, वे भी इसी प्रकार से केवल सत्ता में बैठे व्यक्तियों, विशेषकर प्रधानमंत्री को प्रसन्न करने के लिए लाए गए। इसके पीछे, ऐसा सुझाव देने वालों का कोई या लालच या स्वार्थ अवश्य रहा होगा। इसी का परिणाम हुआ कि अंततः तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा और प्रधानमंत्री को देश वासियों से माफ़ी माँगनी पड़ी थी।

तुलसीदास जी के दोहे को आगे बढ़ाते हुए हम वर्तमान सन्दर्भ में मीडिया के भूमिका पर भी विचार कर सकते हैं। आज अधिकांश राष्ट्रीय मीडिया, केंद्र की सरकार को एवं सत्ताधारी दल को प्रसन्न रखने के लिए ही अपने सारे कार्यक्रम बनाता है। 24 घंटे उन्हीं विषयों पर चर्चा करता है जो सरकार के हितों की पुष्टि करता हो और सत्ताधारी दल के एजेंडा को आगे बढ़ाए। मीडिया के एक वर्ग को इसीलिए 'गोदी मीडिया' कहा जाने लगा है। वह उसी प्रकार का काम करता है जैसा सत्ताधारी चाहते हैं। मीडिया का काम जहां जनता के प्रतिनिधि के रूप में समस्याओं को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना होता है वहीं यदि वह सरकार की चापलूसी में लग जाए तो जनता की समस्याएं वैसे ही बनी रहती हैं। इस प्रक्रिया में सरकार भी खुशफहमी में रहती है कि सब कुछ बहुत अच्छा है। इसका तात्कालिक लाभ भले ही सत्ताधारी दल को मिले, किंतु वास्तविकता सामने आने से वह वंचित ही रहते हैं। फलस्वरुप, सत्ताधारी दल को चुनाव में भी नुकसान ही होता है।

हाल ही में 'गोदी मीडिया' के एक एंकर सुधीर चौधरी ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से जब टमाटर की अत्यधिक बढ़ती कीमतों से संबंधित प्रश्न पूछा तो वह उत्तर देने के स्थान पर सुधीर चौधरी से उनके जेल से अनुभव के संबंध में प्रति प्रश्न पूछ कर उनके लिए अटपटी स्थिति उत्पन्न कर दी। स्पष्ट है, गोदी मीडिया के किसी प्रतिनिधि ने जब जनता के प्रतिनिधि के रूप में बढ़ती महंगाई के बारे में महिला बाल विकास मंत्री से जवाब चाहा तो यह बर्दाश्त नहीं हुआ। यह अहंकार के ही कारण है कि वह किसी भी प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देना अपना अपमान समझते हैं और उन्हें पसंद नहीं करते जो उनकी सुविधा के अनुसार उनसे प्रश्न पूछे नहीं पूछे। ऐसा दृष्टिकोण चाहे मीडिया के प्रति हो अथवा सरकार में काम करने वाले अधिकारियों के प्रति, यह प्रवृत्ति किसी भी प्रकार से शासन के लिए लाभकारी नहीं है। जनता के लिए लोकतंत्र में अहंकार का कोई स्थान होना ही नहीं चाहिए, विशेषकर जनता के प्रति।

अब हम गुरु की बात करें, जिसका मुख्य कर्तव्य होता है नए-नए विचारों को विभिन्न दृष्टि से देखकर उन पर शोध करें और शोध के परिणाम से जनता तथा सरकार को अवगत कराए। समाज में गुरु का स्थान प्राप्त जो शोध संस्थान अथवा शिक्षण संस्थान इस काम में निष्पक्ष रूप से लगे हुए हैं और जो लोग इन कामों को करते हैं, वहीं सरकार के कोप का भागीदार बन जाते हैं। हाल ही में अशोका यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर को केवल इसलिए अपना पद छोड़ना पड़ा कि उन्होंने शोध के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया की कुछ कमियों को उजागर किया था, जिसके कारण सरकार की स्थिति अटपटी सी बन गई थी। सरकार को यह सहन नहीं हुआ और उसने इन प्रोफेसर के विरुद्ध कार्रवाई की। इसके कारण पूरे शिक्षण जगत में इसका प्रतिवाद हुआ। जिस देश में गुरु भी अपने स्वार्थवश सत्ताधारित व्यक्तियों के गुणगान में ही व्यस्त हो जाएंगे तो वहां अवनति सुनिश्चित है। कुछ कुछ इसी प्रकार के दृश्य आजकल हमें उच्च शिक्षण संस्थानों जैसे आईआईटी, आई आई एम एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय में भी देखने को मिल रहे हैं, जहां शोध को भी एक विशेष दिशा में ले जाने वालों को ही प्रश्रय मिलता है। किसी दूसरे दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने पर सरकार की नाराजगी झेलनी होती है। यह स्थिति, स्वस्थ लोकतंत्र की दृष्टि से अच्छी नहीं कहीं जा सकती। जब हम विश्व गुरु बनने का दावा कर रहे हैं तो उसके लिए पहला मापदंड तो यही होगा कि क्या हम अपने देश में अपने गुरु अर्थात विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक या उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्य वैज्ञानिक एवं शोधकर्ताओं को अपना शोध करने की स्वायत्तता और स्वतंत्रता दे सकते हैं अथवा नहीं। ऐसा कोई भी देश विश्व गुरु नहीं कहला सकता, जहां के लोगों को अपने मत को अभिव्यक्त करने की स्वीकृति न हो एवं वे केवल सत्ताधारी दल की विचारधारा को ही आगे बढ़ाने के काम में लगने हेतु मजबूर हों।

वैसे तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समाज के सभी वर्गों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसके संरक्षण करने पर जोर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई बार दिया है । दुर्भाग्य से आजकल, सरकार के विरोध को राष्ट्रद्रोह कहा जाने लगा है। जो भी शिक्षक, राज सत्ता में बैठे लोगों के विचारों को पुष्ट करने के काम में तत्पर हों, वे सदैव सत्ता की कृपा के पात्र बन जाते हैं एवं कोई भी अन्य प्रकार के विचार व्यक्त करने वाला हमेशा उनके उपहास का शिकार बनता है । गत कुछ सालों में कलाकारों, लेखकों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही हुई है, जिससे इन वर्गों के लोगों में केवल जी-हजूरी करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। शिक्षकों को बाध्य कर अपनी बात प्रचारित-प्रसारित करवाना, अहंकार का ही परिचायक है। जब प्रधानमंत्री स्वयं किसी भी प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देना उचित नहीं मानें तो अन्य उनके मंत्रियों में इसी प्रकार का भाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है।

जनता लोकतंत्र में सर्वोच्च सत्ता रखती है और वह समय आने पर इस प्रकार के अहंकारी स्वभाव का उत्तर देती रही है। यदि हमें राज और धर्म को बचाना है तो सत्ता में बैठे हुए लोगों को विशेष रूप से यह ध्यान देना होगा कि अपने सलाहकारों, मंत्रियों, अधिकारियों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष राय रखने हेतु छूट दें ताकि सही स्थिति सामने आ सके। केवल हां में हां मिलाने वाले अधिकारी या मंत्री कभी भी राजा अथवा शासन में बैठे लोगों के लिए वास्तविक हित साधक नहीं बन सकते हैं। हम केवल आशा ही कर सकते हैं कि धर्म को आगे रखने वाली वर्तमान सरकार गोस्वामी तुलसीदास की उक्त पंक्तियां के भावार्थ एवं मर्म को समझते हुए उसके अनुसार अपने व्यवहार में संशोधन करेंगे। इससे उनकी सत्ता बनेगी रहेगी और जनता का हित भी सधेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# तीन माह में ही सड़क टूटी, ठेकेदार ने पैचवर्क कर लाखों का बिल उठाया

## सड़क निर्माण में किसी भी जगह गुणवत्तायुक्त कार्य नहीं किया गया

**भीण्डर,** (निसं)। वल्लभनगर विधानसभा के निमड़ी-हमेरपुरा में बनी नई सड़क तीन माह में टूट गई तो ठेकेदार ने आनन-फानन में सड़क पर पडे गड्डों का पेचवर्क करके पीडब्ल्यूडी विभाग से लाखों का बिल पास करवा दिया। जबकि सड़क निर्माण में किसी भी जगह गुणवत्तायुक्त कार्य नहीं किया गया है।

इसको लेकर ग्रामीणों ने विभाग सहित जनप्रतिनिधियों से सड़क पर पुनः डामरीकरण की मांग रखी, लेकिन पेचवर्क के अलावा ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

निमडी-हमेरपुरा डामरीकृत सड़क के लिए राज्य सरकार ने एक करोड 20 लाख 84 हजार रूपये स्वीकृत किये थे। जिसके तहत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया करके संबंधित फर्म को कार्य आदेश जारी किये थे। विभाग के ठेकेदार ने घटिया सामग्री का उपयोग करके सड़क का निर्माण किया, जिससे तीन माह में ही रोड टूटने लगी। वहीं कई स्थानों पर डामर के नीचे समतलीकरण कार्य सही नहीं होने से गड्डे हो गये हैं।



**भीण्डर के निकट निमडी-हमेरपुरा रोड पर ठेकेदार द्वारा किया गया पेचवर्क।**

- **वल्लभनगर विधानसभा के निमड़ी-हमेरपुरा गांव की सड़क का मामला**

इसको लेकर विभाग को शिकायत करने पर ठेकेदार ने गड्डों को पेचवर्क से भर दिया, लेकिन पूरी सड़क को दूरस्त नहीं किया। इस पर ग्रामीणों ने कि लाखों की सड़क पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए सड़क पर सही समतलीकरण करके पुनः डामर करने की मांग रखी है। वहीं सड़क दूरस्त नहीं होने पर नेताओं को गांव में नहीं आने की चेतावनी भी दी।

# उदयपुर में 24 घंटे में 44 एम. एम. बारिश, फतहसागर के चार गेट खोले

## फतहसागर के गेट खुलने की खबर लगते ही बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़े

**उदयपुर,**(कासं)। झीलों के शहर में बारिश का चक्र एक बार फिर सक्रिय होने से उमस से राहत मिली है। रविवार को हुई बारिश के बाद सोमवार सुबह बारिश का दौर चला। प्रातः आठ बजे समाप्त बीते 24 घंटों में उदयपुर शहर में 44 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई वहीं जलाशयों में एक बार फिर आवक होने से फतहसागर के चारों गेट दो-दो इंच खोल दिए गए है।

- **स्वरूपसागर के दो गेट दो-दो इंच तक खोलकर 80 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है**
- **लेकसिटी में दिनभर बादल छाए रहे। अलसुबह बारिश हुई वहीं दिनभर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा**



फतहसागर के गेट खोलने से बहता पानी।

लेकसिटी में दिनभर बादल छाए रहे। अलसुबह मूसलाधार बारिश हुई वहीं दिनभर रूक-रूककर हल्की बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। बारिश सक्रिय होने से ही ऐतिहासिक फतहसागर झील छलक गई है। फतहसागर झील एक बार फिर ओवरफ्लो हो गई है। मानसून के दोबारा सक्रिय होने से झील में पानी की आवक बढ़ने पर सोमवार दोपहर झील के 4 गेट 2-2 इंच तक खोले गए हैं। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि पिछले दो दिन से अंचल में बारिश का दौर चल रहा है। इससे झीलों में पानी की आवक बढ़ी है। सोमवार को स्वरूपसागर के दो गेट दो-दो इंच तक खोलकर 80 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है।

वहीं बेस्टवियर पर भी दो इंच की चादर चल रही है। इससे 50 क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। फतहसागर झील के भी चार गेट सोमवार दोपहर में दो-दो इंच तक खोले गए हैं तथा इससे 95 क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। इधर, फतहसागर के गेट खुलने की सूचना पर बड़ी संख्या में शहरवासी मौके पर पहुंचे तथा गेट से छलकती जलराशि को देखकर रोमांचित हुए।

## जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय पर किसानों का पड़ाव जारी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय के बाहर बिजली समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने सोमवार को कार्यालय का घेराव कर दिया। बिजली समस्याओं को लेकर किसान पिछले चार दिन से जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय के बाहर पड़ाव डाले हुए हैं। सोमवार को उन्होंने आंदोलन तेज करते हुए डिस्कॉम मुख्यालय का घेराव कर दिया। काफी देर तक उग्र नारेबाजी हुई। इसके बाद पुलिस ने मामला शांत किया। भारतीय किसान संघ के बैनर तले किस पिछले चार दिन से बिजली समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। तीन रात से वे डिस्कॉम कार्यालय के बाहर सड़क पर ही सो रहे हैं। बीती रात को भी तेज बारिश के बावजूद उन्होंने अपना धरना नहीं छोड़ा। सोमवार सुबह आंदोलन कर रहे किसानों पर हो गए और नारेबाजी करते हुए डिस्कॉम मुख्यालय का गेट बंद करवा दिया। किसी को भी कार्यालय के अंदर जाने से रोक दिया। बाद में पुलिस ने सुरक्षा घेरा बनाया और मामला शांत कराया। कृषि सिंचाई की विद्युत आपूर्ति में वॉल्टेज की कमी व ट्रिपिंग की समस्या दूर करने, जले हुए ट्रांसफार्मर को जल्दी बदलने और मांग पत्र जमा करवाने के बावजूद कृषि कनेक्शन नहीं देने जैसे अन्य मुद्दों को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं। शनिवार को डिस्कॉम अधिकारियों और किसानों के बीच वार्ता हुई थी। दो बार वार्ताओं का दौर चला लेकिन समाधान नहीं हो पाया।

# अघोषित विद्युत कटौती से कई गांवों के लोग परेशान

**उनियारा/चौरू,** (निसं)। विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कथित अनदेखी एवं उदासीनता के चलते हुए करीब एक सप्ताह से क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। इससे आमजन का जीवन दुश्वार हो गया है। जानकारी के अनुसार रात्रि के समय दो-दो तीन-तीन घंटे तक आघोषित विद्युत कटौती की जा रहे है।

इससे महिलाओं एवं बच्चों को इस गर्मी एवं उमस के मौसम में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अघोषित विद्युत कटौती के चलते छात्रों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है, छात्र अपना अध्यापन कार्य भी समय पर नहीं कर पा रहे हैं एवं कस्बे की पेयजल व्यवस्था भी चरमरा गई है।

विद्युत विभाग के अधिकारियों से अघोषित विद्युत कटौती के संबंध में जब जानकारी ली जाती है तो विभाग के अधिकारी अघोषित विद्युत कटौती का संतोषजनक जवाब देने के बजाय फोन उठाना भी उचित नहीं समझते हैं। इससे आम उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के चौरू, पचाला, लसाडिया, अमिनपुरा, बराना, बेगमपुरा, सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में एक सप्ताह से दिन रात्रि में दर्जनों बार अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है।

# गंगनहर में सिंचाई के लिए पानी की मांग, ट्रैक्टर रैली निकाली

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। गंगनहर में सिंचाई पानी की मांग के संबंध में सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों ने कलेक्ट्रेट घेर लिया। किसानों ने नई धानमंडी से कलेक्ट्रेट तक ट्रैक्टर रैली निकाली।

किसान नेताओं का कहना था कि नहरों में अघोषित बंदी से किसान परेशान है। उसकी फसलें बर्बाद हो रही है वहीं पीने के पानी का भी कई ग्रामीणों इलाकों में संकट हो रहा है। ऐसे में पंजाब सरकार को चाहिए कि वह किसान हित में गंगनहर में पानी छोड़े। ऐसा नहीं करने पर किसानों में आक्रोश बढ़ेगा।

किसान सुबह नई धान मंडी में एकत्र हुए। यहां से ट्रैक्टर रैली के रूप में शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ये लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां हुई सभा में किसान नेता गुरबलपालसिंह संधू ने कहा कि सरकार उनकी मांग नहीं मान रही है। ऐसे में संघर्ष ही एकमात्र रास्ता है। किसानों ने रोष जताने के लिए महाराजा गंगासिंह चौक पर पर मटके फोड़े। उनका कहना था कि अब तो गांवों में पीने के पानी का भी संकट होने लगा है। ऐसे में पंजाब का अड़ियलरवैया समझ से बाहर है। संधू ने कहा कि मांग के संबंध में अब कलेक्ट्रेट पर क्रमिक अनशन शुरू किया गया है। इसके बावजूद उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया जाता तो किसान आंदोलन तेज करेंगे।

- **संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों ने पानी की मांग पर फोड़े मटके**

इस बीच ग्रामीण किसान मजदूर समिति से जुड़े किसान राजस्थान-पंजाब सीमा पर डटे हुए हैं। इन किसानों ने राजस्थान से पंजाब और पंजाब से राजस्थान को आने वाले वाहनों का रास्ता रोक रखा है। इन लोगों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हो जाती वे हाइवे नहीं छोड़ेंगे।

## राशिफल मंगलवार 22 अगस्त, 2023



पंडित अनिल शर्मा

द्वि. सावन मास (शुद्ध), शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, चित्रा नक्षत्र प्रातः 6:32 तक, शुक्ल योग रात्रि10:17 तक, कौलव करण दिन 2:33 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग प्रातः 8:04 तक है। आज कल्की जयंती, श्रीयाल छठ, वर्ण षष्ठी, मंगला गौरी पूजा है। आज से कल्याण धनी डिग्गीपुरी पद यात्रा आरम्भ होगी।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:17 से 10:54 तक, लाभ-अमृत 10:54 से 2:06 तक, शुभ 3:42 से 5:15 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:05, सूर्यास्त 6:54

**मेष**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग-समन्वय बनेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। बाहर जाना पड़ सकता है।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 21 प्रभात जयपुर, मंगलवार 22 अगस्त, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Jim Corbett had a 'large' respect for Sultana Daku**

He was a serious embarrassment to the British Sakar, claimed Maharana Pratap's lineage, and modeled himself upon him.

**Turning Waste Into Detergents**

"It just screams along. It makes the alkylaromatics faster, & we can tune it to make the right-size molecules."



*एक पूरी नई प्रजाति की खोज करना वैज्ञानिकों के लिए बेहद रोमांचक क्षण होता है, लेकिन, जब उन्हें यह पता चलता है कि यह गंभीर रुप से संकटग्रस्त है तो तकलीफ भी उतनी ही होती है। कीपुन्जी बंदरों को वर्ष 2003 में तंजानिया के कितूलो नैशनल पार्क के अंदर माउन्ट रुंगवे और लिविंगस्टोन माउन्टेन्स के जंगलों व ढलानों पर चिन्हित किया गया। स्थानीय लोगों ने वैज्ञानिकों को इस स्थान पर बंदर होने की सूचना दी थी। फिर उसी वर्ष मई में दक्षिणी हाइलैण्ड्स में बायोडायवर्सिटी सर्वे करते समय वैज्ञानिकों को, अजीब से दिखने वाले इस वानर की पहली झलक मिली और कई महीनों की मशक्कत के बाद वो इस जीव को ठीक से देख पाए। तब जाकर वैज्ञानिकों ने इस बात की पुष्टी की कि, सिर पर मुकुट जैसी तिकोनी कलगी, काले चेहरे और बबून जैसे थूथन वाले बंदर की यह प्रजाति पश्चिमी विज्ञान के लिए बिल्कुल नई है। जुलाई 2004 में तज़ानिया में ही उत्तर पूर्व की तरफ अन्य शोधकर्ताओं को भी एक नया प्राइमेट नज़र आया। सन् 2005 में दोनों टीमों ने मिलकर इस नई प्रजाति के बारे में जर्नल साइन्स में एक पेपर प्रकाशित किया तथा इसे कीपुन्जी नाम दिया और यह भी स्पष्ट किया कि यह एक नई प्रजाति है। माउन्ट रुंगवे और लिविंगस्टोन रेंज फॉरेस्ट, जहां कीपुन्जी वानर की 95 प्रतिशत आबादी बसती थी, नैशनल पार्क में नहीं था। यहाँ पर पेड़ काटना, और पेड़ काटकर कोयला बनाना तथा अवैध शिकार बहुत आम था। बाद में डब्ल्यु. सी. एस. के वैज्ञानिकों ने यहां संरक्षण की मुहिम चलाई। फिर, 2020 में हुए नए सर्वे में, जिसके निष्कर्ष हाल ही में इन्टर नैशनल जर्नल ऑफ प्राइमैटॉलजी में प्रकाशित हुए हैं, यह बात सामने आई कि इस क्षेत्र में अवैध कार्य 81 प्रतिशत तक घट गया है और कीपुन्जी की आबादी भी 65 प्रतिशत बढ़ गई है। तंजानिया सरकार ने कीपुंजी के आवास सहित तमाम क्षेत्र को संरक्षित घोषित कर दिया है और डब्ल्यु. सी. एस. भी यहां पूरी तरह से निगरानी कर रही है।*

# '2024 में एन.डी.ए. का प्रस्तावित वोट शेयर 42.60 प्रतिशत और इंडिया गठबंधन का 40.20 प्रतिशत'

## टाइम्स नाओ के चुनावी सर्वेक्षण ने भाजपा की नींद उड़ाई, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन व विपक्षी गठबंधन में 2 प्रतिशत का ही अंतर है

- **हाल ही में हुए दो चुनाव सर्वेक्षणों में विपक्षी गठबंधन, खासकर कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ा हुआ पाया गया है।**
- **मई माह में हुए सी.एस.डी.एस. सर्वे में भाजपा का वोट शेयर, 2019 के 37 प्रतिशत से बढ़ कर 39 प्रतिशत हो गया है, पर कांग्रेस का वोट शेयर 19 प्रतिशत से बढ़ कर 29 प्रतिशत हो गया है।**
- **सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस को दस प्रतिशत का यह उछाल भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी की बेहतर ब्रैंडिंग तथा दक्षिण भारत व अल्पसंख्यकों में कांग्रेस की स्वीकार्यता बढ़ने और कर्नाटक व हिमाचल में जीत की वजह से मिला है।**
- **सूत्रों के अनुसार, इन नतीजों के आधार पर कोई भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगा। क्योंकि इसमें वो संवेदनशील तत्व या ''शॉक एलिमैंट्स'' शामिल नहीं हैं, जो देश की राजनैतिक दिशा बदल सकते हैं, जैसा वर्ष 2019 के चुनाव से पहले हुए पुलवामा और बालाकोट प्रकरणों ने राजनीति की दिशा को भाजपा के पक्ष में मोड़ दिया था।**

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 अगस्त। हाल ही में कराये गये दो चुनाव पूर्व सर्वे सत्तारूढ़ भाजपा के लिए खतरे की घंटी बजाते प्रतीत हो रहे हैं, वहीं विपक्षी गठबंधन तथा खासतौर से कांग्रेस, के लिए आशाजनक दिखाई दे रहे हैं। मई में हुये सी.एस.डी.एस. सर्वे के अनुसार, भाजपा 2024 में अपने 2019 के वोट शेयर, 37 प्रतिशत को बढ़ाकर 39 प्रतिशत तक पहुँचा देगी, वहीं 2024 में कांग्रेस का वोट शेयर, उसके 2019 के वोट शेयर 19 प्रतिशत से बढ़कर 29 प्रतिशत हो जायेगा। दूसरे शब्दों में, कांग्रेस के वोट शेयर में पिछले लोकसभा चुनावों के वोट शेयर की तुलना में 10 प्रतिशत का उछाल आयेगा। इस स्थिति के आंकलन के पीछे बहुत सारे कारणों का योगदान हैं- भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी की बेहतर ब्रॉन्डिंग, दक्षिणी राज्यों तथा अल्पसंख्यक मतदाताओं में कांग्रेस की बढ़ी हुई स्वीकार्यता, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की चुनावी विजय तथा मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस के अध्यक्ष पद तक पहुँचना।

दूसरा सर्वे जो, "ई.टी.जी. रिसर्च एंड टाइम्स नाउ" द्वारा विपक्षी गठबंधन में एन.डी.ए. का वोट शेयर 42.60 प्रतिशत, जबकि इंडिया का वोट शेयर 40.20 प्रतिशत रह सकता है तथा इस प्रकार, दोनों के वोट शेयर में केवल 2.4 प्रतिशत का अन्तर है। इन आँकड़ों में, बीजू जनता दल तथा वाई.एस.आर. सी.पी. के वोट शेयर को एन.डी.ए. के वोट शेयर में शामिल नहीं किया गया है वहीं बी.आर.एस. का वोट शेयर भी इंडिया ब्लॉक में शामिल नहीं है। जहाँ बीजू जनता दल तथा वाई.एस.आर.सी.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'प्रदेश की सभी बार एसोसिएशन के चुनाव एक ही तारीख को क्यों नहीं हो सकते?'

## हाई कोर्ट ने बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान से 24 अगस्त तक इस सवाल का जवाब मांगा

- **हाई कोर्ट ने बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान से कहा है कि, सभी बार एसोसिएशन के चुनाव एक साथ कराने के संबंध में व्यवहारिक समाधान पेश करें, क्योंकि ''वन बार-वन वोट'' का सिद्धांत तभी लागू हो सकता है, जब सभी बार एसोसिएशन के चुनाव एक साथ हों।**
- **हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ए.जी. मसीह की खंडपीठ ने ये मौखिक निर्देश 28 अगस्त को जयपुर में होने वाले द बार एसोसिएशन चुनाव में शपथ पत्र मांगने से जुड़े मामले में नरेन्द्र सिंह व अन्य की संयुक्त अपील की सुनवाई के दौरान दिए।**

जयपुर, 21 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान (बी.सी.आर.) से पूछा है कि, प्रदेश की सभी बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव एक ही तारीख को क्यों नहीं कराए जा सकते हैं? अदालत ने बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान से कहा है कि, वह एक ही समय सभी एसोसिएशन के चुनाव कराने के संबंध में व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करे और अपना जवाब 24 अगस्त तक पेश करे।

अदालत का कहना था कि, "वन बार-वन वोट" के कानून को तभी लागू किया जा सकता है जब अलग-अलग एसोसिएशन के एक साथ चुनाव हों। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि, अदालत भविष्य में सभी एसोसिएशन के चुनाव एक साथ करवा पाये तभी फर्जी एफिडेविट दायर करने और वोटर लिस्ट में अपात्र लोगों को जुड़वाने की समस्या से निपटा जा सकेगा। परंतु अदालत ने कहा कि, वो 24 तारीख को ही यह फैसला लेगी कि इस वर्ष हो चुके और होने वाले एसोसिएशन के चुनाव एक साथ ही कराने हैं या नहीं। अब चर्चा यह है कि, इस वर्ष एसोसिएशनस के जो चुनाव हो चुके हैं उनको भी रद्द किया जा सकता है।

चीफ जस्टिस (सी.जे.) ए.जी. मसीह व जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह मौखिक निर्देश, द बार एसोसिएशन, जयपुर के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव में शपथ पत्र मांगने से जुड़े मामले में नरेन्द्र सिंह व अन्य की संयुक्त अपील पर दिए।

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने द बार एसोसिएशन के चुनाव पर कहा कि, ये कैसा चुनाव है, जिसमें कोई समय सारिणी ही तय नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे, अधिवक्ता अभिनव शर्मा ने बताया कि इस चुनाव में नामांकन की तारीख के बाद मतदाता सूची तय हो रही है। उन्होंने बताया कि, नामांकन की सूची की तारीख 11 अगस्त को समाप्त हो चुकी थी परंतु वोटर लिस्ट 21 तारीख को फाइनल की गई है। उन्होंने कहा कि, उम्मीदवारों का वोटर लिस्ट में नाम भी बाद में जोड़ा गया है और कई तो अभी भी वंचित हैं। उन्होंने कहा कि, एक उम्मीदवार को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज़्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क - 94602 07080

# गृह मंत्रालय सर्वाधिक भ्रष्ट?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 अगस्त। दिल्ली कांग्रेस के नेता देवेन्द्र यादव ने "सैंट्रल विजिलैंस आयोग (सी.वी.सी.) की वर्ष 2022 में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए पूछा है कि क्या अमित शाह का

- **दिल्ली कांग्रेस के नेता देवेन्द्र यादव ने सी.वी.सी. की रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया। रिपोर्ट के अनुसार केन्द्रीय मंत्रालयों में भ्रष्टाचार की 1.15 लाख शिकायतें मिली हैं, इनमें से 46, 643 शिकायतें अकेले अमित शाह के गृह मंत्रालय की हैं।**

गृह मंत्रालय सर्वाधिक भ्रष्ट है?

उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में सर्वाधिक शिकायतें गृह मंत्रालय के बारे में मिली है। सी.वी.सी. रिपोर्ट कहती है कि विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों व उनके अफसरों के खिलाफ 1, 15, 203

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुतिन ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने दक्षिण अफ्रीका क्यों नहीं जा रहे हैं?

## क्या पुतिन को गिरफ्तार किए जाने का डर है

- **इंटरनैशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पुतिन के खिलाफ ''वॉर क्राइम'' के मामले में वारंट जारी कर रखा है। दक्षिण अफ्रीका इंटरनैशनल क्रिमिनल कोर्ट एग्रीमैंट में शामिल है और अगर पुतिन ने दक्षिण अफ्रीका में कदम रखा तो वहां के राष्ट्रपति उन्हें गिरफ्तार करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।**
- **इसलिए यह समाधान निकाला गया है कि, पुतिन ब्रिक्स शिखर वार्ता को ''वर्चुअली'' संबोधित करेंगे।**

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 अगस्त। रूस कैसी बुरी स्थिति में पहुँच गया है। जो रूस कभी, अमेरिका की टक्कर में, दूसरी इकलौती सुपर पावर था, आज उसी रूस के राष्टपति व्लादिमिर पुतिन दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स नेताओं के सम्मेलन में शामिल होने की स्थिति में नहीं हैं।

और इस स्थिति के कारण हैं, खुद व्लादिमिर पुतिन। वे अपने साथ अपने देश को भी घसीट ले गये हैं तथा इतिहास के एक अप्रासंगिक दृश्य का शिकार बन के रह गये हैं। पुतिन ने उस रूस का स्वप्न देखा था, जो कुछ समय पूर्व, पूर्वी यूरोप के बहुत बड़े हिस्से तक फैला हुआ था।

उस पुराने और भुला दिये गये अतीत को हासिल करने की कोशिश में, पुतिन ने यूक्रेन पर हमला किया था ताकि उस देश को 21वीं सदी के रशियन एम्पायर में शामिल किया जा सके, मानो, उनका देश प्रबंध-क्षमता के हिसाब से पहले से ही बड़ा नहीं था। ज्ञातव्य है कि रूस का विस्तार ग्यारह टाइम-ज़ोन्स में है। पुतिन उसे और विशाल देखना चाहते थे और यूक्रेन को तो वे तत्काल ही अपने देश का हिस्सा बनाना चाहते थे।

जैसा कि लोग कहते हैं। तब से सब कुछ इतिहास बन कर रह गया। पुतिन विश्व समुदाय से अलग-थलग कर दिये गये और अब वे बिल्कुल अकेले पड़ गये हैं तथा कूटनीतिक जुड़ाव के लिये, अब उनके पास गिने-चूने विकल्प ही बचे हैं, और वे भी कम होते जा रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने घोषणा की कि पुतिन और खुद उन्होंने परस्पर सहमति जताई है कि पुतिन शिखरवार्ता में शामिल नहीं होंगे और वार्ता को "वर्चुअली" संबोधित करेंगे। पुतिन की अनुपस्थिति के पीछे कारण है इंटरनैशनल क्रिमिनल कोर्ट द्वारा उनका "इनडिक्टमैंट (अभ्यारोपण)।

दक्षिण अफ्रीका भी इंटरनैशनल क्रिमिनल कोर्ट एग्रीमैंट का हस्ताक्षरकर्ता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति त्यागी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 अगस्त। कर्नाटक की अब अपनी शिक्षा नीति होगी, यह घोषणा की है राज्य के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने। उन्होंने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति त्यागने का फैसला कर लिया है जिसे वर्ष 2021 में अपनाया गया था।

- **कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने घोषणा की कि, अगले शिक्षा सत्र से कर्नाटक में राज्य शिक्षा नीति लागू की जाएगी।**

कर्नाटक पहला राज्य था जिसने देश की शिक्षा नीति को स्वीकार किया था। तब राज्य में भाजपा सरकार थी जो एच.डी. कुमारास्वामी की सरकार गिराकर सत्ता में आई थी।

राज्य में नए शिक्षा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को त्यागने का निर्णय महत्वपूर्ण है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अब कांग्रेस कर्नाटक में "ऑपरेशन हस्त" शुरू करेगी, भाजपा विधायकों को तोड़ने के लिए

## ये वो विधायक हैं, जिन्हें भाजपा ने 2019 में "ऑपरेशन कमल" अभियान से तोड़ा था और कांग्रेस की सरकार गिरा दी थी

- **इस ''ऑपरेशन हस्त'' के सूत्रधार राज्य के उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख डी.के. शिवकुमार हैं।**
- **कांग्रेस ने इसे अपने ही विधायकों की घर वापसी की संज्ञा दी है। कांग्रेस ने अगले लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में भाजपा को करारी मात देने के लिए यह अभियान शुरू किया है, क्योंकि ये विधायक 12 लोकसभा सीटों को प्रभावित कर सकते हैं।**
- **भाजपा पूरी कोशिश में है कि, इन विधायकों को अपने पास रख पाए, इसके लिए बी.एस. येद्दियुरप्पा को भी मैदान में उतारे जाने की तैयारी है।**

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 अगस्त। ऐसा नहीं कि केवल भाजपा ही विपक्षी सरकार को गिराने के लिये या अपने संख्या बल में वृद्धि करने के लिये अन्य पार्टियों के विधायकों को तोड़ती हो, कांग्रेस भी उसके साथ वैसा ही सुलूक कर सकती है। कर्नाटक में विपक्षी भाजपा अब इस संभावना की तह में पहुंचने में लग गई है कि उसके कुछ नये विधायक अपनी मूल पार्टी में "घर वापसी" की ओर बढ़ रहे हैं।

कांग्रेस के निशाने पर उसके वे पूर्व सदस्य हैं जो साढ़े चार साल पहले एच.डी. कुमारास्वामी सरकार को गिराने के लिये भाजपा में चले गये थे। भाजपा के विधायकों की "शॉपिंग" का मानस बनने का कांग्रेस का कारण यह नहीं है कि उसे विधानसभा में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिये नये सदस्यों की जरूरत है क्योंकि उसके पास पहले ही अच्छा-खासा बहुमत है। दरअसल वह तो कर्नाटक में अपनी लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाना चाहती है, जहां पिछले आम चुनावों में भाजपा ने इकतरफा जीत हासिल की थी। लेकिन कांग्रेस केवल उन्हीं भाजपा नेताओं को निशाना नहीं बना रही, जो पहले कांग्रेस में थे, वह जनता दल (सेकुलर) के कुछ विधायकों को भी अपनी ओर खींच रही है।

कर्नाटक के राजनैतिक हल्कों में ऐसी अटकलें जोरों पर हैं कि, जनता दल (एस)-कांग्रेस सरकार को गिराने वाले कांग्रेस के कुछ पूर्व बागी घर वापसी के लिये राजी किये जा रहे हैं। इस ऑपरेशन "हस्त" के संचालक के पी.सी.सी. अध्यक्ष तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार हैं। अन्य पार्टियों के नेताओं के साथ भी उनके व्यक्तिगत संबंध बहुत अच्छे हैं तथा भाजपा के कुछ असंतुष्टों तथा जनता दल (एस) विधायकों के साथ उनकी मीटिंग हो चुकी हैं।

जिन प्रमुख हस्तियों के द्वारा घर वापसी किये जाने की उम्मीद है, उनमें भाजपा विधायक तथा पूर्व मंत्री एस.टी. सोमशेखर भी शामिल हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया से भेंट की थी। वे उन 14 पूर्व कांग्रेसी विधायकों में से हैं, जो 2019 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे तथा एच.डी. कुमारास्वामी सरकार गिर गई थी।

जनता दल (एस) नेता अयानूर मंजूनाथ, जो पहले कांग्रेस में थे, फिर भाजपा में गये तथा इसके बाद फिर जे.डी. (एस) में पहुंच गये, भी डी.के. शिवकुमार से मिल चुके हैं तथा उनके जल्दी ही कांग्रेस में शामिल होने की अफवाहें हैं। लेकिन कांग्रेस में मंजूनाथ की वापसी का विरोध भी हो रहा है। भाजपा नेता सी.टी. रवि ने भाजपा विधायकों की चोरी की अनुमानित कोशिश की निंदा की है।

पूर्व कांग्रेसी विधायकों की घर वापसी से संबंधित अफवाहों की आग में घी डालते हुए, शिवकुमार ने कहा, "हमें संख्या बल के लिये किसी की जरूरत नहीं है लेकिन में लोगों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बिहार कास्ट सर्वे पर केन्द्र 7 दिन में जवाब दे'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 अगस्त। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को उन याचिकाकर्ताओं से कह दिया, जिन्होंने पटना उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें बिहार सरकार को जातिगत सर्वे को जारी रखने के लिये कह दिया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वह इस कवायद पर तब तक

- **कोर्ट ने कहा, जब तक कोई मामला नहीं बनता तब तक बिहार कास्ट सर्वे पर रोक नहीं लगायी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को एक और मौका देते हुए 7 दिन का समय दिया, बिहार कास्ट सर्वे के विरोध में अपना पक्ष रखने के लिये।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस की पैनल बनाने की विवादित प्रक्रिया हुई शुरू

## विधायक और हारे हुए उम्मीदवारों पर निर्भरता से उभरने लगे विवाद

■ ब्लॉक, जिला से लेकर प्रदेश कांग्रेस तक पैनल बनाने की प्रक्रिया चलेगी 31 अगस्त तक

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस की टिकट वितरण की प्रक्रिया शुरू होने से पहले दावेदारों से बायोडाटा लेने और पैनल बनाने की प्रक्रिया ब्लॉक कांग्रेस की बैठक से शुरू होगी और इसके लिए 21 से 24 अगस्त का समय निर्धारित किया गया है। हालांकि 21 अगस्त को अधिकांश ब्लॉक में बैठक नहीं हुई है और 22 अगस्त से ब्लॉक एरिया में बैठकों का दौर शुरू होगा और उसमें दावेदार अपना दावा पेश कर सकेंगे। ब्लॉक की बैठकों के लिए जिला कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस की ओर से विधानसभा वार नेताओं को बैठकों में जाकर प्रक्रिया पूरी करवाने की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश कांग्रेस ने निर्धारित किया है कि 21 से 24 अगस्त तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैठक करके दावेदारों से बायोडाटा लेंगे और फिर ब्लॉक अध्यक्ष की टिप्पणी सहित 3 से 5 नामों का पैनल बनाकर जिला कांग्रेस को भेजा जाएगा। हालांकि ब्लॉक की बैठकों को लेकर विवाद होने की पूरी संभावना है, क्योंकि कांग्रेस में पिछले 25 साल से चली आ रही परंपरा के अनुसार विधायक या विधायक प्रत्याशी के कहे अनुसार ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाते हैं। ऐसे में ब्लॉक की बैठकों में बहुत सारी जगह से इस तरह की शिकायतें पहले ही मिलना शुरू हो गई है कि ब्लॉक अध्यक्ष विधायक या विधायक प्रत्याशी के कहे अनुसार ही लोगों को सूचना दे रहे हैं। जो लोग विधानसभा चुनाव के लिए किसी क्षेत्र में मजबूत दावेदार है, तो विधायक या विधायक प्रत्याशी उन्हें सूचना से वंचित रखने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में बैठकों में बहुत सारी जगह विवाद उभरकर आने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि ब्लॉक में यदि कोई अपना दावा प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसके लिए जिला कांग्रेस के दरवाजे भी खुले हैं और 24 अगस्त के बाद में दावेदार जिला कांग्रेस में जाकर अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर सकता है और जिला कांग्रेस भी ब्लॉक से आए पैनल और खुद के पास आए बायोडाटा के आधार पर तीन लोगों के पैनल बनाकर प्रदेश कांग्रेस को भिजवाएगी। उसके बाद प्रदेश कांग्रेस की चुनाव समिति उन पैनल पर विचार करके अपने पास आने वाले नामों में से यदि कोई मजबूत नाम है,तो उनको भी शामिल करते हुए अंतिम पैनल तैयार करके प्रदेश की स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई को सौंपेगी।

वहीं यदि ब्लॉक, जिला और प्रदेश कांग्रेस के पैनल में आने से कोई मजबूत दावेदार वंचित रह जाता है, या उसका बायोडाटा नहीं पहुंचता है, तो वह दावेदार सीधे स्क्रीनिंग कमेटी से भी मिलकर अपने मजबूत दावे के प्रमाण दे सकता है और यदि स्क्रीनिंग समिति उचित समझेगी, तो उसे नाम को पैनल में शामिल कर सकती है। ऐसे किस तरह से ब्लॉक से लेकर प्रदेश और स्क्रीनिंग समिति तक बायोडाटा लेने और पैनल बनाने का काम 31 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद टिकट वितरण और उम्मीदवारी तय होने की सारी जद्दोजहद दिल्ली शिफ्ट हो जाएगी। उसके बाद नेताओं से लेकर दावेदार दिल्ली में ही जोर आजमाइश करते नजर आएंगे।

## प्रदेश में जानबूझकर अराजकता का वातावरण पैदा किया जा रहा है : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि अलवर में खाटूश्याम जा रही पदयात्रा की बस पर हमले की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। शांतिप्रिय राजस्थान में उपद्रवियों को कानून व्यवस्था का कोई भय नहीं है। कांग्रेस सरकार के संरक्षण में जानबूझकर प्रदेश में अराजकता का वातावरण पैदा किया जा रहा है।

राठौड़ ने कहा कि राज्य में धार्मिक आस्थाओं पर हमले की यह पहली घटना नहीं है। चूरू के सुजानगढ़ में प्रसिद्ध सालासर धाम में राम दरबार को तोड़ा गया, करौली में हिन्दू नववर्ष पर जूलूस पर हमला हुआ, जोधपुर में स्वतंत्रता सेनानी बालमुकुंद बिस्सा की मूर्ति तोड़ने पर दंगे हुए और राजगढ़, अलवर में 300 साल पुराने मंदिर को तोड़ा गया। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति का ही परिणाम है कि प्रदेशभर में हिन्दूओं की आस्था पर लगातार चोट पहुंचाई जा रही है। राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिये।

# देशभर की 23 प्रमुख हस्तियों के साथ डॉ. सतीश पूनिया सम्मानित



वाराणसी में कैरेक्टर ट्री सम्मान से राजस्थान के उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया को सोमवार को सम्मानित किया गया।

**वाराणसी**। उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को वाराणसी में देशभर की विभिन्न क्षेत्रों की 23 प्रमुख हस्तियों के साथ राजनीतिक क्षेत्र में विशिष्ट नवाचारों के लिए पुरुषोत्तम करैक्टर ट्रीसम्मान से सम्मानित किया गया। करैक्टर ट्रीसम्मान समारोह को संबोधित करते हुये डॉ. पूनिया ने कहा कि, वैसे तो इस सम्मान से बड़ा आज श्री गुरुजी के श्रीमुख से पुरुषोत्तम का विवेचन था, जितने विराट भगवान राम जी हैं उतना ही विराट विवेचन स्वामीजी ने किया है। मुझे पता नहीं मैं इस पुरस्कार के लायक हूं या नहीं हूं, मुझे यह भी नहीं पता कि इस पुरस्कार के लिए गुरुजी ने मुझे क्यों चुना है। राजनीति और राजनेताओं के बारे में देश में धारणा अलग है, पर जैसा स्वामी जी ने पुरुषोत्तम की मीमांसा में कहा, राम संधि, समन्वय और लोकतंत्र का प्रतीक हैं, उसके प्रारूप हैं। भगवान राम में और भारत में साम्यता दिखती है, इसलिए भारत का नेतृत्व आज एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की बात करता है। मैं छोटी काशी जयपुर से आया हूं बड़ी काशी वाराणसी में, जहां गंगा का प्रवाह है और उस गंगा की गोद में खेलता हिंदुस्तान, उस हिमालय को अभिनंदन करता है, हिमालय बने प्रेरणा, मुक्ति का मार्ग गंगा हो, भारत में फिर से जन्म हो, पहचान फिर से तिरंगा हो। मुझे लगता है कि काशी में आकर जो समन्वय और संगम दिखता है, मैंने कल यही लिखा था और गुरुजी ने कहा था कि थोड़े शब्दों में एक हस्ताक्षर चाहिए तो मैंने लिखा, आध्यात्मिक ऊर्जा और सुकून वो इस काशी में मिलता है।

बता दें कैरेक्टर ट्री सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को सम्मानित किया गया, जिसमें पुरुषार्थ आश्रम हरिद्वार के श्री महामनीषी निरंजन स्वामी महाराज, राजनीतिक क्षेत्र में डॉ. सतीश पूनिया, प्रसिद्ध गायक उदित नारायण, फिल्म अभिनेता सौरभ शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव, लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आलोक राय, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन के रवि जैन, पर्यावरणविद श्री श्री भगवान, कार्डियोलॉजिस्ट केजीएमयू लखनऊ के डॉ. शरद चंद्रा, उद्योगपति सुधीर बिंदलास, उद्योगपति अभय सिंह, फिल्म निर्माता-निर्देशक अर्जुन नित्तूर , महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपूर्वा बजाज, टीवी कलाकार तारिक शेख, सीनियर टीवी चैनल जर्नलिस्ट सौरभ शुक्ला इत्यादि सहित विभिन्न क्षेत्र की विभूतियां को सम्मानित किया गया।

# ''याद करोगे'' पुस्तक का विमोचन




कविवर अब्दुल अय्यूब गौरी की पुस्तक ''याद करोगे'' का विमोचन सोमवार को किया गया।

**जयपुर**, (का.सं.)। कविवर अब्दुल अय्यूब गौरी की पुस्तक ''याद करोगे'' के विमोचन समारोह में विष्णु दास नागा महाराज ने कहा इस पुस्तक के दोहे आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षाप्रद शिलालेख हैं जिसके लिए कविवर गौरी को सदैव याद किया जाएगा।

उक्त आयोजन गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्यजी, विष्णुदास नागा महाराज, मौलाना शमशुल हसन इमाम मदीना जामा मस्जिद, सूर्योदय सिंह गुरुद्वारा पानीपेच, फादर डॉक्टर विजयपाल सिंह के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में कविवर टीकमचंद बोहरा, किशोर कुमार अग्रवाल संरक्षक कर्मचारी फेडरेशन, डिप्टी कमिश्नर करणी सिंह, पूर्व कमिश्नर बीएल यादव, कवि शायर तबस्सुम रहमानी, मंजू शर्मा व सर्व समाज के नागरिक, कवि शायर, मौजूद थे। संचालन कलाम भारती द्वारा किया गया। उक्त आयोजन ख्वाजा गरीब नवाज अमन कमेटी द्वारा कंचन दीप विवाह स्थल झोटवाड़ा पर आयोजित किया गया।

डॉ मेजर रिजवान गौरी, इमरान गौरी हाजी मकसूद खान, हाजी रसूल खान, फारुक गनेड़ी सूबेदार भंवर अली, इलियास खान अल्लादीन खान, मोहित अग्रवाल द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। पूर्व जिला जज अयाज मोहम्मद द्वारा आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## राज्यपाल ने रुद्राभिषेक किया

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन स्थित राजराजेश्वर मंदिर में भगवान श्रीशिव का विशेष रुद्राभिषेक किया। उन्होंने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र सहित परिजनों के साथ देवाधिदेव महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना की।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है और सावन का पूरा महीना ही भगवान महादेव की आराधना के लिए समर्पित है। उन्होंने इस अवसर पर देश और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए भगवान से कामना की।

# वीसी से पेश हुए सीएम गहलोत

**जयपुर**, (का.सं.)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी घोटाले मामले में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह व उनके परिवारजनों के खिलाफ की गई बयानबाजी के आपराधिक मानहानि मामले में सीएम अशोक गहलोत वीसी के जरिए पेश हुए। अदालत ने उनकी उपस्थिति को रिकॉर्ड करते हुए मामले की सुनवाई 28 अगस्त को रखी है। वहीं अदालत ने परिवादी के वकील को कहा है कि वह केस से जुडे दस्तावेज सीएम गहलोत के वकील को मुहैया कराए। सीएम गहलोत की वीसी के जरिए उपस्थिति के दौरान उनके वकील ने कहा की कानूनन ऐसे मामलों में परिवादी की उपस्थिति जरूरी है। परिवादी को हर पेशी पर कोर्ट में हाजिर होना जरूरी है या उसे कोर्ट से उपस्थिति की छूट लेनी चाहिए। ऐसे में प्रकरण के परिवादी गजेंद्र सिंह को भी अदालत में उपस्थित होने निर्देश दिए जाए। गौरतलब है कि केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने दिल्ली की निचली अदालत में संजीवनी घोटाले मामले में सीएम गहलोत के ओर से उनके खिलाफ बयानबाजी करने पर गहलोत पर आपराधिक मानहानि का परिवाद पेश किया है। जिस पर सुनवाई करते हुए एसीजेएम कोर्ट ने सीएम गहलोत को समन जारी कर तलब किया था।

## रोडवेज बसों में मिलेगी 50 प्रतिशत छूट

**जयपुर**। मुख्यमंत्री की घोषणा में लक्खी मेलों में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों के किराये में मिलने वाली रियायत को 30 प्रतिशत से बढाकर 50 प्रतिशत किया गया था। छूट के दायरे में शामिल लक्खी मेलो की संख्या को भी 3 से बढ़ाकर 15 किया गया था।

# भाजयुमो का युवा प्रतिनिधि सम्मेलन कल

**जयपुर**। भाजपा द्वारा प्रदेश के युवा प्रतिनिधियो का सम्मेलन बिरला ऑडिटोरियम में 23 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। जिसके मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, सहित समस्त प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने दी।

# मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता को 2023 तक का दें हिसाब : सी.पी. जोशी

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विजन एवं मिशन पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का ना कोई विजन, ना कोई मिशन, अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने का एक मात्र ढोंग। जनता ने आपको 2018 में मिशन 2023 दिया था, जिसमें आपकी सरकार का रिपोर्ट कार्ड शून्य है। इस समयावधि में आपने प्रदेश को विकसित करने के लिए क्या कार्य किए? जनता आपकी सरकार के कार्यों की असलियत को जानती है। अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने और प्रदेश की जनता को भ्रमित करने के लिए ऐसी बात कर रहे हैं। अगर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड बनाया जाए तो महिला अपराध और दुष्कर्म में प्रदेश को नंबर एक बनाने का काम, दलित अत्याचार में प्रदेश को नंबर एक बनाने का काम, माफियाओं के द्वारा युवाओं की नौकरियों को बेचने का काम, किसानों से धोखेबाजी, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, महंगाई, पेपर लीक, खनन माफिया की मनमानी जैसी नकारात्मक उपलब्धियां ही नजर आएंगी। प्रदेश के लोगों को सवा चार साल अपनी थोथी घोषणाएं, तुगलकी फरमान, महंगाई से त्रस्त करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार अंतिम समय में जनता के लिए राहत कैंप लगाती है और उम्मीद करती है कि उसे पुन: अगले 5 वर्षों के लिए सत्ता मिल जाए, उसे नैतिक रूप से ऐसी बातें करने का अधिकार नहीं है।

# जो राशि जेल के लिए खर्च कर रहे हैं, उससे कम बजट में आबादी से दूर हो सकते हैं जेल : हाईकोर्ट

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में कैदियों के कल्याण और जेल के हालातों के मामले में राज्य सरकार को सुझाव दिया है। अदालत ने कहा है कि मौजूदा जेल परिसर घनी आबादी के बीच स्थित हैं। ऐसे में यहां राशि खर्च करने के बजाए जेल परिसर को ही आबादी से दूर शिफ्ट कर दिया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि जालंधर सहित अन्य कई जगहों पर जेल को आबादी से दूर शिफ्ट किया गया है। इससे होने वाला खर्च अभी संसाधनों पर हो रहे खर्च से कम ही रहेगा। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार से पूर्व में दिए आदेश की पालना को लेकर 16 नवंबर तक का समय दिया है। सीजे एजी मसीह और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अदालती आदेश के तहत जेल सुधार के काम कराए जा रहे हैं। वीसी के जरिए कैदियों की पेशी भी बढ़ाई गई है। इस पर अदालत ने राज्य सरकार की प्रशंसा की। वहीं न्यायमित्र प्रतीक कासलीवाल की ओर से कहा गया कि जेल में मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति लंबित चल रही हैं। सीसीटीवी पर्याप्त नहीं है और रिकॉर्डिंग स्टोरेज की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। कैदियों की परिजनों से बातचीत के लिए लैंडलाइन फोन भी अपर्याप्त हैं। न्यायमित्र ने कहा कि विचाराधीन कैदियों में से करीब आधे कैदियों की पेशी ही नहीं हो पा रही है। इसके अलावा जयपुर और जोधपुर के अलावा महिला बंदियों के लिए अलग जेल नहीं है। ऐसे में अन्य जेलों में उन्हें सेल से जेल परिसर में घूमने की छूट मिलनी चाहिए। इसके साथ ही कैदी की अप्राकृतिक मौत होने पर मुआवजे के उचित मापदंड बनाए जाने चाहिए। कई जेलों में क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने राज्य सरकार से आदेश की पालना को लेकर रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को 45 बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए थे।

# 'जिस रिपोर्ट के आधार पर किया मेयर का निलंबन, उसका ब्यौरा पेश करें'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर के निलंबन मामले में राज्य सरकार से कहा है कि वह उस अंतरिम रिपोर्ट का ब्यौरा अदालत में पेश करें, जिसे निलंबन का आधार बनाया था। वहीं अदालत ने सुनवाई मंगलवार को तय की है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश मुनेश गुर्जर की याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विज्ञान शाह ने कहा कि प्रारंभिक जांच किए बिना निलंबन नहीं हो सकता। राज्य सरकार ने 5 अगस्त के निलंबन आदेश से पहले तथ्यों की कोई भी जांच नहीं की है और गलत तथ्यों पर उसे जल्दबाजी में निलंबित किया है। उस पर आरोप है कि उसके पति ने पट्टे जारी करने के नाम पर उसकी उपस्थिति में दलाल से दो लाख रुपए की रिश्वत ली। वहीं उसके घर से 40 लाख रुपए से ज्यादा रकम बरामद हुई है। जबकि पंचनामे में याचिकाकर्ता के बयान दर्ज हैं कि घटना के तीन दिन पहले उसके ससुर ने अपना प्लॉट बेचा था, जिसके रुपए घर में रखे थे। एफआईआर में भी उसका नाम नहीं है और सह आरोपी बनाए नारायण सिंह के घर से बरामद दो लाख रुपए का संबंध उससे नहीं है। ऐसे में उसका निलंबन रद्द किया जाए। वहीं एजी एमएम सिंघवी ने कहा कि जिस दिन हेरिटेज मेयर को निलंबित किया था। उस दिन ही प्रारंभिक जांच के आदेश दे दिए थे और अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई थी। मेयर शहर की प्रथम नागरिक होता है। उससे भ्रष्टाचार की अपेक्षा नहीं की जा सकती। मेयर के घर छह फाइले मिली थी। जिसमें रिश्वत लेकर साइन कराने थे। गौरतलब है कि एसीबी ने रिश्वत लेकर पट्टा जारी कराने की एवज में निलंबित मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर और दलाल नारायण सिंह व अनिल को गिरफ्तार किया था। वहीं बाद में राज्य सरकार ने मुनेश गुर्जर को मेयर पद से निलंबित कर दिया था।

# भाजपा में आज रहेगा बैठकों का दौर

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को बैठकर का दौड़ जारी रहेगा। इस दौरान भाजपाइयों को संगठन के विस्तार एवं चुनाव में जीत का मंत्र देने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष आएंगे। बीएल संतोष भाजपा मुख्यालय में चुनाव प्रबंधन एवं संकल्प पत्र समिति की बैठक लेंगे। वही प्रदेश भाजपा मीडिया एंव सोशल मीडिया की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन ''होटल क्लार्क आमेर'' जेएलएन मार्ग पर मंगलवार सुबह किया जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश के सभी मीडिया एंव सोशल मीडिया पदाधिकारियों सहित संगठनात्मक जिलों से जिला मीडिया संयोजक और सह-संयोजकों सहित प्रदेश प्रवक्ता और पैनलिस्ट मौजूद रहेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में मीडिया एंव सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, समन्वय, प्रबंधन, कार्य विभाजन, प्रेसवार्ता, डिबेट, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और मीडिया टीम से अपेक्षाओं पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड संबोधित करेंगे।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना-** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सॉंभरिया, पटवार हल्का सॉंभरिया, भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र सॉंभरिया तहसील बस्सी जिला जयपुर में खाता संख्या नया 373 व पुराना 252 खसरा नम्बर 259/8 रकबा 0.1897 है. व खसरा नम्बर 862/259 रकबा 1.9093 है. कुल रकबा 2.0990 हैक्टेयर में से हिस्सा जो कि मन्ना लाल मीणा पुत्र श्री चौथू राम मीणा निवासी ग्राम रायपुरिया खुर्द, बदपदमपुरा, देवकीनंदनपुरा, चाकसू के खातेदारी काश्त की भूमि स्थित है जो कि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। यह कि श्री मन्ना लाल के हिस्सा कृषि भूमि को श्रीमती मिश्री देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश निवासी ग्राम ठेकडा, रामगढ़ ने क्रय करने का इकरार किया है। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि में सम्पर्क करें। सूचित रहें।
जयपुर भवदीय, मिश्री देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश,
दिनांक: 21.8.23 निवासी ग्राम ठेकडा, रामगढ़, जिला दौसा
जरिये, नरेन्द्र मोहन शर्मा, एडवोकेट, मो.: 9414322197

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार सिविल (मुतफर्रिक) वाद सं. 804/2023
**विषय:- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**
प्रार्थी :
शुभन कॉल पुत्र स्व. श्री किशनलाल कॉल आयु 74 वर्ष, निवासी-फ्लैट संख्या-505, श्री गोवर्धन हाईट्स, मुहाना मण्डी रोड, ईस्कॉन मंदिर के पीछे, मानसरोवर, जयपुर राजस्थान, स्थायी निवासी-225 एवं 256, पदमावती-ए कॉलोनी, निर्माण नगर, जयपुर, राजस्थान
मृतक- **श्रीमती संतोष कान्तु** की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक :- 8.9.2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक **श्रीमती संतोष कान्तु** पत्नि श्री पी.एल. कान्तु पुत्री श्री किशनलाल कॉल **निवासी-225 एवं 256, पदमावती-ए कॉलोनी, निर्माण नगर, जयपुर, राजस्थान**, का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 8 माह 9 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 14 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
(मुहर) आज्ञा से

**नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)
(आयोजना प्रकोष्ठ)
क्रमांक :- एफ-13( )उपा.आयोजना/बनि./2023/345 दिनांक : 21/08/23
सार्वजनिक विज्ञप्ति
विषय :- राजस्थान नगर पालिका ( भू-उपयोग परिवर्तन ) नियम 2010 के नियम 4 ( 1 ) के अन्तर्गत आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति।
नगर निगम, जयपुर में निम्न वर्णित भूखण्ड धारक ने कॉलम 4 में वर्णित मास्टर विकास योजना 2025 ( जयपुर रीजन ) में निर्धारित भू-उपयोग का कॉलम 5 में वर्णित भू-उपयोग हेतु आवेदन किया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम, भूखण्ड संख्या योजना का नाम | भूखण्ड का क्षेत्रफल व उपयोग | मास्टर प्लान ( 2025 ) अनुसार भू-उपयोग | आवेदक द्वारा चाहा गया भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मै0 स्काई लाईट बिल्डकॉम जरिए पार्टनर श्री कैलाश चन्द गुप्ता भू0 सं0 78/13 बी ( 7-आर -1 ) शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर | 1120.00 वमी. ( आवासीय ) | मिश्रित | मिश्रित |

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति/सुझाव हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की अवधि तक अपनी आपत्ति/सुझाव कारणों सहित नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के आयोजना शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।
महेन्द्र सोनी (IAS) आयुक्त नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**कार्यालय तहसीलदार**
**(भू.अ.) तहसील-पावटा**
क्रमांक-148-150 दिनांक-21/8/23
**प्रेस विज्ञप्ति**
सर्व साधारण को जरिये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में ग्राम पावटा के ख.न.1779/2399 रकबा 0.30 है. किस्म गै.मु.आबादी के राजस्व रिकॉर्ड में ''स्थगन सिविल कोर्ट'' का अंकन हटाये जाने का प्रकरण विचाराधीन हो, उक्त ख.न. पर अंकित स्थगन सिविल कोर्ट में किसी न्यायालय का नाम, मु.न., उनवान, स्थान आदि का उल्लेख नहीं है। उक्त प्रकरण से हितबद्ध व्यक्ति किसी भी प्रकार की सूचना, दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत करना चाहे तो स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से कार्यालय समय में दिनांक 28/8/23 तक प्रस्तुत कर सकता है।
**तहसीलदार (भू.अ.)**
**तहसील-पावटा**
**जिला-कोटपूतली-बहरोड**

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**
**(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)**
**अज अदालत अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्रम संख्या-4, जयपुर-प्रथम**
**दुर्गालाल बनाम मदनमोहन तिवाडी**
**दावा बाबत CMA**
**मुकदमा नं. अपील नं.63 सन् 2015**
**Cis No. (14/2015)**
**बनाम- (1) Smt. Usha Devi Widow, 2. Vandana Daughter In Law, 3. Mapel Mohal, Grand Son, 4.Karan, Grand Son, 5. Smt. Ritu W/o Rajeev, Daughter, 6. Smt. Shikha W/o Ashok, Daughter R/o Tiwari Ki Dharmshala, Sadar Thane Ke Pas, Station Road, Jaipur**
मुसम्मी...वल्द.... कौम..... साकिन..... परगना.. चूंकि..... ने इस अदालत में तारीख..... माह..... सन् 20.... को 1...... बनाम 2...... दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि..... मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी..... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3......बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1..... आपको तारीख 1 माह 9 सन् 2023 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 18 माह 8 सन् 2023 को जारी किया गया।
**आज्ञा से-रीडर/शरिस्तेदार**
मोहर अदालत **अपर जिला एवम् सैशन न्यायाधीश क्रम-4, जयपुर महानगर (प्रथम)**

**खोया पाया**
मेरे मकान 13/329 प्रथम तल मालवीय नगर जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, डिक्लेरेशन, डिमाण्ड लैटर, कार्यालय आदेश, नियमितीकरण, अदैय प्रमाण, लीजमुक्ति प्रमाण पत्र निर्माण नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करे- जिया आहुजा 9509333111

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम Javed Kureshi से बदलकर Javed Qureshi पुत्र सिराजुद्दीन निवासी 14, शारदा कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर, जयपुर रख लिया है, भविष्य में मुझे Javed Qureshi के नाम से जाना जावें।

मैं सालोनी जैन पत्नी रोहन जैन विवाह उपरांत मैंने अपना नाम सलोनी विनोद कासलीवाल से बदलकर सलोनी जैन रख लिया है अतः भविष्य में मुझे सलोनी जैन के नाम से जाना पहचाना जावे।

मैंने अपना नाम विरेंद्र कुमार जैन से बदलकर विरेंद्र टकसाली जैन रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवम् पहचाना जाए ।विरेंद्र टकसाली जैन एफ-3 प्लाट न.70-71 मिथला विहार- 1 जगतपुरा 302017

मैंने अपना नाम रमेश चंद यादव से बदलकर रमेश यादव पुत्र बाछू लाल यादव निवासी 242, अमर नगर- सी, खातीपुरा, जयपुर कर लिया है। भविष्य में रमेश यादव द्वारा जाना जाएगा।

मैंने अपना नाम बदरूनिशा पत्नी मोहम्मद सफीक से बदलकर बदरूनिसा पत्नी डॉक्टर मोहम्मद शफीक रख लिया।

मैंने अपना नाम मोहम्मद शफीक और मेरी पत्नी का नाम बदरुन्निशा से बदलकर डॉ. मोहम्मद शफीक और मेरी पत्नी का नाम बदरुन्निसा रख लिया है।

**दि जयपुर सैण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि.**
F1, नर्सरी सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर Pin-302021
Ref.:JCCB/Ope/2023-24/12555 Date:20/5/2023
**निविदा सूचना**
बैंक द्वारा कम्प्यूटर डेस्कटॉप की क्रय हेतु टेन्डर किया जाना है। इच्छुक फर्में दिनांक 01.06.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आवेदन कर सकती है, तत्संबंधी निविदा प्रारूप/दस्तावेज बैंक वेबसाइट https://www.ccbjaipur.com, https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
Tender Ref.No. JCCB/ope/2023-24/12555-1
UBN-TJC2324GLOB00001
(एम.एल.गुर्जर) प्रबन्ध निदेशक

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR**
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur- 302015
Case No.: OA/562/2023
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act. read with sub-rule (2-A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993
Exh.No.:9176
**PUNJAB NATIONAL BANK**
**VS**
**MS POOJYA SHREE KUMAWAT**
To,
(I) MS POOJYA SHREE KUMAWAT
D/W/S/O-SHRI VIRDHI CHAND KUMAWAT
22, AVADHPURI COLONY, JANPARH, TONK ROAD, JAIPUR
Jaipur, RAJASTHAN-302015
(2) SHRI VIRDHI CHAND KUMAWAT S/O BADU RAM KUMAWAT
22, AWADHPURI COLONY JANPATH TONK ROAD JAIPUR, RAJASTHAN -302015
( 3 ) SMT SARLA KUMAWAT W/O VIRDHI CHAND KMAWAT
22, AWADHPURI COLONY JANPATH TONK ROAD JAIPUR
( 4) RADHE SHYAM KUMAWAT S/O BODU RAM KMAWAT
22, AWADHPURI COLONY JANPATH TONK ROAD JAIPUR, RAJASTHAN
**SUMMONS**
WHEREAS, OA/562/2023 was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on 26/05/2023.
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 2003639/- (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed fur should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties-or assets other than properties and assets specified by the applicant under aerial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties:
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the hank or financial institutions holding security interest over such assets.
You ifre also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 30/08/2023 at 10:30A.M. failing which the application shall be heard and decided in your ahsenee.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date:03/06/2023.
SEAL ASSISTANT REGISTRAR
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR

**आम सूचना**
'राजकुमार यादव पुत्र श्री रामनिवास यादव, जाति- यादव, उम्र 28 वर्ष, निवासी- मकान नं. 13, बालाजी धाम निवास, लिंक मार्ग, निवारू रोड, गोविन्दपुरा, जयपुर ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि०, जयपुर की योजना रिद्धि-सिद्धि नगर - VIII स्थित गोविन्दपुरा, निवारू रोड, जयपुर के भूखण्ड सं. 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41 के दस्तावेज पेश कर अपना नाम संशोधित करने बाबत कार्यालय में प्रस्तुत किये तथा संशोधित पट्टे जारी करने बाबत समिति से कहा गया। यदि उक्त भूखण्डों के संशोधित पट्टे, रसीदे व साईड प्लान जारी करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में सम्पर्क करे बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा। **भवदीय-**
**(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट, मो. नं. 9314511091**

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी और से उप मुख्य अभियन्ता निर्माण, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए निर्धारित इलेक्ट्रोनिक फॉर्मेट पर ऑन लाइन खुली ई - निविदा **(दो पैकेट प्रणाली)** आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना संख्या : उपरे-एससी- बीकेएन -08-2023-24. कार्य का नाम स्थान सहित :** मनहेरु - बवानी खेड़ा दोहरीकरण परियोजना के संबंध में मनहेरु से बवानी खेड़ा खंड भिवानी बाईपास सहित, पर फॉर्मेशन के लिए मिट्टी की कटाई व भराई का कार्य , ब्लंकेटिंग, ट्रॉली रिफ्यूज, टो वॉल, रिटेनिंग वॉल, पिचिंग, छोटे पुलों,एलएचएस, एफ ओ बी, प्लेट फार्म, प्लेट फार्म शेड, एसएंडटी स्ट्रक्चर, स्टाफ क्वार्टर का निर्माण और अन्य सहायक कार्य करना। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 90,90,56,609.53 । **जमा की जाने वाली बिड सिक्योरिटी (धरोहर राशि):** रु. 46,95,300/-। **निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की दिनांक :** 15.09.2023 को 15.00 बजे तक । **प्री बिड कोन्फ्रेंस की दिनांक, समय व स्थान : प्री बिड कोन्फ्रेंस की दिनांक:-** 28.08.2023 । **प्री बिड का समय:-** 11.30 बजे AM । **प्री बिड का स्थान:-** कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता निर्माण उत्तर पश्चिम रेलवे, ढोला मारू होटल के सामने, 30 सिविल लाइंस बीकानेर (राजस्थान) । **वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती हैं : www.ireps.gov.in कार्यालय ई-मेल का पता: dycec@bkn.railnet.gov.in । नोट :- 1.** कोई भी निविदा व्यक्तिगत रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। **2.** बिड सिक्योरिटी (धरोहर राशि ) का भुगतान नकद ई पेमेंट गेट वे द्वारा अथवा भारत स्थित किसी scheduled commercial bank द्वारा जारी बैंक गारंटी बॉन्ड अथवा निविदा दस्तावेज़ में उल्लेखित अनुसार किया जाना चाहिए। बैंक गारंटी बॉन्ड वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी निर्माण उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के पक्ष में ही जारी किया जाना चाहिए अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।
**874-AK/23**
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

# प्रताप नगर के अलकनंदा अपार्टमेंट में चल रहा था वैश्यावृत्ति का अड्डा

## पांच महिलाओं समेत 7 गिरफ्तार, एक देशी कट्टा व 4 कारतूस बरामद

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया थाना पुलिस ने प्रतापनगर के अलकनंदा अपाटमेंट में चल रहे वेश्यावृत्ति के अड्डे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने फ्लैट में दबिश देकर अनैतिक कार्यों में लिप्त 5 महिलाओं व दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश से देशी कट्टा व 4 कारतूस बरामद किए है। रामनगरिया पुलिस थाने में दर्ज लूट के मामले में आरोपी को तलाश करने गई थी।

डीसीपी ज्ञानचन्द्र यादव ने बताया कि सोमवार को रामनगरिया थानाप्रभारी अरूण कुमार टीम के साथ लूट के आरोपी को पकड़ने

- **लूट के आरोपी को तलाशने गई थी रामनगरिया पुलिस, कई वाहन जब्त किए**

अलकनंदा अपार्टमेंट के 6 नंबर ब्लॉक पहुंचे तो पता चला कि वांछित आरोपी और कुछ महिलाएं वेश्यावृत्ति का काम करते है और फ्लैट में ही छिपे है। जिस पर एसीपी सांगानेर विनोद शर्मा को जानकारी देकर दबिश दी गई।

पुलिस ने बाबूलाल पुत्र अर्जुन लाल जाट (27) निवासी पीपलू टोंक हाल वसुंधरा कुटुम्ब, बीलवा शिवदासपुरा, राज उर्फ राहुल पुत्र रामवीर उर्फ राजबीर जाति (24) निवासी ग्वालियर, मध्यप्रदेश, जान्हवी माधीवाल पुत्री रिन्कू नट (22) निवासी मालपुरा टोंक, फरहीन इस्माईल शेख पत्नि अशरफ शेख (22) निवासी मानपुरपश्चिम मुम्बई, रोशनी खातून पुत्री अब्दुल रज्जाक (20) निवासी पटना बिहार, आंचल सिंह पुत्री लक्ष्मण सिंह (22) निवासी शाहिबाबाद नई दिल्ली और रक्षा राजेश मलखानी पत्नि संजय आर्य (27) निवासी निवासी ब्लॉक नंबर 6, फ्लेट नंबर 2 ग्राउण्ड फ्लोर, अलकनंदा अपार्टमेंट प्रतापनगर को गिरफ्तमार किया है। गिरफ्तार आरोपी बाबूलाल के खिलाफ पूर्व में 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने बताया कि फ्लैट पर मौजूद मिली महिलाएं रूपए लेकर देह व्यापार और वैश्यावृत्ति का अनैतिक कार्य करती है। साथ में मौजूद रहने वाले पुरूष ग्राहकों को लाने व महिलाओं द्वारा किए जा रहे अनैतिक कार्यों की दलाली का काम करते है। मौजूदा महिलाएं अनैतिक कार्यों के लिए फ्लैट से रात के समय होटलों में जाती है। साथ रहने वाले दलाल ही कार से होटल तक लाने व ले जाने का काम करते है।



रामनगरिया थाना पुलिस ने सोमवार को प्रतापनगर के अलकनन्दा अपाटमेंट में चल रहे वैश्यावृत्ति के अड्डे का पर्दाफाश कर 5 महिलाओं व दो पुरुषों को गिरफ्तार किया।

# हनी ट्रेप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## प्रताप नगर पुलिस ने महिला समेत दो लोगों को पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने हनी ट्रेप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर एक महिला व एक अन्य बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब महिला के प्रेमी समेत अन्य बदमाशों को तलाश रही है। इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को ब्लैकमेल किया है, पुलिस इस संबंध में पूछताछ कर रही है।

डीसीपी पूर्व ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रिया सिंह पत्नि प्रिंस गुर्जर (27) निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश हाल कैर के बालाजी मन्दिर के पास, सेक्टर 26, प्रतापनगर और एम.डी. कैफ उर्फ विक्रम पुत्र अब्दुल रसीद (22) निवासी खरिया बस्ती अररिया बिहार हाल कैर के बालाजी के पास, सेक्टर 26 प्रतापनगर है। गत 19 अगस्त को अलवर निवासी रिटायर्ड अध्यापक ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि एक दिन पहले उसे किराए का मकान दिलाने के बहाने एक युवती ने कैर के बालाजी के पास बुलाया था। फिर तीन चार जने और आ गए और मारपीट कर महिला के साथ अश्लील फोटो व विडियो बनाकर 1 लाख 25 हजार रुपए हड़प लिए। पुलिस ने तलाश शुरु की तो पता चला कि आरोपी मोबाइल बंद कर मकान से फरार है। बाद में आरोपी जरुरत का सामान लेने आए तो पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रमांड पर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रिया सिंह ने फरार आरोपी रिन्कू गुर्जर उर्फ प्रिन्स गुर्जर से प्रेम विवाह कर रखा है। रिन्कू गुर्जर अनैतिक कार्य में लिप्त है। प्रिया भोले-भाले लोगों को चिकनी चुपडी बातों में फंसाकर अपने घर पर बुलाती है और इसी दौरान उसके पति प्रिंस गुर्जर उर्फ रिन्कू गुर्जर अपने साथियों के साथ पीछे से आकर घर आए व्यक्ति को बंधक बनाकर उसकी महिला के साथ संदिग्ध अवस्था में विडियो फोटो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रकम ऐंठ लेते है। रूपए नहीं देने पर उस व्यक्ति को विडियो वायरल करने व बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर प्रताड़ित करते हैं।


प्रतापनगर थाना पुलिस ने हनी ट्रेप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर सोमवार को एक महिला व एक बदमाश को गिरफ्तार किया।

- **आरोपी महिला चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसाकर लोगों को घर बुलाती थी। फिर पति व उसके साथी घर आए व्यक्ति को बंधक बनाकर महिला के साथ संदिग्ध वीडियो-फोटो बनाकर ब्लैकमेल कर रकम ऐंठते थे**
- **फिलहाल पुलिस टीम महिला के प्रेमी व अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।**

# 2 फीट जगह में बना 'अवैध कॉम्पलेक्स' ध्वस्त करेगा ग्रेटर निगम : हिम्मत सिंह

## झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने सरकारी भूमि पर बन रही 12 अवैध दुकानों का मौका निरीक्षण करने पहुंचे विद्याधर नगर जोन उपायुक्त

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने बेशकीमती सरकारी भूमि पर 2 फीट जगह में निर्माणाधीन 12 दुकानों वाले अवैध 'कॉम्पलेक्स' को ग्रेटर निगम प्रशासन ध्वस्त करेगा। सोमवार सुबह विद्याधर नगर जोन उपायुक्त हिम्मत सिंह ने अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण किया।

जब उपायुक्त भी अवैध दुकानों को देखने पहुंचे तो हैरत में पड़ गए कि आखिर मात्र 2 फीट जगह पर बेसमेंट, ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर बनाकर 12 दुकानों को ढांचा खड़ा कर 'अजूबा' कैसे बना दिया गया। उन्होंने मौके पर ही निर्माणकर्ता को फटकार लगाई और साफ कहा कि 2 फीट की जगह पर किसी सूरत में निर्माण स्वीकृति नहीं दी जा सकती।

उपायुक्त हिम्मत सिंह ने जब निर्माणकर्ता वक्रांगी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित नंदवाना व अन्य से जमीन के कागजात मांगे तो वे कुछ भी पेश नहीं कर पाये। शाम करीब 4 बजे कुछ लोग उपायुक्त कार्यालय में सिफारिश लेकर पहुंचे, लेकिन उपायुक्त ने उन्हें साफ मना कर दिया। उपायुक्त हिम्मत सिंह ने बताया कि झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने खसरा नंबर 729 की जमीन पर जहां यह दुकानें बनाई जा रही है, वह पूरी तरह से अवैध है, जल्द ही इस निर्माण को ध्वस्त किया जायेगा। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाकर जल्द ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

सूत्रों की मानें तो करीब एक माह पहले 18 जुलाई को तत्कालीन उपायुक्त संतोष गोयल ने निर्माणकर्ता को नोटिस भी जारी किया था, आज दिन तक निर्माणकर्ता भूमि स्वामित्व का कोई कागजात पेश नहीं कर पाया। ज्ञात रहे कि झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने की तरफ खसरा नंबर 279 की भूमि है। पूर्व में यहां पर कई पुरानी दुकानें बनी हुई थी, जिन्हें झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड से प्रभावित होने के कारण जेडीए प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया था।

यहां 2 फीट जगह बची, जिसमें वक्रांगी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित नंदवाना व अन्य लोगों ने जून-जुलाई माह में निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सरकारी भूमि पर निर्माणकर्ताओं ने ना सिर्फ 2 फीट जगह में बेसमेंट खोदा, बल्कि ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर बनाकर 6-6 दुकानों का ढांचा भी बनाना शुरू कर दिया। करीब 65 फीट लंबी और मात्र 2 फीट चौड़ी इस जगह में निर्माणकर्ताओं ने 5-6 फीट की बालकनी निकालकर सड़क पर अवैध निर्माण कर लिया और यहां दुकानें बनाने का काम रातोंरात शुरू हो गया। बिल्डिंग बायलॉज और निर्माण स्वीकृति जैसे कानूनों को ताक पर रखकर जैसे ही यह अवैध कॉम्पलेक्स बनने लगा तो स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम प्रशासन को भी की।

जिसके बाद गत 18 जुलाई को विद्याधर नगर जोन उपायुक्त संतोष गोयल ने निर्माणकर्ता वक्रांगी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित नंदवाना को नोटिस जारी कर उनसे जमीन के मालिकाना दस्तावेज और निर्माण स्वीकृति भी मांगी, लेकिन अभी तक संस्था के लोग कोई पुख्ता कागजात पेश नहीं कर पाए। सूत्रों की मानें तो खसरा नंबर 729 की जमीन ग्रेटर नगर निगम के नाम पर दर्ज है, जो कि गैर मुमकिन आबादी किस्म की है। सरकारी बेशकीमती भूमि को बचाने के बजाय अब ग्रेटर नगर निगम के अधिकारी अवैध निर्माणकर्ता को शह देने में जुटे है।



- **उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए साफ कहा कि ''2 फीट जगह पर किसी सूरत में बेसमेंट, ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर का कॉम्पलेक्स बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती''**

## बाइक से फिसलकर गिरी महिला की मौत

**जयपुर** (कासं)। प्रतापनगर थाना इलाके में एक महिला का दुपट्टा बाइक में फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया सेक्टर-18, प्रताप नगर निवासी ओमप्रकाश राजपूत की पत्नी ख़ुशी अपने 3 साल के बेटे निशांत को दिखाने के लिए देवर हरिओम के साथ 11 अगस्त को बाइक पर जा रही थी। इस दौरान कुंभा मार्ग पर बाइक के पिछले पहिए में ख़ुशी का दुपट्टा फंस गया, जिससे वह बच्चे सहित सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने पर उसे सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां 20 अगस्त की सुबह ख़ुशी राजपूत की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया है।

# आईपीएस को हनीट्रैप में फंसाने की धमकी

## जवाहर सर्किल थाने में महिला डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाने में आईपीएस अधिकारी ने महिला डॉक्टर के खिलाफ हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज कराया है।

मालवीय नगर एसीपी संजय शर्मा ने बताया कि वजीरपुर सवाई माधोपुर निवासी राजेश कुमार मीना ने मामला दर्ज करवाया है। वह साल 2020 में डूंगरपुर में आरएएस के पद पर थे। करोना ड्यूटी के दौरान चिकित्सा विभाग में संविदा पर काम कर रही डॉ. प्रियंका से उनकी मुलाकात हुई थी। प्रियंका ने बताया कि वह भी आरएएस की तैयारी कर रही है। फिर बात होने लगी और नजदीकियां बढ़ गई। आरोप है कि प्रियंका के शादीशुदा होने के कारण उस पर भरोसा कर लिया। प्रियंका ने जरूरत पर राजेश को करीब 3 लाख रुपए उधार दिए थे, जो वापस लौटा दिए। साल 2021 में राजेश की चाकसू एसडीएम के पद पर लगा दिया। आरोप है कि दवाई लेने के बहाने प्रियंका चाकसू भी आकर मिलने लगी। फिर राजेश दिल्ली तैयारी करने गया तो वहां भी मिलने लगी। इसी बीच प्रियंका ने पति से तलाक का आवेदन कर दिया। बाद में उकसा तलाक भी हो गया। सितंबर 2021 में राजेश का यूपी कैडर में आईपीएस में चयन हो गया। हॉल ही में राजेश की परिजनों ने शादी कर दी। आरोप है कि शादी के बाद प्रियंका नवविवाहित पत्नी को छोड़कर खुद से शादी करने का दबाव बना रही है। वहीं ब्लैकरमेल कर पचास लाख रुपए मांग रही है।

अभी तक की जांच में सामने आया है कि राजेश मीणा ने डॉक्टर से रुपए उधार लिए थे और वापस नहीं लौटाए। वहीं राजेश डॉक्टर को डूंगरपुर, चाकसू व दिल्ली मिलने बुलाता था। आईपीएस ने शादी करने का विश्वास देकर महिला का उसके पति से तलाक भी करवा दिया। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

# चार गांजा तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने भरतपुर की रुपवास थाना पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए चार अन्तर्राज्जीय मादक पदार्थ गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर 48 किलो 200 ग्राम गांजा व लग्जरी कार बरामद की है।

पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी टीम ने भरतपुर में कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपी यदुवीर सिंह पुत्र सुखवीर सिंह (34), सोहन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह जाट (24) निवासी नारौली, रूदावल भरतपुर, सुबरन सिंह पुत्र जोमदार गुर्जर (42) निवासी सूपा, रूदावल भरतपुर और यादराम उर्फ यादगिरी पुत्र पूरनसिंह चोबदार (65) निवासी जरीला, रूदावल भरतपुर है। तस्करों के खिलाफ रुपवास थाने में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। मादक पदार्थ तस्कर बड़ी मात्रा में अवैध गांजा उड़ीसा, आंध्रप्रदेश से लाकर जयपुर के आस-पास स्टॉक कर छोटी-छोटी मात्रा में जयपुर, भरतपुर में सप्लाई करते है। 6 हजार रुपए किलो में लाकर आरोपी यहां 12 हजार रुपए किलो में गांजा बेचते है। तस्करी के समय कार में एक बाबा की वेषभूषा में किसी को बैठाकर रखते है ताकि पुलिस को शक नहीं हो। पुलिस इनके नेटवर्क का पता कर रही है।

## रिश्वत लेते जेईएन समेत 2 दबोचे

**जयपुर** (कासं)। एसीबी ने सोमवार को जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) मोहित कुमार सिंघल और कनिष्ठ सहायक रविन्द्र सिंह राठौड़ को 21 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी फ्लैट पर पानी का कनेक्शन लगाने की एवज में 22 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे थे। आए दिन पैसों के लिए पीड़ित को फोन कर परेशान करने लगे थे। इस पर पीड़ित ने एसीबी मुख्यालय में दोनों कर्मचारियों की शिकायत दी। जिसके बाद एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया। शिकायत सही मिलने पर सोमवार को दोनों आरोपियों को 21 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल दोनों के आवासों पर एसीबी की टीमें सर्च कर रही है।

## 'तीन तलाक'

**जयपुर** । रामगंज में शादी के 6 माह बाद ही युवती को उसके पति ने तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने बताया कि चौकड़ी तोपखाना हुजूरी निवासी अलिमा शेख की 9 जनवरी 2023 को मजहर उर्फ़ मज्जी से शादी हुई थी। आरोप है मज्जी मारपीट करता था, अलिमा विरोध करती थी। गत 19 सितंबर को वह अपने मायके आ गई। इसके अगले दिन मज्जी ने उसके मोबाइल पर तीन तलाक दे दिया।

# छात्रा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जयपुर** । हरमाड़ा इलाके में दसवीं क्लास में पढ़ने वाली छात्रा ने अपनी पडोसन व अन्य लड़के से परेशान होकर अपने ही घर पर फंदे से झुल कर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने इस मामले में पडोसन व अन्य लड़के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के साथ पोक्सो का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित पिता ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिक बेटी को पडोस में रहने वाला दिनेश से लगातार दोस्ती करने के लिए परेशान कर रहा था। इस काम में पडोस में रहने वाली कंचन देवी भी दिनेश के साथ मिलकर उसकी बेटी पर दोस्ती करने व गलत काम करने का दबाव बना रहीं थी। इसी बात को लेकर नाबालिक और दिनेश का रविवार को झगड़ा हो गया और अवसाद में आकर उसने फंदे से झुलकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतका के पिता ने सोमवार को नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराते हुए दोनो की गिरफ्तारी की मांग करते हुए थाने का घेराव किया। अधिकारियों ने आपसी समझाइश से मामला शांत करवाया।

## सार-समाचार

### पी.खंडेलवाल अध्यक्ष बने




**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर में आयोजित भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान की वार्षिक आम बैठक और शाखा चुनाव में उल्लेखनीय सफलता मिली। नवनिर्वाचित समिति उत्कृष्टता और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें पी. खंडेलवाल अध्यक्ष हैं, डॉ. रवि गोयल उपाध्यक्ष हैं। सुनील दत्त गोयल और धीरेंद्र मल्होत्रा की गतिशील जोड़ी ने अनुभव का खजाना लेकर राष्ट्रीय पार्षदों की भूमिका निभाई है। दूरदर्शी अरुण कुमार गोयल के मार्गदर्शन में, महासचिव, समिति नई ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए तैयार है। वित्तीय स्थिरता और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने कोषाध्यक्ष का दायित्व संभाला है। टीम राधा रमन शर्मा और दीपेंद्र जैमिनी के शामिल होने से और समृद्ध हुई है, जो कार्यकारी सदस्यों के रूप में शामिल हुए हैं और अपनी विविध विशेषज्ञता का योगदान दे रहे हैं।

### उद्योग मित्र करेंगे व्यापार लगाने में मदद

**जयपुर,** (का.सं.) । मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया कि, संस्था के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें राजस्थान के नए 19 जिलों में उद्योग मित्र बनाए गए हैं। इससे पहले राजस्थान के सभी 33 जिलों में उद्योग मित्रों की नियुक्ति की गई थी, इस तरीके से आज राजस्थान के सभी 50 जिलों में उद्योग मित्र बना दिए गए हैं। राजस्थान उद्योग मित्र बनाए गए हैं उनका मुख्य उद्देश्य राजस्थान के आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए अपने-अपने जिलों में उद्योग एवं व्यापार की स्थापना के लिए निशुल्क सलाह देना है एवं इसके साथ ही राज्यों केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उद्योग मित्रों के द्वारा दी जाती है। इसके अलावा उन जिलों के जो प्रवासी राजस्थानी राजस्थान के बाहर या देश के बाहर रह रहे हैं उनको राजस्थान में उद्योग लगाने के लिए भी प्रोत्साहित इन उद्योग मित्रों के द्वारा किया जाता है। इन उद्योग मित्रों के द्वारा अपने-अपने जिलों में जो प्राकृतिक तथा भौतिक संपदा है या उन क्षेत्रों में किस तरह के उद्योगों का योगदान हो सकता है, इस तरह की जानकारी एवं विभिन्न रिसर्च एवं अनुसंधान के माध्यम से भी यह डाटा इकट्ठा करके प्रवासी राजस्थानियों को उपलब्ध कराते हैं।

### खंडेलवाल महुवा-सिकराय दौरे पर



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव और महुवा एवं सिकराय विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी गिरिराज खंडेलवाल 23 अगस्त को महुवा और सिकराय विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। वे दोनों स्थानों पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों और कांग्रेस कार्यकर्ताओ की मीटिंग लेंगे तथा आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श करेंगे। उनके साथ सिकराय की विधायक एवं कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश और महुवा से विगत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे अजय बोहरा भी बैठकों में भाग लेंगे। गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि वे कांग्रेसजनों से मुलाकात कर राज्य सरकार की योजनाओं का संदेश गांव-गांव पहुंचाने के संकल्प पर विचार-विमर्श करेंगे। महुवा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विष्णु सिंह ने बताया कि गिरिराज खंडेलवाल ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भी करेंगे। इस दौरान दौसा ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ और मण्डावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिट्ठू लाल मीणा भी मौजूद रहेंगे।

# निम्स यूनिवर्सिटी में चल रही नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न

## गुरूग्राम की स्टारेक्स यूनिवर्सिटी विजेता और रूड़की की क्वांटम यूनिवर्सिटी उप विजेता रही

**जयपुर** (कासं)। निम्स स्कूल ऑफ़ लॉ, निम्स यूनिवर्सिटी राजस्थान जयपुर ने तीन दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2023 का समापन सामारोह आयोजित किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आर.एन. पांडे ने स्टारेक्स यूनिवर्सिटी गुरुग्राम (हरियाणा) को नेशनल मूट कोर्ट-2023 की विजेता व क्वांटम यूनिवर्सिटी, रूड़की (उत्तराखंड) को उप-विजेता घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल एक प्रतियोगिता के समाप्ति का प्रतीक है, बल्कि इन उभरते कानूनी दिग्गजों के लिए एक आशाजनक यात्रा की शुरुआत भी है, जो निस्संदेह कानूनी पेशे के भविष्य को आकार देने की क्षमता रखते हैं।

निम्स विश्वविद्यालय के चांसलर प्रोफेसर डॉ. बलवीर एस. तोमर ने पूरे भारत से आए लॉ संस्थानों से आए प्रतिभागियों से कहा कि यह तीन दिन प्रत्येक छात्र के लिए सुनहरे दिन रहे, जिसने अपने आप में भारतीय कानूनी प्रणाली का प्रतिनिधित्व किया है। यह समापन निष्कर्ष का पर्याय नहीं है, और यह आपके करियर में पहला कदम है।

डॉ. तोमर ने युवा पीढ़ी से 'इफेक्टिव डिसीजन, इफेक्टिव एग्जिक्यूशन, इफेक्टिव टाइम मैनेजमेंट व ग्रोथ माइंडसेट अपनाने के साथ साथ अमल करने का आग्रह किया। समारोह के विशेष अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति आर. एन.पाण्डेय रहे, सम्मानित अतिथियों में पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति व आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल की न्यायिक सदस्य अंजना मिश्रा, कुलपति, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटना, पूर्व न्यायाधीश पटना उच्च न्यायालय मृदुला मिश्रा रहे। अतिथियों में सुरेश चन्द्र श्रीमाली-वाइस-चेयरमैन, बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया व मैनेजिंग ट्रस्टी बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया (ट्रस्ट फर्स्ट), हेमन्त नाहटा- अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय, .एस.एस. होरा- वरिष्ठ अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय व निदेशक- एस.एस. होरा एंड एसोसिएट्स, और इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च, गोवा के कुलपति, प्रो. आर. वेंकट राव मौजूद थे।

प्रतियोगिता में स्टारेक्स यूनिवर्सिटी गुरुग्राम (हरियाणा) राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2023 का विजेता बनकर उभरा, जबकि क्वांटम यूनिवर्सिटी, रूड़की, उत्तराखंड उपविजेता रही।

सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल राउंड फर्स्ट में सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, नोएडा, दिल्ली एन.सी.आर, सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल राउंड सेकंड में अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ उत्तर प्रदेश, सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल सेमी- फाइनल राउंड अल-अजहर लॉ कॉलेज, थोडुपुझा, इडुक्की, केरल व मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान को सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल फाइनल राउंड के लिए पुरस्कृत किया गया।

कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, भुबनेश्वर से की स्टूडेंट ख़ुशी को पहले राउंड के सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में, प्रणव माथुर मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर, को दुसरे राउंड के सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में, जुवेरिया काज़मी- क्वांटम यूनिवर्सिटी, रूडकी, उत्तराखंड को तीसरे राउंड के सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में व भव्या कुन्रा , स्टारेक्स यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम, हरियाणा को फाइनल राउंड के सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में चुना गया। वहीं रोहित कुमार यादव स्टारेक्स यूनिवर्सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा को बेस्ट स्टूडेंट अधिवक्ता (मेल), फाइनल राउंड व भव्या कुन्रा, स्टारेक्स यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम, हरियाणा को बेस्ट स्टूडेंट (फीमेल), फाइनल राउंड का विजता घोषित किया गया।



निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर में तीन दिवसीय नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



## World Plant Milk Day

Founded in 2017 by Robbie Lockie, who is a co-creator of Plant Based News. The idea for the day is to encourage people to consider plant-based alternatives to dairy milk. The purpose is to replace animal based products. The reduction of animal product consumption is not only helpful to the individual animals, but also acts as a way for humans to live more sustainably on the planet. Whether jumping in with both feet or just dipping a toe into a plant based diet, World Plant Milk Day is a great motivator to get started.

#EVENT

# THE AUGUST SHOW

Presented by Community of Dreamers, 'The August Show' brought together Rajasthan's cultural richness, artistic talents, and philanthropic endeavours under one roof, celebrating artisans, weavers, and designers while promoting organ donation awareness through a unique fashion walk.



A glimpse of the Walk for a Cause

**Tusharika Singh**

Under the collaboration of Jawahar Kala Kendra and the organization, Community of Dreamers, a vibrant and culturally immersive two-day program unfolded recently in the Pink City. Aptly named 'The August Show,' the event celebrated the creative fusion of artisans, weavers, designers, and entrepreneurs, providing a unique platform for their talents to shine.



Aastha Jain Agarwal during Walk for a Cause

### Inauguration

**This** eclectic showcase was graced by the presence of distinguished guests including Chairman of RAJSICO, Rajiv Arora, Principal Secretary of Rajasthan Tourism, Gayatri Rathore, Minister of Women and Child Welfare, Mamta Bhupesh, and Nivritti Kumari of Udaipur.

### A Musical Overture

**Kicking** off the festivities with a resounding tribute to Rajasthan's rich cultural tapestry, an enchanting singing performance reverberated through the amphitheater Madhyavarti on the opening day. The audience was spellbound by the live performance of the immensely talented Samandar Khan Manganiyar, whose soulful Sufi renditions transported listeners to another realm.




Doorva Sharma at her stall at Community of Dreamers

### Fashion with a Heart

However, 'The August Show' wasn't solely about artistic expression. It was also a platform for social causes, exemplified by the heartwarming "Walk for Cause," organized in collaboration with the MFJCF Tissue and Organ donation project. This unique fashion walk saw well known women and influencers of Jaipur bring the runway to fire, elegantly showcasing the exquisite creations of designers, artisans, and weavers. It was a powerful reminder that fashion can be a force for good, bridging the gap between creativity and philanthropy.



Sandhya Dilip and Kalpana Singh Peelwa - founders of Community of Dreamers

### Visionaries Behind the Dream

**Kalpana** Singh Peelwa and Sandhya Dilip, the visionary founders of Community Dreamers, shared their vision for the event. They expressed their desire to unite artisans, weavers, designers, and entrepreneurs on a single platform, making their unique creations easily accessible to the common people. In doing so, they have not only enriched the lives of these talented individuals but have also given them a chance to thrive in the vibrant market of Rajasthan's artistic heritage.

### Honouring the Gift of Life

**In** addition to the celebration of art and fashion, 'The August Show' took a poignant moment to honour organ donors, recognizing the profound impact they have on saving lives. The event served as a powerful motivator for attendees to consider organ donation, shedding light on the importance of this selfless act.

### A Tapestry of Art & Humanity

**In** essence, 'The August Show' was much more than just an exhibition; it was a testament to the unifying power of art, culture, and philanthropy. It created a harmonious synergy between Rajasthan's traditional creativity and the modern world's charitable endeavours, leaving an indelible mark on all who attended. As the curtain fell on this remarkable event, it left in its wake a renewed sense of community spirit, a deep appreciation for the arts, and a commitment to making the world a better place—one creative stroke and one selfless gesture at a time.

# Jim Corbett had a 'large' respect for Sultana Daku



In his famous book 'My India' Jim Corbett recounts that Sultana was a fine man, he never robbed a pai from the poor and remained a softheart for them always. Whenever any poor man asked for any help, he extended it. Whenever he purchased from small shops, he always paid twice the amount. In his last years he had limited his area of operations to places between Kumaon's terai-Bhabha to Njibabad. In his recounting Jim Corbett repeatedly mentions a few places, Kaladhungi, Ramnagar and Kashipur in connection with Sultana. It is said that Sultana was using the ruins of an old Kila as his hideout. This was a 400 year kila of Najibuddaula's remains can be seen today. It is strange that it is calles Sultana's kila, not Najibuddaula's kila. The legend of Sultana daku continues to reverberate the over 200 years old Jalpur castle in Bijnor and Najibabad subdivision. The historic castle, bordering Rajgarh forest range, is a popular tourist spot, and every traveller coming here is acquainted with Sultana daku.



**Anjali Sharma**
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

Around 120 years ago a boy named Sultana was born to a very poor family in Uttar Pradesh. Sultana was a Bhantu. They claim to be descendants of Maharana Pratap, the 16th-century ruler of Mewar. The king fell on bad times after he lost his kingdom to Akbar, the Mughal emperor. Bhantu folklore says that's when the community dispersed to other parts of the country, and that their leader will one day take them back to Mewar. The British labelled them a "criminal tribe" and kept a close eye on them. Indeed, Gulphi, the most illustrious ancestor of the Bhantus, was the most skillful of all thieves. This was the milieu in which Sultana was born. His grandfather was a thief of some repute — Gulphi reincarnate, some would say. There were caste councils which took care of the family if a Bhantu got caught by the police. In return, the man had to share his loot with the council. Sultana grew to be the most dreaded decoit of his time. He was fearless, and always informed the party he was going to loot, about his intentions. He would try to avoid bloodshed, but if challenged, or if any member of his gang was attacked, he did not hesitate to kill. It is said that he would cut away three fingers from the hand of his victim.

The British Raj was deeply troubled by this man. He looted the British relentlessly. Sultana's grand parents sent him to work in the salvation army camp running in Najibabad, as they were too poor to feed him. Many attempts were made there to convert him to Christianity in this camp, but he just did not. He and many like him ran away from this camp. With this began his outlaw career. He was good at this job, such was the expertise of Sultana, he could hide away a knife in his mouth for long durations, and retrieve it for use later at will. He was the nemesis of the British Sarkar who made huge efforts to rid themselves or him, while he repeatedly looted the Raj treasury.

There are many famous names glorified for their struggles for the liberation of India, one off-beat name should be Sultana. Though he was neither educated nor part of the organised struggles being undertaken in India in many ways, but in his own way, he too was one of the freedom fighters. He too was doing similar things for the struggle. He hated people who helped the British. He would take up cudgels' against such people, even if they were leaders. Sultana looted such people, and in those times Indian people thought him to be right and justified in such loots, and he believed the same of himself. Not much has been recorded of him by the British, as he was a serious embarrassment to the British Sakar, although he was the most notorious of all dakaits of his time. He claimed Maharana Pratap's lineage, and modeled himself upon him. So much so, that he named his horse Chetak.

He had a love story to his name too. It is said that a white girl fell in love with him, and she wrote him a love letter in English. Sultana stormed the British Khema after receiving this letter. This girl was later called Putlibai. This made the British Sultana's sworn enemies, who had taken to the wilds at the age of 17. For the slave India he had become a hero, a Robbin Hood who would loot the British and their cohorts and distribute that wealth to the poor and needy. He was so successful that he went on to make a large gang, and acquired a fan following amongst the local population. Uttar Pradsh's Najibabad was his area of operations. He believed that the wealth British enjoyed was all Indian and he looted it back to give to the poor Indians. Najibabad lies on the route between Dehradun and Nainital.

> There are many famous names glorified for their struggles for the liberation of India, one off-beat name should be Sultana. Though he was neither educated nor part of the organised struggles being undertaken in India in many ways, but in his own way, he too was one of the freedom fighters.



Sultana daku fort.

British started to regularly guard this route but to no avail. Sultana continued to loot on this route. He in-fact increased operations by looting the goods trains (malgari) running on this route. After looting Sultana would offer bali at Mata temple and distribute the wealth between the poor. The British laid many traps for Sultana but they were not successful in apprehending him. A very big team manned by 300 jawans and fifty horsemen was once commissioned by the British to capture Sultana, but to no avail. He could not be captured. After many such unsuccessful attempts, the British laid a honey trap for Sultana. A British lady was recruited to ensnare Sultana.

#LEGEND





Jim Corbett



At the same time Sultana had just looted a big land lord Kharak Singh. The British enlisted him as ally, since he was very angry and would be of critical assistance. They all together spread out to look for him. Another thing went against Sultana at this time, he had a weak link in his own ranks, a man named Tula ram. He informed against Sultana. He was captured. But he did not remain in captivity for very long and escaped. After this the British decided to take assistance of the Irishman Jim Corbett. They felt that maybe he could hunt down Sultana with the help of locals who were grateful to him because he had rid the hills of man-eaters. He would not be of help and then the British decided to take help of a British lady officer Precy Windham. Ultimately she did the job, and two years later he was captured by policeman Freddy Young from Haridwar.

Freddy laid out a clever trap for him, He realised that a police officer, Manohar Lal was Sultana's informer. So he transferred Manohar Lal to a faraway station, and then with the help of some elders of Najibabad, enlisted the help of a Munshi Abdul Razzak. This man was a confidant of Sultana. Sultana's hideout was in the Kajlivan, a place in the interiors of the jungle, he succeeded in encircling Sultana with Razzak's help, and caught him. But the fact of the matter was that the lady actually fell in love with this daku and later pleaded many times for his release, but the British did not comply. Sultana had a son who he did not want to follow in his footsteps. He asked this lady for help with this young boy. She came forward and sent the boy to England. Later the boy came back well educated and appeared for the ICS exam and cleared it for a post in the police. He retired as an inspector general.

In his famous book 'My India' Jim Corbett recounts that Sultana was a fine man, he never robbed a pai from the poor and remained a soft-heart for them always. Whenever any poor man asked for any help, he extended it. Whenever he purchased from small shops, he always paid twice the amount. In his last years he had limited his area of operations to places between Kumaon's terai-Bhabha to Njibabad. In his recounting Jim Corbett repeatedly mentions a few places, Kaladhungi, Ramnagar and Kashipur in connection with Sultana. It is said that Sultana was using the ruins of an old Kila as his hideout. This was a 400 year old kila of Najibuddaula's remains can be seen even today. It is strange that it is called Sultana's kila, not Najibuddaula's kila. The legend of Sultana daku continues to reverberate over 200 years old Jalpur castle in Bijnor and Najibabad subdivision. The historic castle, bordering Rajgarh forest range, is a popular tourist spot, and every traveller coming here is acquainted with Sultana daku.

> For the slave India Sultana had become a hero, a Robbin Hood who would loot the British and their cohorts and distribute that wealth to the poor and needy. He was so successful that he went on to make a large gang, and acquired a fan following amongst the local population. Uttar Pradsh's Najibabad was his area of operations.

Baljeet Singh, the current occupant of the castle, has his own tale to tell tourists. He recalls the innumerable occasions on which he has narrated the tale of the dacoit and his attack on the castle. This is the way it goes, "It happened on May 20, 1922. Gorkha guards were deployed here on that day. The marks of axes, swords and gunshots on the main gate have been carefully preserved and can be seen even today. Two years after the attack, Sultana was caught and hanged, and with that ended his reign.

According to Jalpur village residents, the castle here was built in 1799. Jalpur was a Jat estate then and the entire village was situated inside the compound of the castle. Baljeet Singh says, his great grandfather Sibba Singh was a big landowner and was the main occupant of the castle in 1922. The Gorkha guards employed by him managed to contain Sultana daku and his gang for some time, but they later ran out of cartridges. It is said that at first, Sultana tried to break the main gate by using axes and bullets, but then realized that gaining entry into the castle through the window on the right side of the gate would be a lot easier. Sultana had come to kill Sibba Singh, his granddaughter Omwati Devi and her mother Ram Pyari. However, they were timely rescued by the locals, who hid them in their houses. Meanwhile, the dreaded dacoit looted everything and burnt whatever he could not take away. Each and every room of the castle was set on fire, Singh says, while pointing at wooden pillars holding the castle together. They had turned black and were later repainted.

Villagers claim that Sultana was given a contract to kill Sibba Singh and his granddaughter as the 85-year-old landowner did not have another heir. After the incident, Baljeet's great grandfather contacted Freddy Young, a British police officer who was the head of a special team of cops handpicked to deal with dacoits. Jim Corbett and Precy Wyndham helped Young in finding and capturing Sultana. After two long years of sustained efforts, Sultana was captured alive by Young from Haridwar. The British government ordered his execution and he was hanged in Bareilly jail on June 8, 1924.

Although Sultana claimed heritage from Maharana Pratap but his physical appearance belied it. The man was of small stature, dark complexion, nondescript features, so much so, that he did not even have a handsome beard or moustache, or even much facial hair growth to support it. He had a regard for the Thakurs and a hatred for the traders, and regularly looted them. His pride and hatred can be seen easily in his two; his horse was called Chetak, and his dog rai bahadur. The British Sarkar ran a case on Sultana for loot and murder. He and fifteen others were hanged. Others who were said to be assisting him were sent to 'Kala Paani'. Thus ended the life of one not so regular krantikari of India.

Jim Corbett writes, that 'For this little man I have a large respect'. In jail while the court case went on, he was very well behaved, and exemplary. He was still put to death.

rajeshsharma1049@gmail.com



A white girl fell in love with this ugly and dreaded dacoit of india.

#INNOVATION

# Turning Waste Into Detergents

"It just screams along," Scott says. "It makes the alkylaromatics faster, and we can tune it to make the right-size molecules."



Thanks to an improved catalytic method, plastic waste can be used as raw material for detergents, researchers report.

We've managed to accumulate so much plastic trash that it's daunting to think about what could be done with the tons upon tons of non-biodegradable waste. And as much as we are trying to scale back our dependence on single-use plastics, we continue to add to the global plastic trash hoard.

Events like the COVID-19 pandemic only served to expand their use for personal protective equipment and disposable and take-away packaging.

In a paper in the journal Chem, researchers have reimagined the value of single-use plastics, with improvements to an innovative process that can turn polyolefins, the most common type of polymer in single-use packaging, into valuable alkylaromatics—molecules that underlie surfactants, the active components of detergents and other useful chemicals.

"If we make these surfactants from fossil fuels now and you could make them from waste plastics, then you are not using fossil fuels to make surfactants anymore, and you're getting another use out of the carbon that went into the plastics," says chemical engineering professor Susannah Scott, who holds a chair in sustainable catalytic processing at the University of California, Santa Barbara.

Instead of burning them or burying them in landfills—practices that represent the major ways we currently deal with plastic waste—plastics are repurposed in a method that shortcuts conventional "dirty" processes for making surfactants while giving single-use plastics one more shot at usefulness.

The researchers built on previous work in which they debuted a catalytic method to break the strong carbon-carbon bonds that make plastic the difficult-to-degrade material it is, then rearrange the molecular chains into alkylaromatic rings. While effective, Scott says, the original process, based on a platinum-on-alumina catalyst, was slow, and its yield of alkylaromatic molecules was low.



"What we've done in this paper is to show how to do it much better," she says.

Key to their method is increasing the acidity of the original alumina catalyst, via the addition of chlorine or fluorine. With the added acid sites, the team was able to boost the speed and selectivity of their process.

"It just screams along," Scott says. "It makes the alkylaromatics faster, and we can tune it to make the right-size molecules." In the new paper, they focused on finding the optimal ratio of acid sites to metal sites in their catalyst, she explained. "It turns out they work together. They have different roles, but you need both of them to be there and in the right ratio so the catalytic cycle doesn't get stuck at any point."

In addition, their one-pot process operates at moderate temperatures, requiring a low energy input. While the method originally took 24 hours to turn plastic into alkylaromatic molecules, the improved process can complete the task within a couple of hours, increasing the amount of plastic that can be converted in a reasonably-sized reactor.

"Ideally you want to reuse waste plastic for a purpose with a large enough production volume, for which there is significant demand, in order to make a dent in the plastic problem," Scott explains.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बाइक सवार बदमाशों ने दुकान पर बैठे युवक पर फायरिंग की

## युवक गंभीर घायल, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**कोटपूतली, (निसं)।** एक ओर जहां कोटपूतली-बहरोड़ जिले की एसपी डॉ. रंजीता शर्मा जिले में क्राईम कन्ट्रोल को लेकर जिले के दोनों एएसपी सहित 5 डीएसपी व 16 थानाधिकारियों के साथ विभिन्न प्रकार के अपराधों को लेकर चर्चा कर रही थी। उसी दौरान हरसोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मोरोड़ी में बाइक पर सवार होकर आये बदमाशों ने किराणा की दुकान पर बैठे एक युवक पर फायरिंग कर दी।

बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली युवक के पैर में लगी व शरीर पर कई जगह छर्रे लग गए। घटना दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है । जहां अपने परिवार की एक किराना की दुकान पर बैठे 22 वर्षीय रामनिवास गुर्जर पुत्र लक्ष्मी नारायण गुर्जर पर बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर दी और फायरिंग की घटना को अंजाम दे कर बदमाश मौके से फरार हो गए।

घायल युवक को हरसौरा सीएचसी लाया गया जहां घायल का इलाज जारी है। इस दौरान घायल रामनिवास गुर्जर ने बताया कि मोरोडी की तरफ से रोशन लाल गुर्जर और उसके साथ तुल्ला नामक युवक बाईक पर सवार होकर आए और फायरिंग कर दी। रामनिवास ने बताया कि वह विशाल सिटी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। यहां बाहर की पार्टी ने अभी जमीन खरीदी थीं और उसमें प्लाट काट रही है।

रोशन ने कुछ दिन पहले मेरे को आकर कहा कि यहां नौकरी मैं करूंगा जिसको लेकर मैंने मना कर दिया। इसी बात से रंजिश खाकर आज यह लोग बाईक पर सवार होकर आए और गोली चला दी। फायरिंग की घटना से गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और मामले की जांच में जुटी हुई है। हाल ही में



घायल युवक ने बयान दिये।

अलवर जिले से अलग हुए बानसूर क्षेत्र में लगातार बदमाशों के हौंसले इस कदर बुलन्द हैं कि बेखौफ बदमाश वारदातों को अन्जाम देकर पुलिस की कार्यशैली को धत्ता बता रहे हैं।

### बदमाश ने चाकू से हमला कर मां-बेटी को घायल किया

**उदयपुर, (निसं)।** आपसी रंजिश के चलते बदमाश चाकू से हमला कर मां व उसकी दो बेटियों को घायल कर फरार हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपोल थाना क्षेत्र गोसिया कॉलोनी गली नं. 3 किशनपोल निवासी नजमा बेगम पत्नी इकबाल, उसकी पुत्री रूकसाना व अफसाना पर पडोसी शादाब पुत्र अजीजी खां चाकू से हमला कर फरार हो गया। घायल मां व बेटियों को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया।19 अगस्त को नजमा के मकान के बाहर चबूतरे पर आरोपी बैठा था।

इस दौरान उसने आवाज लगाई तो नजमा के बाहर आने पर दोनों के बीच कहासूनी हो गई। इस दौरान आवेश में आकर आरोपी ने चाकू से नजमापर हमला कर दिया। इसको देख बचाव में आने पर रूकसाना के पेट में तथा अफसाना के बाये पांव पर चोट लगने से तीनों घायल हो गए। इसको देख हल्ला होने पर पकडे जाने के भय से आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# थानाधिकारी व जाप्ते ने अधिवक्ता से मारपीट की

## एस.पी. से मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया

**उदयपुर, (निसं)।** कार चालक अधिवक्ता व साथी को रोककर थाने में बंधक बना मारपीट करने वाले प्रतापनगर थानाधिकारी सहित अन्य जाप्ते के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय बाहर कलेक्ट्री परिसर में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। जहां जिला पुलिस अधीक्षक से हुई बातचीत में मामले में थानाधिकारी व अन्य पुलिस कर्मियों को लाईन हाजिर कर प्रकरण दर्ज करने के आदेश देने की जानकारी सामने आई है।

प्रकरण के अनुसार रविवार रात में अधिवक्ता कमलेश सालवी अपनी कार से देबारी चौराहा से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते यूटर्न पर नाकोडा नगर सर्विस लाईन की तरफ कार मोड़कर घर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत, हेडकांस्टैबल लालसिंह, चालक जसवंतसिंह सहित जाप्ते ने कार को रोक परिचय पूछा।

- **थानाधिकारी व अन्य पुलिस कर्मी लाईन हाजिर, प्रकरण दर्ज करने के आदेश**

अधिवक्ता होने की जानकारी देने पर गाली गलोज कर अधिवत्ता कमलेश सालवी को जीप में डाल कर मारपीट करते हुए थाने ले गए। जहां भी मारपीट की जिसके चलते गर्दन, मुंह, हाथ व अन्य जगह चोट लग गई। सोमवार को इसका पता चलने पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश मोगरा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्री परिसर में घुस कर प्रदर्शन करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत सहित जाप्ते के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग पर अडे रहे। जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भुषण द्वारा इस मामले में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने से अधिवक्ता मौके पर मौजूद है।

इस मामले में प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत ने बताया कि वीआईपी मुवमेंट होने से पकड़ा था। मारपीट करने से इनकार करते हुए कहा कि मुझे नहीं पता अधिवक्ता है। जिन्हें पाबंद कर छोड़ दिया। इस दौरान घटना क्रम का वीडियो बनाने वाले को पकड़ कर पाबंद करवाया। इधर मामले को लेकर बार अध्यक्ष राकेश मोगरा, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण खण्डेलवाल, भरत जोशी, अधिवक्ता दिनेश गुप्ता, अतिरिक्त लोकर अभियोजक चेतनपुरी गोस्वामी मय दल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार से बातचीत की। किसी प्रकार का हल नहीं निकलने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के कार्यालय पहुंचने पर उनकी प्रतिनिधी मण्डल से हुई थानाधिकारी व टीम को लाईन हाजिर करने एवं प्रकरण दर्ज करने के आदेश देने की जानकारी सामने आई है।

# कोर्ट के सामने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला

## भीड़ जुटने पर बदमाश फरार, घायल गंभीर हालत में बीकानेर रेफर

**अनूपगढ़, (निसं)।** घड़साना मंडी में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। कोर्ट के सामने एक व्यक्ति पर 7-8 युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और हमला कर मौके से फरार हो गए। इस हमले में राहुल नंदा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने घड़साना के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बीकानेर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

सूचना मिलने पर घडसाना पुलिस थाने के एसआई संपतराम मौके पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

राहुल नंदा (30) पुत्र टीकम नन्दा निवासी भगतसिंह नगर घडसाना के परिजनों ने बताया कि लगभग नौ बजे राहुल कोर्ट के सामने घूमने गया था और वह कोर्ट के सामने बैठा था। अचानक 7-8 युवक बाइक पर धारदार हथियार लेकर आए और राहुल पर हमला कर

- **हमलावरों को गिरफ्तार करने के लिए नाकाबंदी करवाई गई**

दिया। अचानक हुए हमले से राहुल घबरा गया।

देखते ही देखते हमलावरों ने ताबड़तोड़ राहुल पर हमला कर दिया। जब हमलावर राहुल पर हमला कर रहे थे उसे समय मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हमलावरों के हाथों में धारदार हथियार देख भीड़ में से किसी ने भी राहुल को हमलावरों से छुड़वाने की हिम्मत नहीं जुटाई। मौके पर भीड़ जुटते देख हमलावर मौके से फरार हो गए। मौके पर जुटी भीड़ ने राहुल को घड़साना के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया और इसकी सूचना उसके परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर राहुल के परिजन और पुलिस चिकित्सालय पहुंचे। राहुल की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बीकानेर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

एसआई संपत राम ने बताया कि अभी तक हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है और ना ही हमला करने के कारणों का खुलासा हो सका है। हमलावरों को गिरफ्तार करने के लिए क्षेत्र में नाकाबंदी करवाई गई है।

### करंट लगने से किसान की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मांडल थाना क्षेत्र के नीम का खेड़ा में बीती रात खेत पर रखवाली के लिए गए एक किसान की करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। सरपंच महावीर सालवी ने बताया कि गांव के रामेश्वर लाल हरिजन ने गांव के ही सांवर मल रैगर के खेत को सिजरे पर ले रखा था। बीती रात वह रखवाली के लिए गया था। खेत पर कुएं के मोटर पंप के तार खुले होने से वह करंट की चपेट में आ गया और अचेत होकर गिर पड़ा। सुबह जब सांवर खेत पर गया तो उसे रामेश्वर अचेत अवस्था में दिखा जिसे मांडल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** डबोक थाना क्षेत्र में स्थित तीन मकानों में घुस कर चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। आठ अगस्त रात में सरदारपुरा हॉल 7 एवीसन कॉलोनी तुलसीदासजी की सराय डबोक निवासी भावेश पुत्र श्यामलाल अग्रवाल के कार्यालय में घुस कर चोर अलमारी तोड़ दी, सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए।

इस दौरान पड़ोसी सत्यभान चौहान के मकान में घुस कर दो मोबाईल चुरा ले गए। इसी तरह एक अन्य वारदात में चोर 8 अगस्त रात में तुलसीदास जी की सराय निवासी मोहनलाल पुत्र दूजा जी गमेती के मकान में घूसे चोर चांदी के पायजेब, कंदोरा, सोने की टोकरी, 5 हजार रूपये नकदी तथा बाइक चुरा ले गए। वारदात के दौरान परिजन मकान के पटसाल में सोए थी। पिछे के रास्ते से आए चोर वारदात कर फरार हो गए।

वहीं शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मकान से नकदी चुरा ले जाने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ितभरत पुत्र प्रकाशचन्द्र जैन निवासी लकडवास प्रतापनगर ने आरोपी लाला मीणा निवासी बसु जगत कुराबड के खिलाफ नकदी चुरा ले जाने का मामला दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी मेरे मकान पर परचुनी निर्माण कार्य कर रहा है। गत दिनों मैने 1 लाख 50 हजार रूपये अलमारी में रखी थी।16अगस्त को देखा तो नकदी गायब थी।

# तीन तस्करों को पकड़कर ग्रामीणों ने जीप में लगाई आग

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** गायों की तस्करी के शक में लोगों ने थाने पर जमकर प्रदर्शन किया। लोगों में इतना गुस्सा था कि तस्करों की जीप जला दी। प्रदर्शनकारियों ने तीन तस्करों को पकड़कर एक जीवित बछड़े को छुड़वाया। मृत गौवंश भी मिले। मामला श्रीगंगानगर के केसरीसिंहपुर का है।

केसरीसिंहपुर के लोगों को गायों को जिंदा काटने की कोशिश करने की जानकारी मिली थी। इस पर लोगों का गुस्सा भड़क गया। वे मौके पर पहुंचे और तीन युवकों को पकड़ा। उनके कब्जे से एक जीवित बछड़ा भी छुड़वाया। नाराज लोगों ने गौ तस्करों की जीप को भी आग लगा दी। इसके बाद थाने

- **गायों की तस्करी मामले में ग्रामीणों का हंगामा, मृत गौवंश मिले**
- **गायों की तस्करी के शक में लोगों ने थाने पर प्रदर्शन किया**

पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामला शांत हुआ। घटना की सूचना पर श्रीकरणपुर की डीएसपी सुधा पालावत मौके पर पहुंची थी और घटना की जानकारी ली। वे देर रात तक थाने में ही थीं। पुलिस ने इस मामले में संजय कुमार पुत्र ठाकर राम, अजय पुत्र कालाराम और गोगा पुत्र चेलीराम को पकड़ा है। तीनों आरोपी श्रीगंगानगर के रहने वाले हैं। लोगों ने घटना के विरोध में सोमवार को मंडी बंद रखने की घोषणा की है।

डीएसपी सुधा पालावत का कहना है कि तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को राउंडअप किया गया है। मौके से एक जिंदा बछड़ा मिला है। कुछ मृत गौवंश भी मिले हैं। जांच के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है।

### युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (निसं)।** बीमारी से परेशान युवक ने अपने शरीर में नुकीले सरिये डाल कर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र सज्जनगढ रोड मानसून कॉलोनी निवासी शैलेन्द्रसिंह पुत्र भंवरसिंह राजावत ने आत्महत्या कर ली। शैलेन्द्र की तबीयत खराब रहती थी जिसका अहमदाबाद में उपचार चल रहा था। परिजन उसे नियमित जांच के लिए अहमदाबाद ले कर जाने वाले थे। इससे पूर्व सोमवार तड़के उसने मकान की छत पर जाकर वहां पडे नुकीले सरिये अपने पेट, छाती में घुसा लिए। जांच के लिए अहमदाबाद जाने के लिए तलाश की तो छत पर लहूलुहान हालत में देख परिजन उसे एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।

# आयुर्वेद वि.वि. जोधपुर में प्रथम कुलपति पद्मश्री प्रो.रामहर्ष सिंह को श्रद्धांजलि दी

**जोधपुर, (कासं) ।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद वि.वि. जोधपुर में प्रथम कुलपति पद्मश्री प्रो. रामहर्ष सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रो. रामहर्ष सिंह का रविवार को निधन हो गया था। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आयुर्वेद संकाय के डीन पद पर आसीन रहे प्रो. सिंह 17 फरवरी 2003 से 16 फरवरी 2006 तक जोधपुर में देश की द्वितीय नवस्थापित आयुर्वेद विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति के पद पर कार्यरत रहे। अपने तीन साल के कार्यकाल में प्रो. सिंह ने आज के करवड़, जोधपुर में विकासमान विश्वविद्यालय परिसर की योजना, नक्शे बनवाकर निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाया था। प्रो.सिंह ने भारत सरकार एवं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त कर आयुर्वेद विश्वविद्यालय के प्रारंभिक दौर में झालामंड स्थित स्वास्थ्य भवन में विश्वविद्यालय में स्नातक और नर्सिंग पाठ्यक्रमों के अध्ययन-अध्यापन की शुरुआत की थी।

### युवक ने घर में लगाया फंदा

**अनूपगढ़, (निसं)।** वार्ड नंबर 26 में एक 45 साल के एक व्यक्ति ने अपने ही घर पर पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतक की पत्नी अपने दो बच्चों के साथ अपने मायके श्रीगंगानगर गई हुई है। मृतक पवन सेतिया के भाई विजय कुमार ने इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाया है।

# अंतर्राष्ट्रीय मीरां महोत्सव आज से

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** अंतराष्ट्रीय मीरां महोत्सव कार्यक्रम को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया। देर रात समिति के साथ साथ मेड़ता उपखण्ड स्तरीय समस्त प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर मुस्तैदी के साथ जायजा लिया।

मेड़ता उपखण्ड अधिकारी अर्चना चौधरी ने मीरां मंदिर पहुंचकर मीरां महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित जानकारी लेकर सभी अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेड़ता डिप्टी नूर मोहम्मद ने उपखण्ड अधिकारी अर्चना चौधरी, मेड़ता तहसीलदार भागीरथ चौधरी व मेड़ता सीआई प्रमोद गौड़ के साथ यातायात व्यवस्था को लेकर सभी रुठों का अवलोकन किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष दसरथ सारस्वत, सचिव पुखराज कमेड़िया, नंदकुमार अग्रवाल, विक्रम गुरु, मार्गदर्शक रविप्रकाश चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र गहलोत, नरेंद्र लाहोटी, सहसचिव कैलाश गौड़, सुनील चौधरी, विजय सैन, अभिषेक शर्मा, प्रशांत एबोटी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बिड़ला, मुलसिंह देवड़ा, ऋषि भाटी आदि मौजूद रहे।



मेड़ता उपखण्ड अधिकारी अर्चना चौधरी ने मीरां मंदिर पहुंचकर आयोजन से संबंधित जानकारी ली।

### प्लॉट विवाद में कांस्टेबल निलंबित

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर के पावटा स्थित मानजी का हत्था क्षेत्र में कुछ दिनों पहले प्लॉट विवाद में एक कांस्टेबल की भूमिका संदिग्ध लगने पर उसे निलंबित कर दिया। पुलिस उपायुक्त ने एक आदेश जारी कर कांस्टेबल चालक ओमप्रकाश को निलंबित किया गया।

कांस्टेबल का प्लॉट विवाद में दखलअंदाजी किए जाने के आशंका के चलते दो दिन पहले एक ऑडियो वायरल होने के बाद आज निलंबन के आदेश जारी हुए। जानकारी के अनुसार गत दिनों पावटा स्थित मानजी का हत्था क्षेत्र में पिता पुत्र के प्लॉट विवाद के चलते दो पक्ष की तरफ से केस दर्ज करवाए गए थे। पिता अपने प्लॉट को खाली कराना चाहता था। जबकि बेटा प्लॉट खाली नहीं कर रहा था। इस पर कुछ गुंडे बुलाकर प्लॉट पर जबरन घुसकर खाली किया गया। सामान बाहर फेंका गया। एक युवती के साथ महिलाओं ने मारपीट की थी। उस पर लाठियों से हमला किया गया था। युवती की तरफ से अपने दादा और अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने प्रकरण में पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया था।

### अध्यापक ने अध्यापक के साथ मारपीट की

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के पाटिया थाना पुलिस ने अध्यापक के खिलाफ अध्यापक के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अगस्त सवेरे जिले के पाटिया थाना क्षेत्र माली पला उखेडी स्थित राजकीय उ. प्रा. वि. के अध्यापक रामलाल पुत्र बदाजी ननामा के साथ अध्यापक शांतिलाल पंडवाल ने मारपीट कर दी। इसको देख सहकर्मियों ने बीच बचाव किया। शांतिलाल व रामलाल के बीच विद्यालय प्रबंधन को लेकर हुई बातचीत के दौरान आवेश में आकर शांतिलाल ने थप्पड जड इसको देख अन्य सहकर्मियों ने बीच बचाव कर दोनों को दूर किया।इधर पीड़ित रामलाल ने थाने पहुंच कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई नारायणलाल कर रहे हैं।

### बिजली समस्या को लेकर किसानों का फूटा आक्रोश

**सूरतगढ़, (निसं)।** थर्मल के प्रभातनगर समेत टिब्बा क्षेत्र के गांवों में बिजली संबंधी समस्या को लेकर आक्रोशित किसानों ने सोमवार को सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर धरना दिया।

इस दौरान प्रशासन के विरुद्ध किसानों ने जमकर नारेबाजी की। पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, किसान नेता राकेश बिश्नोई, मोहन पूनिया और जयप्रकाश सरावगी के नेतृत्व में लगाए गए धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में किसान मौके पर जुटे हैं। आक्रोशित किसानों का कहना है कि थर्मल के प्रभातनगर में 132केवी जीएसएस को चार्ज कर इससे बिजली आपूर्ति बहाल की जाए। वहीं 8 एसएचपीडी, भोपालपुरा, भोजेवाला, रतासर के स्वीकृत हो चुके 33 केवी के जीएसएस का निर्माण भी शीघ्र शुरू करवाया जाए।

किसानों ने रोष जताते हुए कहा कि टिब्बा बेल्ट में किसानों को कुओं पर पूरी विद्युत सप्लाई नहीं मिल रही। कम वोल्टेज होने और लोड अधिक होने के

- **थर्मल के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन कर सड़क जाम की**

चलते बार-बार ट्रिपिंग की समस्या सामने आ रही है। इससे जहां ट्यूबवेल की मोटरें जल रही है वहीं पकाव पर आ चुकी फसलें भी बर्बाद हो रही है।

पूर्व विधायक राजेंद्र भादू और भाजपा नेता राकेश बिश्नोई ने कहा कि प्रभातनगर के 132 केवी जीएसएस को शुरू करने के लिए शासन प्रशासन को अनेकों बार अवगत करवाया जा चुका है मगर उनकी किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही है। लिहाजा वे आंदोलन के लिए मजबूर हुए हैं। धरना प्रदर्शन और सड़क जाम के चलते थर्मल के मुख्य द्वार से किसानों ने अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही बंद कर रखी है। उधर मामले की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर किसान नेताओं से समझाइश में जुटे हैं।

# बिजली कटौती व कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे किसान

## सूरतगढ़ इलाके के टिब्बा बेल्ट में ट्यूबवेल आधारित फसलें अब लो वोल्टेज व बार-बार होने वाली अघोषित कटौती से झुलस चुकी है

**सूरतगढ़, (निसं)।** कहते हैं कि जब राम रूठ जाता है तो राज भी अक्सर रूठ ही जाता है। कुछ ऐसा ही चरितार्थ हो रहा है इस बार अन्नदाता पर। एक तरफ लम्बे अरसे बाद घग्घर नदी में आए बाढ़ के पानी के चलते बहाव क्षेत्र के किसानों की फसल डूबने से चौपट हो गई तो वहीं अब बाकी इलाके में बची फसलें भी प्रदेश में आए बिजली संकट के चलते नष्ट होने की कगार पर है।

सूरतगढ़ इलाके के टिब्बा बेल्ट में ट्यूबवेल आधारित फसलें अब लो वोल्टेज व बार-बार होने वाली अघोषित कटौती के चलते पूरी तरह झुलस चुकी है। वहीं, बेबस किसान दिन रात अब बारिश की आस लगाए बैठा है। मानसून सत्र में गत दिनों हुई बारिश के बाद एक बार हालात सामान्य होने के पश्चात अब बारिश नही होने से टिब्बा बेल्ट में किसानों की हालात दयनीय है। रोजाना किसान खेतों में जाकर जब अपने ट्यूबवेल को शुरू करते है तो लो-वोल्टेज के चलते मोटरें भी शुरू नहीं हो पाती। वहीं अगर मोटर शुरू हो भी जाए तो बार-बार लगने वाले बिजली कट के चलते खेत के एक बीघा भी पानी नहीं लग पाता।

टिब्बा बेल्ट के किसान श्योपतराम सुथार ने बताया कि इलाके में बिजली समस्याओं को लेकर पिछले चार साल से हर बार गर्मी के मौसम में किसान लो-वोल्टेज व बार-बार होने वाली अघोषित कटौती को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन करते है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी महज आश्वासन देकर अपनी इतिश्री कर लेते है। परंतु इस समस्या का अब तक कोई स्थायी समाधान नही हुआ है। जिसके कारण इलाके के किसानों की फसल पकाव के समय सिंचाई पानी के अभाव में नष्ट हो जाती है। इससे किसानों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है।

किसान श्योपतराम सुथार ने बताया कि किसानों को मात्र छह घण्टे बिजली मिलती है। ऐसे में बार- बार लगने वाले अघोषित बिजली कट के कारण किसानों को छह में से मात्र तीन से चार घण्टे ही बिजली मिल पाती है। यह भी पूरे वोल्टेज के साथ नहीं मिलती। ऐसे में इन मोटरों से रोजाना एक बीघा भूमि में भी पानी नहीं लग पाता है। लो-वोल्टेज के चलते आए दिन किसानों की मोटरे जलती है।

किसानों ने बताया कि जब बिजली विभाग के अधिकारियों को बार-बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती व लो-वोल्टेज के बारे में पूछने सहित अन्य कार्यों को लेकर फोन किया जाता है तो विभाग के अधिकारी फोन उठाने से ही परहेज करते हैं।

डिस्कॉम के एक्सईएन अजय शर्मा ने बताया कि इलाके में ऐसी कोई समस्या नहीं है। 33 केवी व 11 केवी की लाईन सही है। प्रसारण निगम में जनरेशन कम होने के कारण उनके पास इसको इम्प्रूव करने का कोई सिस्टम नही है।

### अनूपगढ़ में किसानों और ग्रामीणों ने दिया धरना

## पांच घंटे भी नहीं होती विद्युत आपूर्ति, फसलें जलने लगी

**अनूपगढ, (निसं)।** क्षेत्र में पिछले 10 दिन से अघोषित बिजली कटौती और कम वोल्टेज के कारण आमजन खासकर किसानों को परेशानी होने लगी है। आक्रोशित लोगों ने सोमवार को बिजली विभाग के कार्यालय के बाहर धरना दिया। ग्रामीणों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया। धरने पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि समस्या को लेकर बार बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे परेशानियां बढ़ गई हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि शहर की अपेक्षा गांवों में बिजली सप्लाई काफी कम समय के लिए दी जा रही है। जिससे ग्रामीण और किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कम वोल्टेज के कारण ग्रामीणों की सिंचाई पानी की

- **शनिवार को भी बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर धरना दिया था**

मोटरें भी जल चुकी हैं, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

किसान नेता जसवंत सिंह चंदी ने बताया कि सरकार ने गांवों में 6 घंटे बिजली आपूर्ति निर्धारित की थी जिसे घटकर अब 5 घंटे कर दिया गया है। अब पांच घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को भी बिजली आपूर्ति को सुचारू करने की मांग को लेकर कार्यालय में धरना दिया गया था। एईएन भूप सिंह ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही आपूर्ति में सुधार किया जाएगा, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

# स्लीपर बस और कार में भिड़ंत, पति-पत्नी तथा बेटे की मौत

## गंभीर घायल बेटी और कार चालक को जोधपुर रैफर किया

**जोधपुर, (कासं)।** जिले के खेड़ापा पुलिस थाना क्षेत्र चटालिया गांव की सरहद में सोमवार की सुबह भीषण सड़क हादसे में परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि परिवार की बेटी और कार का चालक बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल रैफर किया गया है। हादसा नेशनल हाइवे 62 पर हुआ।

■ **नागौर से बेटी के लिए दवाई लेने के कार से जोधपुर के लिए निकले थे**

खेड़ापा थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि नागौर जिले के गिगालिया स्थित बुगालियों की ढाणी के रहने वाले 55 साल के रामकरण जाट सोमवार की अलसुबह नागौर से अपनी बेटी मोनिका के लिए दवाई लेने के लिए कार से जोधपुर के लिए निकले थे। कार में बेटी मोनिका के साथ पत्नी 52 साल की चंदूडी, बेटा 27 साल का रामनिवास भी साथ थे। कार चालक कमल किशोर कार लेकर जब नेशनल हाइवे 62 पर चटालिया गांव की सरहद में पहुंचा तब एक स्लीपर बस से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में रामकरण, उनकी पत्नी चंदूड़ी, बेटा रामनिवास की मौत हो गई। जबकि बीमार मोनिका और कार का चालक कमल किशोर हादसे में बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को तत्काल जोधपुर के एमडीएम अस्पताल भेजा गया।

थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मृतक रामकरण की पुत्री मोनिका के बीमारी के चलते जोधपुर दवाई लेने आ रहे थे। हादसे के बाद दोनों वाहनों को जब्त कर थाने भिजवाया गया। इस बारे में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। बस जोधपुर से नागौर की तरफ जा रही थी, जबकि कार में सवार लोग जोधपुर की तरफ आ रहे थे। शवों को कार्रवाई के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# मानसिक रोगी महिला से रेप के आरोपी को आजीवन कारावास

**जालोर, (कासं)।** अनुसूचित जाति-अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण प्रकरण न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीश पीयूष चौधरी ने माननिक रोगी महिला के साथ बलात्कार करने के आरोपी को प्राकृतिक मृत्यु होने तक का आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

प्रकरण के अनुसार पीड़िता के भाई ने 20 मई 2022 को रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। उसकी छोटी बहन पीड़िता मानसिक रूप से बीमार है, जो 19 मई 2022 को शाम को 6 बजे जंगल में शौच करने गई थी, तब मसरू उर्फ मसराराम पुत्र सुरताराम देवासी उसकी बहन का पीछा करते हुए गया तथा उसकी बहन को नाडी में ले गया। उसकी बहन बहुत देर तक घर नहीं आई, तो उसका बेटा उसकी बहन को ढुंढते हुए नाडी की ओर गया। तब देखा कि उसकी बहन के साथ मसरू उर्फ मसराराम गलत काम कर रहा था। तब उसका पुत्र चिल्लाया तो मसरू उर्फ मसराराम ने उसके पुत्र को धमकी देने लगा कि यह बात किसी को बताई तो उसे व उसके पिता को जान से खत्म कर देगा। तब उसके पुत्र ने उसको उसकी बहन के साथ घटी घटना के बारे में बताया।

उसके बाद उसकी बहन ने भी डरी सहमी हुई हालात में उक्त घटना के बारे में उसे बताया। पुलिस ने उक्त रिपोर्ट पर अनुसूचित जाति की मानसिक रूप से बीमार महिला के साथ दुष्कर्म करने मामला दर्ज कर आरोपी मसराराम उर्फ मसरू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया।

अजा-अजजा न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश पीयूष चौधरी ने दोनो पक्षों की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाीधाश चौधरी ने माना कि आरोपी मसराराम उर्फ मसरू ने एक अनुसूचित जाति की मानसिक नि:शक्ता से ग्रस्त महिला के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप कारित किया है। आरोपी मसराराम उर्फ मसरू को मानसिक नि:शक्ता से ग्रसित महिला के साथ बलात्कार करने का दोशी मानते हुए प्राकृतिक मृत्यु होने तक का आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सरकार की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक सुधा त्यागी ने की।

# ट्रेलर ने बाइक सवार दंपति को चपेट में लिया, महिला की मौत

## दंपति मोटरसाइकिल पर किसी कार्य के लिए जा रहे थे, पति घायल

**लालसोट, (निसं)।** थाना क्षेत्र के कोथून रोड पर लाडपुरा के पास सोमवार दोपहर के बाद एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार महिला के दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक महिला सपना जांगिड़ महिला बाल विकास विभाग में आशा सहयोगिनी के पद पर कार्यरत थी। दंपति मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी कार्य के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे अनियंत्रित ट्रेलर द्वारा मोटरसाइकिल पर सवार दंपत्ति को चपेट में ले लिया। इस सड़क दुर्घटना में जिस समय ट्रेलर द्वारा मोटरसाइकिल को चपेट में लिया। मोटरसाइकिल चला रहे महिला आशा सहयोगिनी सपना जांगिड़ के पति मदनलाल जांगिड़ उछलकर दूर गिर



मृतका सपना जांगिड़।

गंभीर घायल हो गए एवं पत्नी महिला आशा सहयोगिनी ट्रेलर के नीचे आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

इस सड़क दुर्घटना के बाद ट्रेलर

■ **मृतक महिला आशा सहयोगिनी पद पर कार्यरत थी**

चालक मौके का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा। इस सड़क दुर्घटना में घायल मृतक पत्नी के पति मदनलाल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा मौके से ट्रेलर को कब्जे में लेकर थाने खड़ा किया गया एवं मृतक आशा सहयोगिनी के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। इसके पश्चात मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। इस सड़क दुर्घटना को लेकर पुलिस मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# युवक की पीट-पीट कर हत्या, आरोपी फरार

**बीकानेर, (निसं)।** यहां एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मर्डर के बाद से आरोपी फरार है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

मामला जिले के लूणकरनसर का है। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में इनके बीच विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपियों ने युवक की हत्या कर दी। चांदराम बावरी (32) परिवार के साथ लूणकरनसर के वार्ड संख्या 32 में रहता है। आरोप है कि वह रात शराब पीकर गाली गलौच कर रहा था। इस बत को लेकर उसका भागीरथ उर्फ भाणियां प्रजापत, मुकेश पुत्र गोपालाराम कुम्हार, निजामुद्दीन, मिरासी व पवन पुत्र, हड़मान तारंग से विवाद हो गया। इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसने दम तोड़ दिया। ऐसे में मारपीट का ये मामला हत्या में दर्ज हो गया। चांदराम की पत्नी ने हत्या का मामला दर्ज कराया है।

आरोप है कि चांदराम बावरी अपने घर में छिपा हुआ था। तभी

■ **बदमाशों से बचने के लिए घर में छिपा था, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा**

■ **पुलिस ने हत्या के मामले में अब तक चार लोगों को राउंडअप किया है**

आरोपी वहां पहुंच गए। वो मौका देखकर दीवार फांदकर भाग गया। इस पर उसका पीछा किया और पकड़कर काफी देर तक पीटा गया। जब क्षेत्र के लोग एकत्र हो गए तो मारपीट करने वाले भाग गए। इसके बाद लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या के मामले में अब तक हनुमान, भागीरथ, निजामुद्दीन और गोपालराम कुम्हार को राउंडअप किया है। एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। मामले की जांच एससी-एसटी सेलके प्रभारी डीवाईएसपी अनिल कुमार को सौंपी गई है।

# बीकानेर में तापमान में बढ़ोतरी

**बीकानेर, (निसं)।** यहां एक बार फिर जून वाली गर्मी का अहसास होने लगा है। रविवार के बाद सोमवार को भी तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। उमस बढ़ने के साथ ही बारिश की उम्मीद बंधी। मौसम विभाग ने भी अपनी भविष्यवाणी में बीकानेर का जिक्र किया तो लोग आसमान की ओर ताकने लगे। हालांकि अब तक लोगों को निराशा ही हाथ लगी है क्योंकि बादल आने के बाद भी बरसे नहीं। बीकानेर में शनिवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम बदलने की उम्मीद थी।

रविवार से ही बीकानेर में गर्मी तेज हो गई थी। तापमान में हुई बढ़ोतरी के बाद शाम को बादलवाही हो गई। रविवार शाम से सोमवार शाम तक बादलों की आवाजाही बनी रही। इस बीच रविवार रात मौसम विभाग ने भी बारिश की उम्मीद जताई। जिले में रविवार रात तो दूर सोमवार शाम तक भी बारिश नहीं हुई। अलबत्ता, तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का अहसास बढ़ गया। पिछले कई दिनों से बीकानेर का पारा 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही चलरहा था जो अब दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है।

# वी.डी.ओ. दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जालोर/समदड़ी, (निसं)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जालोर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये विजय कुमार, ग्राम विकास अधिकारी, अम्बाका वाडा (लाखेटा), जिला बालोतरा को परिवादी से दस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की जालोर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि 74 हजार रूपये के बिल पास करवाने की एवज में विजय कुमार, ग्राम विकास अधिकारी, अम्बाका वाडा ( लाखेटा), जिला बालोतरा द्वारा 10 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरवीजन में एसीबी जालोर

■ **74 हजार रूपये के बिल पास करवाने की एवज में रिश्वत मांगी**

इकाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर अरविन्द कुमार, पुलिस निरीक्षक मय टीम के आज ट्रेप कार्यवाही करते हुये विजय कुमार पुत्र शंकर लाल माली, निवासी समदड़ी, जिला बालोतरा हाल ग्राम विकास अधिकारी, अम्बाका वाडा (लाखेटा), जिला बालोतरा को परिवादी से 10 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेंगा।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**बौंली, (निसं)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। बाबूलाल सैनी उम्र 34 वर्ष निवासी हिंदूपूरा लालसोट से अपने गांव हिंदूपुरा आ रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची एवं घायल को बौंली चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

# शराब के नशे में शिक्षक स्कूल पहुंचा

**टोंक, (निसं)।** देश में आज भी शिक्षक का सम्मान बच्चों के भविष्य निर्माणदाता के रूप में किया जाता है, लेकिन शिक्षा के मंदिर स्कूल में ही भविष्य निर्माणदाता शिक्षक ही शराब के नशे में धुत्त होकर आये तो फिर बच्चों के भविष्य का क्या होगा।

उनियारा ब्लॉक के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रूपपुरा में भी ऐसे ही हालात देखे गए हैं, जहां एक साइंस का टीचर शराब के नशे में धुत्त होकर लड़खडाता हुआ स्कूल पहुंचा।

■ **शिक्षक को स्कूल से कार्यमुक्त क सीबीईओ कार्यालय के लिए रिलीव किया**

जहां उसे ठीक से खड़ा भी नहीं रहा गया तो वह एक कमरे में जाकर बैंच पर लेट गया। इसका पता ग्रामीणों को लगने के बाद उनमें रोष व्याप्त हो गया है। उन्होंने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। बहरहाल नशे में स्कूल पहुंचे विज्ञान विषय के सेकंड ग्रेड टीचर रमेश चंद मीना को स्कूल से कार्यमुक्त कर सीबीईओ कार्यालय के लिए रिलीव कर दिया है।

प्रिंसिपल हरकिशन मीणा ने बताया कि यह टीचर एमएससी फर्स्ट डिवीजन से पास है। गत साल यह भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर में था, गत साल सितंबर में यह ट्रांसफर होकर यहां आया है। शराब पीने की लत से इसकी हालत खराब हो गई है, यह मूलत रहने वाला भी उनियारा क्षेत्र के मंडालिया गांव का ही है।

# बनेड़ा मे चौथे दिन भी धरना जारी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा नवगठित शाहपुरा जिले में बनेड़ा तहसील क्षेत्र को शामिल किया गया, लेकिन क्षेत्रवासी भीलवाड़ा जिले में ही रहना चाहते हैं इसको लेकर पहले भी प्रशासन को ज्ञापन देकर राज्य सरकार तक अपनी मांग ग्रामवासियों द्वारा पहुंचाई गई लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ। इसी को लेकर बनेड़ा बचाओ संघर्ष समिति के तहत तीन दिन पूर्व संपूर्ण बनेड़ा बंद रख कर समस्त ग्रामवासी बनेड़ा के मुख्य बाजार में एकत्रित होकर जुलूस के रूप में उपखंड कार्यालय पहुंचे थे। सोमवार को अनिश्चितकालीन धरने के चौथे दिन भी विरोध जारी रहा।

बनेड़ा बचाओ संघर्ष समिति विधायक केलाश मेघवाल मुर्दाबाद, अशोक गहलोत होश में आओ के नारे भी लगे। इस दौरान, राजाधिराज गोपाल चरण सिसोदिया, लक्ष्मी लाल सोनी, पूर्व सरपंच रतन सिंह, हेमंत पालीवाल, घनश्याम सिंह, कैलाश देराश्री, सरपंच संपत माली, उप सरपंच देवी लाल माली, एडवोकेट मुरारी जोशी, भैरू लाल लखारा, मनीष देराश्री, किशन माली पिंटू माली सहित अनेक ग्रामवासी सहित कई कार्यकर्ता धरने पर मौजूद रहे।

# 25 हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## नाबालिग लड़की को लेकर नेपाल, मुंबई, नागपुर, दिल्ली और बीकानेर में फरारी काटी

**नोखा, (निसं)।** क्षेत्र की जसरासर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 महीने से फरार 25 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की को लेकर चार महीने से फरार था। पुलिस अधीक्षक बीकानेर ने 25 हजार रुपए का इनाम भी जारी किया था। मामले में उच्च न्यायालय में हैवियस कापर्स (बन्दी प्रत्यक्षीकरण) लगी हुई थी। आरोपी ने नाबालिग लड़की को लेकर नेपाल, बम्बई, गुजरात व दिल्ली में फरारी काटी थी।

थानाधिकारी जसवीर कुमार ने बताया कि 30 मार्च को परिवादी ने जसरासर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया कि उसकी नाबालिग बहन बिना बताए घर से चली गई। जिस पर आसपास रिश्तेदारी में पता किया तो कुछ पता नहीं चला। जांच में नाबालिग लडकी के भगाने वाले आरोपी को नामजद कर

■ **आरोपी की पुलिस चार महीने से कर रही थी तलाश**

तलाश की गई।

पुलिस अधीक्षक बीकानेर ने आरोपी लालमदेसर छोटा निवासी पप्पूराम नायक पर 25000 रुपए का इनाम घोषित किया। थाना स्तर पर टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। आरोपी की तलाश महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तरप्रदेश तथा राजस्थान में बीकानेर, नागोर, चूरू, सीकर, जोधपुर, जयपुर, पाली में हर संभावित स्थानों पर की गई और करीब 300 लोगों से पूछताछ की गई। जिस पर पुलिस को आरोपी के रामप्रताप बस्ती में देखने की सूचना मिली। थानाधिकारी जसवीर कुमार ने दो दिन तक रामपुरा बस्ती, मुक्ता प्रसाद, बिछवालक्षेत्र में अलग टीम गठित कर तलाश शुरू की गई तो आरोपी पप्पूराम नाबालिग लड़की को लेकर पैदल ही शोभासर और कानासर में जाने की सूचना मिली। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को बालिका गृह भिजवाया।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने नाबालिग लड़की सहित नेपाल, मुंबई, नागपुर, दिल्ली और बीकानेर में फरारी काटी। आरोपी राजस्थानी भाषा के अलावा पंजाबी, गुजराती और नेपाली भाषा भी आसानी से बोलता है। कार्रवाई में थानाधिकारी जसवीर कुमार, एएसआई भागीरथ राम, कांस्टेबलसतीश कुमार, जयपाल, शिवप्रकाश, रूघवीर, कैलाश, किसनाराम, महिला कांस्टेबल सुनिता, कांस्टेबलअजय कुमार पुलिस थाना जसरासर और क्यूआरटी कांस्टेबल भंवर लाल, बीकानेर के दिलीप सिंह हेड कांस्टेबल साइबर सेल शामिल रहे।

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की निर्मम हत्या

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के बामनवास पट्टीकला उपखंड मुख्यालय पर सोमवार को एक गंभीर घटना के तहत एनएसयूआई के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की सरेआम चाकूओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रुकमकेश मीणा की तीन हमलावरों ने उस समय चाकू से गोदकर हत्या कर दी जब वह एक धार्मिक कार्यक्रम में सहस्त्रघट अभिषेक में भाग लेने शिव मंदिर गए हुए थे। इसी दौरान तीन युवकों ने रुकमकेस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुई इस घटना से शिव मंदिर धार्मिक कार्यक्रम में भगदड़ व खलबली मच गई। सूचना

■ **धार्मिक कार्यक्रम में सहस्त्रघट अभिषेक में भाग लेने शिव मंदिर गया हुआ था**

पाकर बामनवास पुलिस मौके पर पहुंची एवं घायल छात्रनेता को गंभीर हालत में बामनवास चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से बामनवास में आक्रोश फैल गया एवं लोगों ने बाजार बंद करा कर आक्रोश व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक संपतराम मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे एवं आक्रोशित भीड़ को समझाने का प्रयास किया। फिलहाल बामनवास में कोई भी पुलिस अधिकारी इसकी पूरी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं लेकिन मामला प्रेम-प्रसंग से ही जुड़ा मिल सकता है। देर शाम तक धरना प्रदर्शन लोगों द्वारा किया जा रहा था।। एवं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी लोगों को समझाइश का प्रयास कर रहे हैं। वैसे पुलिस को मुखबिर की सूचना के अनुसार हमलावरों का पता लग गया है लेकिन पुलिस अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रही है।

# विवाहिता ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया

**मसूदा, (निसं)।** एक पीड़ित विवाहिता गुलाबीदेवी पत्नी श्रवण सिंह ने मसूदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि मसूदा स्थित रेबारी की ढाणी में एक मकान महेंद्र कुमार पुत्र बाबूलाल रेगर से बेचान किया जिसका नोटरी सहित स्टाम्प मेरे हक में लिख कर दिया है तथा बेचान स्टांप के आधार पर मुझे मौके पर मकान का कब्जा सुपुर्द किया मैंने उसके बाद उक्त मकान में अपना घरेलू सामान लाकर रख दिया था।

उक्त आरोपी की नियत में पुन: खोट आने से मुझे वह मेरे परिवार को नाजायज परेशान कर रखा है तथा आरोपी महेंद्र कुमार के द्वारा 14 अगस्त देर शाम मेरे पति श्रवण सिंह को फोन पर धमकी देकर कह रहा है कि अपना सामान वापस खाली करके ले जाओ नहीं तो गांव के 10 आदमी को एकत्रित करके उक्त सामान को बाहर फेंकवा देगा।

पीड़ित विवाहिता ने बताया किमेरे पति को धमकी दे रहा है कि गुलाबी व उसके पुत्र राजेश पुत्रवधू शारदा व अन्य परिवार के हाथ पैर भी तुडवा देगा। आरोपी की भाभी अनीता व आरोपी महेंद्र व उसकी

■ **रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि एक मकान महेंद्र कुमार से बेचान किया था**

भाभी अनीता दोनों मेरे घर खिमपुरा आकर के मेरे पति श्रवण सिंह को डरा धमका रहे हैं।

अगर जल्दी से मकान में रखा सामान खाली नहीं किया तो मुझे वह मेरे परिवार को एसीएसटी के झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देंगे और अनीता के द्वारा भी झूठे आरोप आरोप की धमकी देकर मुझे वह मेरे परिवार के साथ में मेरे पति को भी डरा रहे हैं। जो कि गलत है तथा मेरे पति डायबिटीज वह बीपी के मरीज है मेरे पति श्रवण सिंह और मेरे परिवार के किसी भी सदस्य को कुछ भी हो जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी आरोपी महेंद्र कुमार एवं उसकी भाभी दोनों की होगी इसकी वजह से मेरा पूरा परिवार भयभीत एवं सदमे से गुजर रहा है। पीड़ित महिला ने पुलिस से गुहार लगाते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर इंसाफ की मांग की।

# विधायकों को लोकतंत्र को मजबूत और संसदीय परंपराओं को समृद्ध करने के प्रयास करने चाहिए : ओम बिड़ला

## लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में सी.पी.ए. का अभूतपूर्व योगदान : लोकसभा अध्यक्ष

**उदयपुर, (कासं)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सोमवार को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सी.पी.ए.) भारत क्षेत्र के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में उपस्थित पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को संबोधित करते हुए बिड़ला ने कहा कि विधान मंडल, चाहे वह संसद हो या राज्य विधान सभाएं और विधान परिषदें, 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं-सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए जन प्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे विधायिका में लोगों के विश्वास को बनाए रखें।

बिड़ला ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करना जन प्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि विधानमंडल लोगों के सामाजिक, आर्थिक कल्याण के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि विधायकों को लोकतंत्र को मजबूत करने और संसदीय परंपराओं को समृद्ध करने के प्रयास करने चाहिए। सुशासन में विधानमंडलों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए बिड़ला ने कहा कि विधायी कामकाज में जन.केंद्रित शासन पर रचनात्मक और सार्थक चर्चा होनी चाहिए। बिड़ला ने इस बात का उल्लेख किया कि जनता की विधायकों से यह आशा होती है कि वे जनकल्याणकारी नीतियों को तैयार करने में कार्यपालिका का मार्गदर्शन करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए विधान सभाओं में सार्थक चर्चा करेंगे और यह तभी हो सकता है जब जनप्रतिनिधि उच्च मानकों के अनुसार आचरण और कार्य करें तथा सदन और सार्वजनिक जीवन में अनुशासन और मर्यादा का पालन करें। इस संदर्भ में बिड़ला ने पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता और तटस्थता पर जोर देते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारियों की यह विशेष जिम्मेदारी है कि वे अपने पद की गरिमा के अनुसार आचरण करें और सुनिश्चित करें कि सदन का संचालन निष्पक्ष रूप से हो। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पीठासीन अधिकारी इस सर्वोच्च पद की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए सभी संभव प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वर्तमान समय में सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत सहायक है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि आईटी की




राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ ( सीपीए ) के नौवें भारत क्षेत्र सम्मेलन का अतिथियो ने शुभारंभ किया।

परिकल्पना हमारे नेताओं द्वारा की गई थी जिन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से अपनाए जाने के लिए मिशन मोड पर काम किया था। गहलोत ने आगे कहा कि विधान सभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने पिछले पांच वर्षो में सीपीए को मजबूत किया है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सम्मेलन में डिजिटल सशक्तिकरण और सुशासन की दिशा में जन प्रतिनिधियों के कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने सीपीए सम्मेलन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश के विधानमंडलों के समक्ष आने वाली गंभीर चुनौतियों पर पीठासीन अधिकारियों की चर्चा के लिए यह एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मंच पर नवीन विचारों और अनुभवों को साझा करने से सुशासन

■ **उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सी.पी.ए.) भारत क्षेत्र के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन**

बढेगा। सूचना संचार प्रौद्योगिकी के क्रांतिकारी प्रभाव के संदर्भ में हरिवंश ने कहा कि शासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिली है बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ है कि जनकल्याणकारी लाभ सीधे उन लोगों तक पहुंचें जो उनके हकदार हैं। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने इस बात का उल्लेख किया कि राजस्थान ने संसदीय लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं की स्थापना में अग्रणी योगदान दिया है। डॉ. जोशी ने देश भर में संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में अनवरत प्रयास करने के लिए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को धन्यवाद दिया। उन्होंने सीपीए के लक्ष्यों और उद्देश्यों का उल्लेख भी किया जिसमें लोगों के लाभ के लिए लोकतंत्रए सुशासन और विधि के शासन को बढ़ावा देना शामिल है।

## संक्षिप्त

### सचिन पायलट आज टोंक के दौरे पर

**टोंक,** (निसं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट टोंक दौरे पर आ रहे हैं, जिन्हे वर्तमान में कांग्रेस वर्कीग कमेठी में स्थान मिल जाने से टोक विधायक समर्थको में उत्साह देखा जा रहा है, शहर को बडे-बडे होर्डिग से आकर्षक बनाया गया है। यहां गोरतलब है कि समाचार लिखे जाने तक कांग्रेस जिला कमेठी द्वारा प्रेस को किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। सिर्फ होर्डिंग के हवाले से पता चला है कि सचिन पायलट टोंक हदय स्थल घन्टाघर के समीप रामलीला मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### ओमप्रकाश साहरण ने कार्यभार संभाला

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। जिला खैरथल तिजारा के अतिरिक्त जिला कलेक्टर पद पर ओमप्रकाश साहरण ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। ओमप्रकाश साहरण जिला आबकारी अधिकारी अलवर के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2022 में किशनगढ़ बास उपखंड अधिकारी रहते ओम प्रकाश सहारण ने अलवर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के पद संभाला उसके बाद उनका तबादला अलवर जिला आबकारी के पद पर कर दिया गया। जिला आबकारी रहते अब उन्हें खैरथल तिजारा जिले का अतिरिक्त जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

### चोरी का आरोपी पकड़ा

**दूदू,** (निसं)। मौजमाबाद थाना क्षेत्र के अधीन धमाण स्थित नर्सरी से गत दिनों सौर ऊर्जा की लगी प्लेटें चोरी हो जाने की दर्ज रिर्पार्ट के बाद पुलिस ने कार्यवाही एक आरोपी को गिरफ्तार कर प्लेटें बरामद कर ली हैं। उपपुलिस अधीक्षक जुल्फीकार अली ने बताया कि 18 अगस्त को रात को नर्सरी से प्लेट चोरी हो जाने की रिपोर्ट सीताराम मालाकार ने दर्ज करायी के बाद टीमें गठित कर चोरों की तलाश शुरू की के दौरान आरोपी सीताराम बागरिया निवासी पचाला को गिरफ्तार कर प्लेट बरामद कर ली है।

# ग्रामीण ओलंपिक में स्थानीय खेल प्रतिभाओं ने दमखम दिखाया

**लालसोट रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। उपखंड मुख्यालयों पर आयोजित हो रही राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिताओं में स्थानीय खेल प्रतिभाओं ने दमखम दिखा कर लोगों को हैरत अंगेज कर दिया।

राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिताओं के दौरान सैकड़ों ऐसी प्रतिभाएं जो अवसर के अभाव में खुद का प्रदर्शन नहीं कर पा रही थी उनको सार्वजनिक तौर पर खुलकर प्रदर्शन करने के बाद निखरने का मौका मिला। ग्रामीण ओलंपिक खेलों के मीडिया प्रभारी व्याख्याता कमलेश



प्रतियोगिता के दौरान बालिकाओं ने कबड्डी में दमखम दिखाया।

- ग्रामीण ओलंपिक का समापन आज

गौतम ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन आज मंगलवार को विधिवत किया जाएगा। मीडिया प्रभारी गौतम ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथूलाल मीणा एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता नगर पालिका के अध्यक्ष रक्षा मिश्र करेगी। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह एवं दत्त रामफूल सैनी जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक पटेल तानसेन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक पुरोहित रहेंगे। सोमवार को खेले गए ग्रामीण ओलंपिक में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में लालपुरा विजेता रही एवं बिलौना कला उपविजेता रही। महिला वर्ग में लालपुरा विजेता व श्रीरामपुरा उपविजेता रही।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में डीडवाना विजेता व दौलतपुरा उपविजेता वह महिला वर्ग में पट्टी किशोरपुरा विजेता व दौलतपुरा उपविजेता रहे। इसी तरह फुटबॉल मैच में पुरुष वर्ग में डीडवाना विजेता व श्यामपुरा कला उपविजेता रहे व महिला वर्ग में मिर्जापुर विजेता रहे। खो खो के मैच में महिला वर्ग में गोल विजेता व बिलोना कला विजेता रहे एवं रस्साकशी प्रतियोगिता में महिला वर्ग के फाइनल मैच में निर्झरना वश्यामपुरा कला का मैच होगा। कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में फाइनल में सवासा व डिगो के बीच होगा।

## दैनिक रेल यात्री संघ की बैठक

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित रामद्वारा भवन परिसर में रविवार को दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा की एक आवश्यक बैठक का आयोजन दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष अशोक वासुदेव की अध्यक्षता में किया गया।

जिसमें सभी ट्रेनों के मध्य एम एस टी की सुविधा प्रारंभ करवाने हेतु एवं कोरोना पूर्व ट्रेनों के ठहराव हेतु चर्चा की गई। वहीं उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से आगामी रविवार को मीटिंग रखने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी दैनिक रेल यात्रियों को एकजुट करने एवं चुनाव पूर्व विशाल जन रैली निकालने की बात रखी गई।

इस अवसर पर संघ अध्यक्ष अशोक वासदेव, जेड आर यू सीसी सदस्य भारत शर्मा, इकरामुद्दीन कुरैशी, टीकम शर्मा, बलवीर गुर्जर ,आलोक शर्मा अतुल शर्मा, मनीष सचदेवा,मनीष शर्मा ,बाबूलाल अजमेरा , युगल शर्मा ,अम्मू स्वामी, ताराचंद कुमावत रविन्द्र, श्याम सुन्दर पारीक, हेमचन्द अजमेरा, सत्य नारायण, राम करण, शुभम शर्मा (ढींढा) , अविनाश दाधीच, (ढींढा), राजू जांगिड़, दिनेश, सुरेंद्र नाथावत, नवनीत शर्मा, जितेन्द्र जादौन, बद्री यादव सहित अन्य दैनिक रेल यात्री उपस्थित रहे।

## शीतला माता के पद यात्राओं की धूम

**चाकसू,** (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र की शील की डूंगरी स्थित प्रसिद्ध शीतला माता के स्थान पर प्रदेश भर से पद यात्रियों सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है।

जयपुर से महज 45 किलोमीटर दूर चाकसू स्थित शीतला माता मंदिर पर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ लग रही है। शील की डूंगरी इलाके में मेले सा माहौल बना हुआ है। शीतला माता मंदिर तक पहुंचने के लिए जितने रास्ते हैं सभी पर डीजे के साथ नाचते गाते यात्रियों की लम्बी कतार आती दिखती है। शीतला माता की जय के घोष के नारे गूंज रहे हैं।अधिकांश जिलों से शीतला माता के यात्राएं आ रही हैं। विभिन्न गांवों और कस्बों से पदयात्री डीजे की धुन पर नाचते गाते शीतला माता की जय जयकार करते हुए शीतला माता मंदिर में थोक लगाकर परिवार के सुख समृद्धियों की मनौतिया मांग रहे हैं।पदयात्रा में सैकड़ों पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे मां शीतला के जयकारे लगाते चल रहे थे। युवक एवं युवतियां डीजे की धुन पर नृत्य करते चल रहे थे। लोगों का कहना है कि जीवन में पहली बार शीतला माता के प्रति लोगों की आस्था, विश्वास देखने को मिल रहा है। मंदिर शीतला माता ट्रस्ट एवं नगर पालिका के साथ पुलिस प्रशासन यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने में लगा हुआ है क्योंकि यात्राएं रात दिन आ रही हैं। चढ़ावे के रूप में आ रहे अन्न का सदुपयोग करने के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा गो शालाओं में गो माता के लिए व मंदिरों में पक्षियों के लिए भेज जा रहा है। पैदल यात्रियों के स्वागत सत्कार के लिए जगह जगह विश्राम की व्यवस्था की जा रही है। लोगों का मानना है कि शीतला माता की कृपा से उसके चरणामृत ( चपडाव) से आशातीत लाभ मिला है।

# सांभर-फुलेरा रोड पर भूमिगत विद्युत लाइन का काम अटका

**सांभरझील,** (निसं)। यहां सांभर फुलेरा रोड के चौड़ाईकरण के पश्चात रास्ते में आ रहे विद्युत पोलों को रोड के किनारे शिफ्ट करने के लिए कुछ माह पहले विद्युत निगम की ओर से की जा रही त्वरित कार्रवाई का जन विरोध तथा भूमिगत लाइन बिछाने की मांग के बाद से यह काम आज तक अटका पड़ा है।

यहां के लोगों ने विधायक निर्मल कुमावत से मिलकर 33 हजार केवी लाइन को रोड के किनारे पूर्व की भांति दुर्घटना की आशंका के मद्देनजर इसे रुकवाने का अनुरोध किया था, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस रोड पर अंडरग्राउंड लाइन बिछाने का प्रस्ताव खुद विधायक ने भी यह कह कर रखा था कि आप जनता की मांग को देखते हुए इस काम को रोक दें तथा भूमिगत लाइन लाइन बिछाने के लिए वे खुद विधायक कोष से इसके लिए फंड स्वीकृत करवा देंगे। इसके लिए बाकायदा उपखंड अधिकारी कार्यालय में निगम के एक्सईएन, एईन विभाग के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एक बैठक भी आयोजित कर निगम को आश्वस्त किया गया था। करीब तीन चार माह पहले जो काम निगम की ओर से किया जाना था वह विधायक कोष से फंड स्वीकृत होने की इंतजार में अटका पड़ा है।

इसकी वजह से रोड के मध्य में आ रहे 8 से 10 पोल आवागमन में बाधित बने हुए हैं जो भविष्य में कभी किसी गंभीर दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। जानकारी में आया है कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से रास्ते में आ रहे विद्युत पोलों को हटाने के लिए निगम से अनुरोध किया गया था जिस पर निगम ने पीडब्ल्यूडी को करीब 21 लाख का एस्टीमेट बना कर दिया था जिसे विभाग की ओर से निगम के खाते में भी जमा करवा दिया गया, लेकिन बीच में भूमिगत लाइन बिछाने का पेच फंस गया और यह काम अटका पड़ा हुआ है। अभी तक विधायक कोष से फंड मंजूर नहीं हुआ है और निगम को भी विधायक के दबाव के चलते काम से रोक दिया गया है जिस कारण निगम ने भी अब अपने हाथ खड़े कर लिए हैं। इस संबंध में निगम के सहायक अभियंता का कहना है कि भूमिगत लाइन बिछाने के लिए प्रस्ताव नए सिरे से तैयार करने हेतु संबंधित विभाग की ओर से हमारे पास में कोई पत्र नहीं आया है और इस संबंध में पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका को पत्र लिखा गया है उनकी ओर से एस्टीमेट आने के बाद इसे विधायक को फंड मंजूर के लिए भिजवाया जाएगा तब तक हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

# देवदर्शन यात्रा के साथ जन आशीर्वाद सम्मेलन शुरू किया

- युवा कांग्रेस नेता गोपाल गुर्जर ने जन आशीर्वाद सम्मेलन में शक्ति प्रदर्शन किया
- मालपुरा को जिला व स्थानीय को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने की मांग का सर्व समाज ने समर्थन किया

**मालपुरा,** (निसं)। कांग्रेस आलाकमान व पीसीसी द्वारा सितम्बर में कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के बयानों के साथ ही मालपुरा में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के खेमो से बेहद करीबी पूर्व उपप्रधान व युवा कांग्रेस नेता गोपाल गुर्जर ने सोमवार को देवदर्शन यात्रा से जन आशीर्वाद सम्मेलन का आगाज कर महेश सेवा सदन में 8 से 10 हजार सर्व समाज के लोगों की उपस्थिति में विधानसभा चुनावों का शंखनाद करते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। तीर्थ स्थल डिग्गी कल्याणजी महाराज के दर्शन कर 11 मंदिरों में दर्शनों के पश्चात दो किमी. लम्बे वाहनों के काफिले व समर्थकों की भीड़ के साथ डिग्गी से मालपुरा पहुंचे गोपाल गुर्जर का सैंकडों जगह सर्व समाज के लोगों ने स्वागत करते हुए 100 से अधिक राजस्थानी पगड़ियां पहना मालपुरा विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की।

महेश सेवा सदन में आयोजित जनआशीर्वाद सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे हजारों समर्थकों की भीड़ ने गोपाल गुर्जर को कंधों पर बैठा विशाल जुलूस निकाला। पूर्व विधायक जीतराम चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इश्हाक नकवी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश सोनी, मुस्लिम समाज के व्योवृद्ध मास्टर इरफान, अनवार लाला, पूर्व तहसीलदार असगर अली, प्रहलाद शर्मा ने 51 किलो फूलो की माला तो मौजूद सर्व समाज के लोगों ने 121 फीट लम्बी राजस्थानी पगड़ी पहना जोरदार स्वागत करते हुए जन्मदिन की बधाई दी।

जनआशीर्वाद सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए गोपाल गुर्जर ने कहा कि मैं नेता नहीं आपका बेटा हूं जनसेवा व समर्पण ही मेरे जीवन का आधार है।

बाहरी नेताओं ने बरसाती मेंढक की तरह चुनावी वर्ष में मालपुरा विधानसभा को चरागाह समझ झूठे वादों से विकास के सपने दिखा राजनैतिक लाभ उठाया है। अब क्षेत्र का मतदाता इन बाहरी नेताओं के जाल में फंसने के बजाय उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने के लिए तैयार है।

मालपुरा पर लगे चरागाह के दाग को धोने के लिए सर्व समाज एकजुट हो स्थानीय को अपना जनप्रतिनिधि चुनने की अपील की तो मौजूद हजारों लोगों की भीड ने गांव का बेटा गांव की आस गोपाल गुर्जर जिन्दाबाद के नारों से समारोह स्थल को गुंजायमान करते हुए कांग्रेस आलाकमान तक अपना संदेश भेजने का प्रयास किया। गोपाल गुर्जर ने हजारो समर्थको की भारी भीड के साथ जुलुस निकाल लौह पुरूष स्वर्गीय दामोदर लाल व्यास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम वर्षा शर्मा को ज्ञापन सौंप मालपुरा को जिला बनाने की मांग की।

## एस.पी.ने क्राइम बैठक ली

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को एसपी डॉ. रंजिता शर्मा ने कोटपूतली-बहरोड़ जिले की जिला क्राईम बैठक ली। जिसमें उन्होंने जिले के दोनों एएसपी सहित 05 डीएसपी व 16 थानाधिकारियों के साथ विभिन्न प्रकार के अपराधों को लेकर चर्चा की।

इस दौरान एसपी ने अपराधों की प्रभावी रोकथाम को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। एसपी ने कहा कि अवैध हथियारों के खिलाफ धरपकड अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी। वहीं आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। एसपी डॉ. शर्मा ने सभी पुलिस अधिकारियों को चुनावी दौर में कानून व्यवस्था पर नियंत्रण बनाये रखने के निर्देश देते हुये कहा कि जिले में सभी आपराधिक गतिविधियों पर त्वरित कार्यवाही कर असामाजिक तत्वों एवं बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाये। उन्होंने स्थानीय स्तर पर अनिवार्य एवं निरोधात्मक आंकड़ों पर विचार विमर्श, लम्बित मुकदमों के निस्तारण समेत जल्द से जल्द नवगठित जिले में स्थित पुलिस थानों में रिक्त स्टॉफ की आपूर्ति सहित व्यवस्थाओं को सुचारू करने की बात भी कही।

# भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

- कुम्हार महासभा प्रदेश अध्यक्ष को प्रजापति समाज ने कार भेंट की

**पावटा,** (निसं)। कस्बे के निजी गार्डन में कुम्हार महासभा राजस्थान सहित पावटा प्रजापति समाज के लोगों द्वारा कार भेंट व भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन थानागाजी प्रधान जयप्रकाश प्रजापति के मुख्य अतिथि, मनोहरपुर चेयरमैन सुनीता प्रजापति, कुम्हार महासभा महिला प्रदेशाध्यक्ष माया प्रजापति, समाजसेवी सूरजभान प्रजापति बगड़, रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. एमपी, रोहित प्रजापत, सरपंच किशोर सिंह कुम्हार पालड़ी, भंवरलाल प्रजापत, रामकुमार प्रजापत, सुरेश प्रजापत, राधेश्याम शुक्लावास, कुम्हार महासंगठन अध्यक्ष भेरु प्रजापति के विशिष्ट अतिथि तथा ललित किशोर प्रजापत की अध्यक्षता बतौर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजनकर्ता टिंकू प्रजापती , कुम्हार महासभा प्रदेश सचिव हेमराज प्रजापति,कुम्हार महासभा जिलाध्यक्ष बबलू प्रजापती, जितेंद्र प्रजापती ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत सर्वप्रथम कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करके अतिथियों का सम्मान किया जाकर भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस दौरान अतिथियों व भामाशाहों को दुपट्टा उठाकर, माला पहनकर, प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत थानागाजी प्रधान जयप्रकाश प्रजापत ने समाज के लोगों की अधिक से अधिक राजनीति में भागीदारी लेने की बात कही।

वही कुम्हार महासभा महिला प्रदेशाध्यक्ष माया प्रजापति ने महिलाओं को घूंघट प्रथा से हटकर समाज में आगे आकर भागीदारी निभाने की बात कही। इस दौरान समस्त प्रजापति समाज के लोगों ने कुम्हार महासभा के प्रदेश अध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा को संघर्ष की आवाज को और तेज करने के लिए कार भेंट की गई। वही कुम्हार महासभा प्रदेश अध्यक्ष किशोर दूल्हेपुरा ने उपस्थित समाज बंधुओ को आश्वासित किया है कि आपने जो मुझे प्यार व आशीर्वाद दिया है इसके लिए हमेशा मैं समाज के लिए लगातार संघर्ष जारी करता रहूंगा।

## आशा सहयोगिनियों ने ज्ञापन सौंपा

**निवाई,** (निसं)। आशा सहयोगनी कर्मचारी संघ की ब्लॉक माया शर्मा के नेतृत्व में आशा सहयोगिनियों ने चुनाव संबंधी मतदाताओं के घर-घर सर्वे का कार्य करवाने के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि आशा सहयोगनी चिकित्सा विभाग में स्वैच्छिक मानदेय कर्मी है व प्रोत्साहन राशि पर विभाग के कार्य करते हैं। वर्तमान समय में चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन आशा सहयोगिनियों के माध्यम से करवाया जा रहा है। इसकी वजह से आशा सहयोगिनियों को अतिरिक्त समय नहीं मिल पाता है। प्रधानाचार्य व पंचायत सहायकों द्वारा सर्वे कार्य करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है तथा शिकायत करने की धमकी भी दी जा रही है। ज्ञापन में उक्त सर्वे का कार्य अन्य कार्मिकों से करवाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संतोष चौधरी, शांति मीणा, सरोज पारीक, उमा शर्मा, धोली मीणा, मीना सैन, राधा आदि मौजूद थीं।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली

**दौसा,** (निसं)। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दौसा जिला मुख्यालय पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों और युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साइकिल रैली को स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी व जिला परिषद के सीईओ धारा सिंह मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

साइकिल रैली में अतिरिक्त कलेक्टर राजकुमार कस्वा, सीईओ धारा सिंह मीणा एवं दौसा के उपखण्ड अधिकारी संजय गोरा ने युवा मतदाताओं के साथ साइकिल चलाकर युवा मतदाताओं का उत्साह वर्धन किया । लोक कलाकारों ने मतदाता जागरूकता एवं पुनरीक्षण के शानदार गीतों के माध्यम से पूरे रैली मार्ग में नाम जुड़वाने एवं मतदान करने का पैगाम दिया। साइकिल रैली आनंद शर्मा बालिका विद्यालय से ग्रामीण हाट तक संचालित हुई, जिसमें पुलिस जाप्ता एवं



मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दौसा जिला मुख्यालय पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

एंबुलेंस की माकूल व्यवस्था थी।

ग्रामीण हाट में पहुंचकर साइकिल रैली युवा मतदाता सभा के रूप में परिणित हो गई। जहां अधिकारियों ने युवाओं को बारी-बारी से संबोधित किया । उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कस्वा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता के पास मत की बहुत बड़ी शक्ति है जिसका प्रयोग चुनाव के अवसर पर सभी को करना चाहिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी धारा सिंह मीणा ने कहा कि आगामी दिनों में मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जिला स्तर, विधानसभा स्तर एवं मतदान केंद्र स्तर पर भी संचालित की जाएगी।

## स्वर्ण समाज ने ज्ञापन सौंपा

**पावटा,** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा स्वर्ण रजत कला बोर्ड का निर्माण किया गया है। जिसे लेकर पावटा सहित आस पास के क्षेत्र के स्वर्ण समाज के लोगों ने पावटा उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जिसे लेकर जिला प्रभारी संतोष सोनी पांवटा, जयपुर जिला प्रभारी बृजेश सोनी ने बताया कि जैसा की विदीत है कि अनेक अन्य बोर्ड के समाज का नाम उनके आदि देव के नाम पर रखा गया है। उसी क्रम में हम भी उम्मीद करते हैं कि राजस्थान सरकार द्वारा निर्मित स्वर्ण रजत कला बोर्ड का नाम हमारे आदि देव अजमीढ़ महाराज के नाम पर रखा जाए। इस क्रम में राजस्थान में सभी जगह स्वर्ण समाज के लोग मुख्यमंत्री को ज्ञापन देखकर इसकी मांग कर रहे है। जिसे लेकर पावटा एसडीएम बजरंग लाल स्वामी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान जिला प्रभारी संतोष सोनी पावटा, जयपुर जिला प्रभारी बृजेश सोनी मनोहरपुर, मामराज सोनी शाहपुरा सराफा व्यापार मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह




**मंडावरी,** (निसं)। कस्बे स्थित परसराम सेवा सदन में रविवार को लालसोट नगर एवं देहात की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसी के साथ ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा सार्वजनिक रूप से परशुराम सेवा सदन में वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया गया एवं प्रति व्यक्ति एक पौधा लगाने के लिए संकल्प दिलाया गया। नगर एवं देहात कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गॉड सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के दौसा जिला अध्यक्ष वैध लक्ष्मीकांत शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में लालसोट रामगढ़ पचवारा नांगल राजावतान राहुवास क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों से आए ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। लालसोट देहात कार्यकारिणी में अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा मंत्री कैलाश चंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष केशव मणि शर्मा उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा ढन्ड बनवारीलाल कोकरिया राम अवतार शर्मा प्रवक्ता द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ ली गई। इसी तरह लालसोट नगर कार्यकारिणी से गोविंद सहाय शर्मा अध्यक्ष सुनील शर्मा खारला सचिव जय प्रकाश शर्मा मंत्री कोषाध्यक्ष मिस्टर शर्मा उपाध्यक्ष राकेश बिहारी लेखराज अग्रीका पवन बिचपुरी आदि द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ ली गई। ,

### आवेदकों को पट्टे वितरण किये



**फुलेरा,** (निसं)। राज्य सरकार की मंशानुसार चलाये जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021का 2 अक्टूबर 2021 को प्रारम्भ किया गया था। जिसके तहत राज्य सरकार के निर्देशानुसार समय समय पर निरीक्षण हेतु नियुक्त श्याम सिंह राजपुरोहित सेविनिवृत आई ए एस जयपुर संभाग द्वारा सोमवार को फुलेरा पालिका कार्यालय में प्रशासन शहरों के संग अभियान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि कार्यालय पर अब तक 5100 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें कृषि भूमि, 69-क, स्टेट ग्रान्ट एक्ट, खांचा भूमि, भूखण्डों के उपविभागजन / पुर्नगठन, फ्री-होल्ड, भवन मानचित्र एवं नाम हस्तान्तरण आदि के आवेदन प्राप्त हुए। जिसके तहत नगर पालिका द्वारा राज्य सरकार द्वारा निर्देशानुसार 4938 आवेदक पट्टे नामाहस्तान्तरण एवं भवन मानचित्र जारी किये जा चुके है। प्रेषक ने प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान दिये जाने वाले पट्टो एवं कार्यप्रणाली को सन्तोष जनक बताया गया।

### केवट समाज की महारैली आज




**टोंक,** (निसं)। राजस्थान कहार, कीर, केवट, मेहरा, कश्यप आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष उमाशंकर कहार ने एक निजी होटल में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकतर समाजो का बोर्ड कल्याण का गठन कर उन्हे दर्जा दिया, जबकी समाज गरीब, अशिक्षित, नदी तालाबो पर रहकर खरबुजो का पलायान करते है, हमारे समाज को घुमुन्तु समाज भी कहा जाता है, राजस्थान में हमार समाज की जनसंख्या 20-30 लाख होने बावजूद भी एक भी छात्रावास बना हुआ नही है, इन 70 सालो में दोनो ही पार्टीयों ने कभी विधायक, जिला प्रमुख व प्रधान नही बनाये है। जिस हेतु समाज के उत्थान व विकास के लिए केवट कल्याण बोर्ड के गठन सहित 11 सूत्रीय मांगो को लेकर टोक छावनी स्थित राधाकृष्ण मन्दिर पर स्वजातीय बन्धु एकत्रित होकर महारैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पंहुचकर धरना प्रदर्शन कर 11 सूत्रीय मांगपत्र जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौपेगी।

### यूपी के विधायक कार्यकर्ताओं से मिले

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। उत्तर प्रदेश सरकार में विधायक डॉ. असीम कुमार ने किशनगढ़ बास पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पार्षद जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक की और चर्चा कर जीत का मंत्र देते हुए चुनाव में एकजुट होकर लगने के लिए कहा जिससे राजस्थान प्रदेश को अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दें सकें। किशनगढ़ बास में पहुंचे विधायक डॉ. असीम कुमार ने व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी सहित व्यापारिक संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक की और भाजपा की रीति नीति से अवगत कराया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने किशनगढ़ बास से लगातार दो बार विधायक रहे रामहेत यादव पर विश्वास प्रकट करते हुए कहा यहां का अधिकांश व्यापारी वर्ग यादव के साथ है भाजपा में आस्था रखता है।10 साल के विधायक कार्यकाल से खुश हैं।

### इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम खोहर में प्रधान कोटे से 13 लाख रुपए की लागत से बनी बाबा भगवान दास मंदिर को जाने वाले इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण का उद्घाटन महंत पुरुषोत्तम दास महाराज व प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव के साथ ही पूर्व प्रधान अजीत सिंह ठेकेदार व अंतरराष्ट्रीय कोच राजकुमार पहलवान के पहुंचने पर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि जगराम प्रजापत एवं कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी सुरेश चंद भेडी सरपंच एवं ब्लॉक अध्यक्ष तेज सिंह यादव माजरी कलां, सरपंच जोगिंदर एवं वेद कृष्ण, जयपाल श्योताज सिंह एवं पार्षद रोहिताश, महेश सैन, सुनील यादव, आलोक सिंह राघव पूर्व सरपंच आदि का ग्रामीणों ने जिंदाबाद के नारे लगाते ढोल नगाड़ों से स्वागत किया।

### गायक कलाकार गोठवाल व वर्मा सम्मानित

**शाहपुरा,** (निसं)। उपखंड के ग्राम बिदारा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर, बृजेश कुमार ने बाड़ीजोड़ी निवासी प्रसिद्ध लोक गायक कलाकार विजय गोठवाल व रोशन वर्मा का साफ़ा व माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बुनकर ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति में लोक कलाओं की सशक्त पहचान रही है। ये मूलतः ग्रामीण अंचलों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित पारंपरिक कलाएं हैं। क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक कलाकार स्व. नाथू सिंह शेखावत बाड़ीजोड़ी को अपना गुरु मानने वाले लोक गायक कलाकार विजय गोठवाल व रोशन वर्मा राजस्थान के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों में हजारों कार्यक्रम कर चुके हैं साथ ही कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है

### दुकान से 50 हजार का माल चोरी

**दूदू,** (निसं)। जिला मुख्यालय दूदू में गुरूद्वारे के पास रविवार की रात को चोरों के गिरोह द्वारा दुकान के शटर तोड़कर वहां रखे प्रेशर कूकर, लाइटर करीब 50 हजार रूपये के एवं 5 हजार नकद चुराकर ले जाने का मामला दूदू थाने में दर्ज कराया गया। दुकान मालिक राजेश बोहरा ने बताया कि सुबह दुकान आकर देखा तो शटर टूटे हुए थे।



खासकर बल्लेबाजी के मामले में यह प्रतिभाशाली समूह है। यह भारत को जीवंत बनाता है। गिल ने अभी तक अपने देश के लिए ज्यादा वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। तिलक वर्मा ने इस प्रारूप में पदार्पण नहीं किया है। - मैथ्यू हेडन

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, शुभमन गिल और तिलक वर्मा को लेकर।

**आज का खिलाड़ी** — चेतेश्वर पुजारा



**अनुभवी** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने सोमवार को स्वीकार किया कि भारतीय टेस्ट टीम से बाहर होना एक निराशाजनक अनुभव था और इससे उन्हें आत्म-संदेह और अहं पर चोट का सामना करना पड़ा। पैंतीस साल के इस बल्लेबाजी को वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली थी। पुजारा ने 'फाइनल वर्ड पोडकास्ट' से कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। यह एक खिलाड़ी के रूप में आपकी परीक्षा लेता है क्योंकि 90 से अधिक टेस्ट खेलने के बावजूद मुझे अब भी खुद को साबित करना पड़ता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# एशिया कप के लिये टीम में राहुल, अय्यर की वापसी

नयी दिल्ली, 21 अगस्त। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने अपनी-अपनी चोटों से उभरकर भारत की 17-सदस्यीय एशिया कप टीम में जगह बना ली है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। अय्यर जहां कमर की चोट और सर्जरी के रिहैब से गुज़र रहे थे, वहीं राहुल ने जांघ में चोट लगने के बाद सर्जरी करवाई थी। राष्ट्रीय राजधानी में चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर द्वारा घोषित 17 सदस्यीय एशिया कप टीम में बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला है। आयरलैंड में चल रही टी20 सीरीज के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा भी एशिया कप टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। वेस्टइंडीज के पूरे दौरे के लिये आराम दिये जाने के बाद मोहम्मद शमी ने वापसी की, जबकि मोहम्मद सिराज, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाजी आक्रमण को पूरा करते हैं।

आगरकर ने तिलक के चयन पर कहा, ''हमने वेस्टइंडीज में न केवल प्रदर्शन बल्कि स्वभाव के मामले में कुछ वास्तविक संभावनाएं देखीं। इससे हमें उसे टीम के साथ ले जाने का मौका मिला है। सौभाग्य से हम यहां 17 खिलाड़ी चुन सकते हैं। विश्व कप में यह संख्या घटकर 15 हो जायेगी। समय आने पर हम यह निर्णय लेंगे, लेकिन फिलहाल कोच और कप्तान के पास उन्हें टीम में शामिल करने का मौका है।'' अनुभवी लेगस्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम से बाहर कर दिया गया, जबकि कुलदीप यादव को एकमात्र कलाई के स्पिनर के रूप में प्राथमिकता दी गई। रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल स्क्वाड के दो वामहस्त स्पिनर हैं, जबकि टीम में कोई ऑफ स्पिनर शामिल नहीं है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हमने एक ऑफस्पिनर के तौर पर (रविचंद्रन) अश्विन और वॉशी (वाशिंगटन सुंदर) के बारे में भी सोचा था लेकिन अभी आप देख रहे हैं कि चहल को बाहर होना पड़ा क्योंकि हम केवल 17 खिलाड़ियों को ही चुन सकते थे।''

उन्होंने कहा, ''उन्हें तभी चुना जा सकता था जब कोई तेज़ गेंदबाज़ बाहर हो। हम ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि अगले दो महीनों में तेज़ गेंदबाज़ बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। उनमें से कुछ लंबे समय के बाद वापस आ रहे हैं, इसलिए हम उन्हें अच्छी तरह से देखना चाहते थे। टीम के दरवाजे किसी के लिये बंद नहीं हैं। कोई भी किसी भी समय आ सकता है। अगर हमें लगता है कि हमें विश्व कप के लिये चहल की जरूरत है, तो हम देखेंगे कि उन्हें कैसे ला सकते हैं। वॉशी या अश्विन के लिये भी यही बात लागू होती है।''

राहुल के बाद दूसरे विकेटकीपर के तौर पर सैमसन की जगह ईशान किशन को चुना गया, हालांकि मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कहा कि राहुल अभी भी पूरी तरह फिट नहीं हैं इसलिए सैमसन एक अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में श्रीलंका जायेंगे।

अगरकर ने कहा, ''हमने इन 18 खिलाड़ियों को चुना है। (विश्व कप टीम) इन्हीं खिलाड़ियों के आसपास होगी। कुछ अहम खिलाड़ी चोट से उभरकर वापस आ रहे हैं। उम्मीद है कि उनके साथ सब कुछ अच्छा होगा। उनके पास अब एशिया कप में कुछ मैच हैं और बेंगलुरु में एक छोटा शिविर है, जिसके बाद हम विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले कुछ मैच खेलेंगे, लेकिन यह बिल्कुल स्पष्ट है कि टीम काफी हद तक ऐसी ही होगी।''

रोहित ने कहा, ''मैं इस टीम से चाहता हूं कि हर कोई कहीं भी बल्लेबाजी कर सके। आपको लचीलेपन की जरूरत है। किसी को यह नहीं कहना चाहिए, मैं इस जगह बल्लेबाजी के लिये अच्छा हूं या मैं उस जगह पर अच्छा हूं। आप चाहते हैं कि लोग कहीं भी बल्लेबाजी करने में सक्षम हों, यही संदेश हर खिलाड़ी को दिया गया है।'' एशिया कप 30 अगस्त को मुल्तान में पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा। भारत का पहला ग्रुप-ए मैच दो सितंबर को पाल्लेकेले में पाकिस्तान के खिलाफ है, जिसके बाद वे चार सितंबर को नेपाल से खेलेंगे। ग्रुप बी में बंगलादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर चार चरण में आगे बढ़ेंगी। इस चरण में पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 17 सितंबर को फाइनल खेलेंगी।

एशिया कप के लिये भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, ईशान किशन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा। अतिरिक्त खिलाड़ी : संजू सैमसन

## भारत ने इंग्लैंड को 4-0 से हराया

डसेलडोर्फ, 21 अगस्त। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को डसेलडोर्फ चतुष्कोणीय टूर्नामेंट 2023 में इंग्लैंड को 4-0 से मात दी। भारत की इस एकतरफा जीत में राजिंदर सिंह (13वां मिनट), अमीर अली (33वां मिनट), अमनदीप लाकड़ा (41वां मिनट), और अरिजीत सिंह हुंदल (58वां मिनट) गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। मैच की शुरुआत बेहद धीमी रही और दोनों टीमें शुरुआती गोल की तलाश में थीं। भारत ने इंग्लैंड को रोकने के लिये अपनी रक्षात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। राजिंदर सिंह ने पहले क्वार्टर में देर से मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। एक गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक कदम उठाने शुरू कर दिये। विष्णुकांत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने हालांकि विपक्षी टीम को डिफेंस भेदने का मौका नहीं दिया और हाफ टाइम तक एक गोल की बढ़त बरकरार रखी। तीसरा क्वार्टर शुरू होते ही आमिर ने भारत की बढ़त दोगुनी की, जबकि अमनदीप ने 41वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। तीन गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने मैच के आखिरी मिनटों में आक्रमण पर पूरा ज़ोर दिया, हालांकि गोल करने की उसकी सभी कोशिशें नाकाम रहीं। अरिजीत ने 58वें मिनट में इंग्लैंड के कमज़ोर डिफेंस को मात देकर भारत का चौथा गोल दाग दिया।

## इस टीम के हर खिलाड़ी में सफलता हासिल करने की भूख है : बाबर आजम

कराची, 21 अगस्त। आत्मविश्वास से भरे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने सोमवार को कहा कि टीम के खिलाड़ी सफलता की 'भूख' से प्रेरित हैं और उनकी नजरें प्रतिष्ठित एशिया कप और विश्व कप खिताब जीतने पर टिकी हैं। न्यूजीलैंड पर घरेलू श्रृंखला में 4-1 से जीत के बाद पाकिस्तान इस समय वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचने के कगार पर है। टीम अगर मंगलवार से अफगानिस्तान के खिलाफ श्रीलंका में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने में सफल रही तो रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को हटाकर शीर्ष पर पहुंच जायेगी। बाबर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले मैच की पूर्व संध्या पर सोमवार को हंबनटोटा में कहा, '' इस टीम में हर खिलाड़ी में अच्छा प्रदर्शन करने की भूख है. हर खिलाड़ी मैच जिताऊ प्रदर्शन करना चाहता है।'' उन्होंने कहा, '' हमने हाल में देखा है कि विभिन्न मैचों में अलग-अलग खिलाड़ी मैन ऑफ द मैच बने है। यह किसी भी टीम के लिए एक अच्छा संकेत है। जब आप बड़े टूर्नामेंटों में प्रदर्शन करते हैं, तो टीम और व्यक्तिगत रूप से आपका मनोबल बढ़ता है।''

## विश्व कप शतरंज : करूआना को हराकर प्रज्ञानानंदा फाइनल में, कार्लसन से होगी भिड़ंत

बाकू (अजरबेजान), 21 अगस्त। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सोमवार को यहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में टाईब्रेक में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना को 3.5-2.5 से हरा दिया। दो मैचों की क्लासिकल सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त होने के बाद 18 वर्षीय भारतीय प्रज्ञानानंदा ने बेहद रोमांचक टाईब्रेकर में अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर को पछाड़ दिया। अब फाइनल में प्रज्ञानानंदा का मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से होगा। भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, ''प्रैग (प्रज्ञानानंदा) फाइनल में पहुंच गया! उसने टाईब्रेक में फाबियानो करूआना को हराया और अब उसका सामना मैग्नस कार्लसन से होगा। क्या शानदार प्रदर्शन है!''

## राजस्थान यूनाइटेड से गोलरहित ड्रॉ खेलकर भारतीय सेना डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में

कोकराझार, 21 अगस्त। भारतीय सेना फुटबॉल टीम ने सोमवार को यहां डूरंड कप के ग्रुप एफ मैच में राजस्थान यूनाइटेड एफसी के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारतीय सेना ने तीन मैचों में सात अंक हासिल कर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया, जबकि राजस्थान यूनाइटेड तीन मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही। भारतीय सेना के अलावा क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों में ईस्ट बंगाल, मोहन बागान सुपरजायंट्स, मुंबई सिटी एफसी, गोकुलम केरल एफसी, एफसी गोवा, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, चेन्नईयिन एफसी शामिल हैं।

## विश्व चैम्पियनशिप : प्रणय, लक्ष्य दूसरे दौर में पहुंचे

कोपेनहेगन, 21 अगस्त। स्टार भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सोमवार को अपने-अपने पुरुष एकल मुकाबले जीतकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व के नंबर नौ शटलर प्रणय ने फिनलैंड के कैले कोलजोनेन को 43 मिनट में 24-22, 21-10 से मात दी। लक्ष्य ने 25 मिनट में मॉरिशिस के जूलियन पॉल को 21-7, 21-12 से हराया।

दूसरे चरण में प्रणय का सामना इंडोनेशिया के ड्वि वार्डोयो से होगा, जबकि लक्ष्य जॉर्डन के बहाएदीन अलशानिक या कोरिया के जियोन एच जे में से किसी एक से भिड़ेंगे। कोलजोनेन ने प्रणय के खिलाफ पहले गेम में तेज़ी से 8-4 की बढ़त बनाकर मैच की शुरुआत की, हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने लगातार सात पॉइंट अर्जित करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली।

ब्रेक के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच दिलचस्प प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और लंबी खींचातानी के बाद फिनलैंड के खिलाड़ी ने 20-17 पर गेम पॉइंट हासिल कर लिया। प्रणय ने इस समय धैर्य दिखाया और तीनों गेम पॉइंट बचाकर स्कोर बराबर कर दिया। नेट के करीब प्रणय की दो गलतियों ने कोलजोनेन को जीत के मौके दिये, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके और भारतीय खिलाड़ी ने मौका बनते ही दनदनाता हुआ स्मैश खेलकर पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम की शुरुआत बराबरी पर हुई। प्रणय एक समय 6-5 की मामूली बढ़त पर थे लेकिन उन्होंने जल्द ही रफ्तार पकड़ते हुए ब्रेक तक छह अंक की बढ़त बना ली। कोलजोनेन इसके बाद वापसी नहीं कर सके और उनके खराब शॉट के कारण प्रणय ने 20-8 पर गेम पॉइंट हासिल कर लिया।

प्रणय ने जीत से पहले नेट पर एक गलती की, जबकि कोलजोनेन ने भी एक मैच पॉइंट बचाया। अंततः, प्रणय ने विजयी स्मैश खेलकर दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। इस बीच, रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में स्कॉटलैंड के ऐडम हॉल और जूली मेकफर्सन से 59 मिनट चले मुकाबले में 14-21, 22-20, 18-21 से हारकर चैंपियनशिप से बाहर हो गये।

## तिलक को एशिया कप खिलाना साहसी फैसला : टॉम मूडी

नयी दिल्ली, 21 अगस्त। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने एशिया कप के लिये भारतीय टीम में युवा वामहस्त बल्लेबाज तिलक वर्मा को शामिल करने के फैसले को ''साहसी और समझदार'' क़रार दिया है। मूडी ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा, ''मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत चयन है। मैं इसे बहादुर कहूंगा, लेकिन साथ ही मैं इसे समझदारी भी कहूंगा। वह (तिलक) साफ तौर पर एक उभरता हुआ खिलाड़ी है। उसके पास न केवल कौशल है बल्कि जबरदस्त मानसिक मज़बूती भी है और वह लगातार उसे दिखा रहा है। हमने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाज की अहमियत के बारे में बात की है, इसलिए उसका पांचवें या छठे नंबर पर आना भारत के लिये मूल्यवान होगा, खासकर स्पिन के खिलाफ संतुलन बनाये रखने के लिये।'' इस बीच, पूर्व भारतीय बल्लेबाज और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने मूडी की बात से सहमति जताते हुए कहा कि भारत को मध्यक्रम में एक ऐसे बल्लेबाज की ज़रूरत है जो प्रभावी पारियां खेल सके।

## स्टिमक एशियाई खेलों के नतीजे की भविष्यवाणी करने के लिए तैयार नहीं

नयी दिल्ली, 21 अगस्त। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक सुनिश्चित नहीं हैं कि टीम अगले महीने होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों में क्या नतीजा हासिल करेगी क्योंकि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का प्रारूप अंडर-23 वर्ग का है और साथ ही विरोधी टीमों के बारे में अधिक जानकारी हासिल नहीं है। यह पूछने पर कि एशियाई खेलों में वह किसी नतीज से संतुष्ट होंगे, स्टिमक ने सोमवार को कहा कि भारत की टीम मजबूत है लेकिन वह एकमात्र टीम है जिसने अंडर-23 वर्ग में पिछले दो साल में एक भी मैच नहीं खेला है जिसके कारण नतीजे की भविष्यवाणी करना मुश्किल है। स्टिमक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को दिए साक्षात्कार में कहा, ''यह कहना मुश्किल है (भारत एशियाई खेलों में कहां तक जाएगा) क्योंकि यह अंडर-23 प्रतियोगिता है और आपके पास उन टीमों के बारे में अधिक जानकारी नहीं है जिनका सामना करना है। मुझे लगता है कि हमारी टीम एकमात्र टीम है जिससे पिछले दो साल में अंडर-23 वर्ग में कोई मैच नहीं खेला है।'' उन्होंने कहा, ''तैयारी के कम समय के बाद हम क्या नतीजा दे सकते हैं यह बड़ा सवाल है।

## साई ने बजरंग से विश्व चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल देने या फिटनेस प्रमाण-पत्र दिखाने को कहा

नयी दिल्ली, 21 अगस्त। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) चाहता है कि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल में शामिल हो और अगर वह पटियाला में इस सप्ताह होने वाले ट्रायल से छूट चाहते हैं तो फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करें। बजरंग 25 और 26 अगस्त को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में भाग नहीं लेने की योजना बना रहे हैं। वह 23 सितंबर से हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं।

बजरंग भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में शामिल थे। उनके अलावा राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता दीपक पूनिया (86 किग्रा) भी 16 सितंबर से बेलग्रेड में विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक नहीं हैं। दीपक भी एशियाई खेलों की तैयारी के लिए लंबे समय तक विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं। बजरंग ने किर्गिस्तान के इससिक-कुल (21 अगस्त-28 सितंबर) में प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजा है तो वहीं दीपक एशियाई खेलों से पहले पांच सप्ताह (23 अगस्त से 28 सितंबर) तक खासाव्युर्ट (रूस) में प्रशिक्षण लेना चाहते हैं।

साइ के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, ''हां, हमने बजरंग से पूछा है कि वह विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल में भाग क्यों नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह एशियाई खेलों के लिए तैयारी करना चाहते हैं और इसके लिए विदेश में प्रशिक्षण लेना चाहते हैं। हमने हालांकि उनसे 25 और 26 अगस्त को ट्रायल के लिए उपस्थित होने और 27 अगस्त को विदेश रवाना होने के लिए कहा है।'' विश्व चैंपियनशिप 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पहला क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट है और साइ इस बात से नाखुश है कि देश के दो शीर्ष पहलवान ट्रायल और इस अहम प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना चाहते हैं।

तोक्यो ओलंपिक में 65 किग्रा में कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग ने अपने लिए फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता, निजी कोच सुजीत मान, 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' विशेषज्ञ काजी किरण मुस्तफा हसन और 'स्पैरिंग पार्टनर' जीतेंद्र किन्हा की सेवाएं मुहैया करने की मांग की है जबकि दीपक ने प्रशिक्षण के लिए कोच कमल मलिकोव और फिजियोथेरेपिस्ट शुभम गुप्ता की सेवाओं का अनुरोध किया है।

साइ चाहता है कि दोनों पहलवान पहले अपनी फिटनेस साबित करने के लिए विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करें और उसके बाद हम विदेश में उनके प्रशिक्षण प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। साइ के अधिकारी ने कहा, ''हमने बजरंग से यह भी कहा है कि अगर वह ट्रायल्स को पूरी तरह से छोड़ना है तो अपना फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करें। हमें सहयोगी स्टाफ के लिए भी उनका अनुरोध प्राप्त हुआ है। मामला अभी एमओसी (मिशन ओलंपिक सेल) के पास है और वे इस पर फैसला लेंगे।''

बजरंग और उनके साथी किन्हा हाल ही में लंबे प्रशिक्षण के बाद किर्गिस्तान से लौटे है। बजरंग और विनेश फोगाट को एशियाई खेलों की टीम में सीधे प्रवेश देने पर कुश्ती जगत में काफी विवाद हुआ था।

## बीसीसीआई ने हैदराबाद क्रिकेट संघ से कहा, कार्यक्रम में बदलाव की संभावना नहीं

नयी दिल्ली, 21 अगस्त। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को आईसीसी विश्व कप 2023 के कार्यक्रम में बदलाव के हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अनुरोध को आधिकारिक तौर पर खारिज कर दिया। एचसीए ने भारत में पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप के दौरान लगातार दो दिन दो मैचों की मेजबानी को संगठनात्मक और सुरक्षा कारणों से मुश्किल करार देते हुए कार्यक्रम में बदलाव की मांग की थी। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया, '' बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एशिया कप टीम चयन बैठक (जिसके लिए सचिव संयोजक हैं) के बाद दिल्ली में एचसीए अधिकारियों के साथ बैठक की और राज्य इकाई को स्पष्ट कर दिया की नौ अगस्त को संशोधित कार्यक्रम जारी होने के बाद कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।''

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रविवार को ही कहा था कि कार्यक्रम में और बदलाव संभव नहीं है। काफी विलंब के बाद इस साल जून में विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की गयी थी। बीसीसीआई और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने इस महीने की शुरुआत में नौ मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला बड़ा मुकाबला भी शामिल था।

## सिनसिनाटी ओपन : जोकोविच ने जीता करियर का 39वां मास्टर्स 1000

मेसन, 21 अगस्त। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन के रोमांचकारी फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ को हराकर अपने करियर का 39वां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है। विश्व नंबर दो जोकोविच ने रविवार को खेले गये फाइनल में पिछड़कर वापसी करते हुए विश्व नंबर एक अल्काराज़ को 5-7, 7-6(7), 7-6(4) से मात दी। सर्बिया के 36 वर्षीय जोकोविच सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी हैं। जोकोविच पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में भी सिनसिनाटी की गर्मी के कारण संघर्ष कर रहे थे। जोकोविच दूसरे सेट में 5-6 से पिछड़कर फाइनल हारने की कगार पर थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए तीन घंटे और 49 मिनट में दूसरी बार सिनसिनाटी ओपन का खिताब हासिल किया। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, ''इस जीत को बयान करना कठिन है। निश्चित रूप से यह मेरे जीवन में अब तक खेले गये सबसे कठिन मैचों में से एक है, चाहे कोई भी टूर्नामेंट हो, कोई भी वर्ग हो, कोई भी स्तर हो, कोई भी खिलाड़ी हो। शुरुआत से अंत तक हम दोनों इतने सारे उतार-चढ़ाव, खराब खेल, हीट स्ट्रोक और वापसी से गुजरे हैं।''

उन्होंने कहा, कुल मिलाकर, यह अब तक के सबसे कठिन और सबसे रोमांचक मैचों में से एक है जिनका मैं हिस्सा रहा हूं। ये ऐसे क्षण और मैच हैं जिनके लिए मैं दिन-ब-दिन काम करना जारी रखता हूं।'' अलकराज भले ही अब भी एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, लेकिन जोकोविच 28 सितंबर से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में उनसे केवल 20 अंक पीछे रहकर प्रवेश करेंगे। अल्काराज़ ने ट्रॉफी समारोह के दौरान जोकोविच से कहा, ''आपके खिलाफ खेलना, आपके साथ कोर्ट साझा करना, आपसे सीखना अद्भुत है। यह मैच वास्तव में करीबी था, लेकिन मैंने आप जैसे चैंपियन से बहुत कुछ सीखा। इसलिए आपको और आपकी टीम को बधाई। यह जोकोविच और अल्काराज़ के बीच चौथा मुकाबला था और दोनों ने दो-दो बार जीत हासिल की है। जोकोविच ने इस प्रतिद्वंदिता पर कहा, ''यह प्रतिद्वंदिता बेहतर ही होती जा रही है। (अल्काराज़) शानदार खिलाड़ी है। इतनी कम उम्र में इस तरह के मौकों पर इतना अच्छा खेलना शानदार है।''

## हम बल्लेबाज को रातों-रात किसी भी स्थान पर खेलने के लिए नहीं बोलते : रोहित

नयी दिल्ली, 21 अगस्त। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि मध्यक्रम के उनके बल्लेबाज लचीलापन दिखाएं क्योंकि राष्ट्रीय टीम में किसी भी बल्लेबाज का किसी निश्चित स्थान पर खेलना तय नहीं है। भारतीय कप्तान ने साथ ही कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी, चाहे उसे खेलने का मौका मिले या चूक जाए, उससे उसकी भूमिका और अंतरराष्ट्रीय करियर को लेकर वह कहां ठहरता है इसको लेकर स्पष्ट संवाद किया जाता है।

एशिया कप के पहले मैच में लोकेश राहुल के नहीं खेल पाने की स्थिति में इशान किशन के क्रम के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, ''अजित अगरकर तस्वीर में नए हैं और उन्हें नहीं पता कि इससे पहले क्या हो रहा था। मैं जहां तक संभव हो उन्हें अपडेट रखने का प्रयास किया है।''

कप्तान ने कहा, ''मैं इस टीम में जो एक चीज चाहता हूं वह यह है कि प्रत्येक खिलाड़ी किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार रहे। क्रिकेट अलग दिशा में जा रहा है। आप किसी भी स्थान पर खेल सकते हैं, कोई यह नहीं कह सकता कि मैं इस स्थान पर अच्छा हूं। प्रत्येक खिलाड़ी को यह संदेश दिया गया है, अब नहीं बल्कि पिछले दो, तीन या चार साल से ऐसा हो रहा है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि बाहरी लोगों के लिए यह समझना मुश्किल है कि छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे खिलाड़ी को अचानक चौथे नंबर पर क्यों खिलाया जाता है। यह रातों रात नहीं होता। उसे इस भूमिका के लिए तैयार किया गया है। हम अंतरराष्ट्रीय खेल की बात कर रहे हैं। यह क्लब क्रिकेट नहीं है।'' भारत के पास चौथे नंबर पर कोई स्थापित बल्लेबाज क्यों नहीं है यह पूछे जाने पर रोहित थोड़े चिढ़े हुए नजर आए।

उन्होंने कहा, ''हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। यह चौथे नंबर के बारे में नहीं है। यह शीर्ष तीन और फिर उसके बाद चार, पांच, छह, सात और फिर अन्य बल्लेबाजों की बात है जो हमारे लिए मैच जीत सकते हैं। चुनौतियां है और खिलाड़ियों को दबाव में डाला जा रहा है और यह अच्छी चीज है।''

भारतीय कप्तान ने कहा, ''दुर्भाग्य से कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए और हमें काम के बोझ के प्रबंधन और अनुकूल संयोजन को देखते हुए अलग-अलग खिलाड़ियों को आजमाना पड़ा।'' उन्होंने कहा, ''हमारे पास नौ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और दो अभ्यास मैचों के बाद भी काफी मैच होंगे जहां इन खिलाड़ियों को किसी स्थान पर अपनी जगह पक्की करने का मौका मिलेगा।''

## एशियाई खेलों से पहले पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम का पूरा कोचिंग स्टाफ बर्खास्त

कराची, 21 अगस्त। पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम के पूरे कोचिंग स्टाफ को कथित तौर पर बर्खास्त कर दिया गया है। पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड की समिति ने भारत में हाल में संपन्न एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में टीम के जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद यह कदम उठाया। शहनाज शेख को मुख्य कोच बनाया गया है लेकिन इससे विवाद हो गया है क्योंकि वह पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा संचालित समिति का हिस्सा थे जिसने रेहान बट, मोहम्मद सकलेन, हसीम खान और मोहम्मद गफूर को बाहर का रास्ता दिखाया जो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए चेन्नई में टीम के साथ मौजूद थे। शहनाज पहले भी मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्हें सलाहकार के रूप में टीम के साथ चेन्नई जाना था लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) उनके लिए समय पर वीजा हासिल नहीं कर पाया। शहनाज के अलावा पूर्व ओलंपियन अख्तर रसूल और इस्लाहुद्दीन सिद्दिकी ने भी पीएचएफ को बर्खास्त करने के पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड के फैसले का समर्थन किया। इस बीच ओलंपिक कलमुल्लाह की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने एशियाई खेलों के लिए 36 संभावित खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। ये खिलाड़ी मंगलवार को इस्लामाबाद के नसीर बुंदा हॉकी स्टेडियम में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेंगे।

**संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं:-** गोलकीपर: अकमल हुसैन, अब्दुल्ला इश्तियाक खान, वकार, अली रजा, अब्दुल्ला शेख। डिफेंडर: मोहम्मद अब्दुल्ला, अरबाज अहमद, मोहम्मद सुफियान खान, अकील अहमद, मोहम्मद बिलाल असलम। मिडफील्डर: उसामा बशीर, मोहम्मद मुर्तजा याकूब, अरबाज अयाज, अहतिशाम असलम, मोहम्मद बाकर, मोहम्मद नदीम खान, मोहम्मद इमरान, सैयद शहबाज हैदर। फारवर्ड: मोहम्मद इमाद, अफराज, रोमन, अरशद लियाकत, अब्दुल कय्यूम, अब्दुल रहमान, वकार अली, मोहम्मद अरसलान, मोहम्मद उमर भट, अब्दुल हन्नान शाहिद, मोहम्मद शाहजेब खान, अब्दुल वहाब, जिक्रिया हयात, बिशारत अली, राणा वलीद, हमजा फयाज, अब्दुल रहमान।

## सिफ्ट कौर सामरा ने भारत के लिए छठा ओलंपिक कोटा हासिल किया

बाकू (अजरबैजान), 21 अगस्त। उभरती हुई निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा ने सोमवार को आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहकर भारत को पेरिस ओलंपिक का छठा कोटा दिलाया। इस महीने की शुरुआत में चीन के चेंगदू में विश्व विश्वविद्यालय खेलों में अपने पसंदीदा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली 21 साल की इस खिलाड़ी ने फाइनल में 429.1 का स्कोर किया। सिफ्ट क्वालीफिकेशन दौर में 589 अंक के साथ पांचवें स्थान पर थी।

उन्होंने 'नीलिंग' में 192 का स्कोर करने के बाद 'प्रोन' और 'स्टैंडिंग' में क्रमशः 199 और 198 अंक हासिल किए। सिफ्ट फाइनल में 'नीलिंग' चरण के बाद आठवें स्थान पर खिसक गयी थी। उन्होंने इसके बाद 'प्रोन' और 'स्टैंडिंग' बेहतर प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में चीन की झांग कियोनग्यू (465.3) ने स्वर्ण जबकि हान जियाये (463.5) ने रजत पदक हासिल किया। अमेरिका की सेगेन मैडालेना 451.9 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

सिफ्ट (589), आशी चौकसे (590) और मानिनी कौशिक (582) की भारतीय तिकड़ी 1761 के कुल स्कोर के साथ टीम स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रही। मौजूदा विश्व कप में यह भारत के लिए तीसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले मेहुली घोष (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और 28 वर्षीय अखिल श्योराण (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन) ने भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल किये है। भारत ने अब तक कुल छह ओलंपिक कोटा हासिल किये है। इस सूची में भवनीश मेंदिरत्ता (पुरुष ट्रैप), गत विश्व चैंपियन रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), स्वप्निल कुसाले (पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) का भी नाम शामिल है।

## राहुल मामूली रूप से चोटिल, उम्मीद है कि उन्हें और अय्यर को पर्याप्त समय मिलेगा : अगरकर

नयी दिल्ली, 21 अगस्त। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने सोमवार को कहा कि श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल के लिए एकदिवसीय विश्व कप से पहले खेलने का पर्याप्त मौका मिलना काफी अहम है। राहुल और अय्यर दोनों को एशिया कप में भाग लेने वाली 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। राहुल फिर से मामूली रूप से चोटिल हो गये हैं। उनकी इस चोट का हालांकि मूल चोट से कोई संबंध नहीं है। इस चोट के कारण राहुल का एशिया कप में दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है। अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद मीडिया से बात करते हुए इस संभावना से इंकार नहीं किया कि राहुल पहले मैच से बाहर रह सकते हैं। चयन बैठक से पहले राहुल और अय्यर की फिटनेस पर सवालिया निशान लगे थे। यह दोनों खिलाड़ी क्रमशः जांघ और पीठ दर्द से उबर कर वापसी कर रहे हैं। अय्यर ने अपना आखिरी मैच मार्च में जबकि राहुल ने मई में खेला था। पिछले महीने पद संभालने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में अगरकर ने कहा, '' राहुल टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खेलते हैं। उम्मीद है कि वह पहले मैच से ही चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। राहुल और अय्यर दोनों लंबे समय से चोटिल थे और उन्होंने फिट होने के लिए काफी मेहनत की है। राहुल को फिर से चोटिल होने से छोटा झटका लगा है लेकिन हमें उम्मीद है कि सब ठीक हो जाएगा। वह एक बहुत ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं।''

अगरकर ने टीम घोषित करते हुए यहां कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को राहुल के बैकअप के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। हाल में राहुल को मामूली चोट के कारण परेशानी हो गई थी। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, '' हमें जो बताया गया है, उसके अनुसार यह चोट (राहुल के मामले में) ज्यादा गंभीर नहीं है। हमारे पास विश्व कप से पहले अभी भी डेढ़ महीने का समय है, उम्मीद है कि उन्हें (अय्यर और राहुल) उससे पहले पर्याप्त क्रिकेट मिलेगा।'' अगरकर ने यह भी स्पष्ट किया कि ईशान किशन फिलहाल रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकल्प के तौर पर सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में हैं। इससे निकट भविष्य में शिखर धवन की वापसी की संभावना खारिज हो गई है। उन्होंने कहा, ''रोहित कोई बुरा खिलाड़ी नहीं है, शुभमन के लिए यह साल शानदार रहा है। किशन के साथ भी यही स्थिति है। शिखर भारत के लिए एक शानदार खिलाड़ी रहे हैं। इस समय ये तीनों खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आप टीम में केवल 15 खिलाड़ियों को ही रख सकते है। दुर्भाग्य से किसी को बाहर होना पड़ेगा। फिलहाल ये हमारे पसंदीदा सलामी बल्लेबाज हैं।'' युजवेंद्र चहल को टीम में नहीं चुनने पर अगरकर ने कहा, ''वह भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। कभी-कभी चीजें टीम के संतुलन या संयोजन पर निर्भर रहती है।'' उन्होंने कहा, ''अक्षर (पटेल) ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह बल्लेबाजी भी कर सकता है। कुलदीप (यादव) ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में टीम में कलाई के दो स्पिनरों को शामिल करना मुश्किल है। कुलदीप उनसे (चहल) थोड़ा आगे है। '' अगरकर ने कहा कि एशिया कप के बाद होने वाले विश्व कप के मैचों के दौरान ओस की भूमिका काफी अहम होगी। उन्होंने कहा, '' विश्व कप के दौरान ओस की अहम भूमिका होगी। हमने कई बार ऐसा देखा है। यह टीम के संतुलन को ध्यान में रखते हुए किया गया है।



*हो सकता है कि दुनियाभर में उड़ने वाले कीट-पतंगों की संख्या में चिंताजनक कमी आ रही हो, लेकिन एक अच्छी खबर है कि, एक तितली की संख्या में फिर से वृद्धि होने लगी है। तितली की एक प्रजाति, लार्ज टॉरटिस शैल बटरफ्लाई, जो विश्वयुद्ध के बाद अज्ञात कारणों से ब्रिटेन में लुप्त हो गई थी, अब फिर से दिखने लगी है। माना जा रहा है कि, यदाकदा यूरोप के अन्य देशों से ब्रिटेन में इनका जो आगमन हुआ उसके कारण एक बार फिर ब्रिटेन में इनकी ब्रीडिंग कॉलोनीज़ बन गईं। तितली विशेषज्ञ नील ह्यूम ने कहा, कई शौकिया ब्रीडर्स तितलियों को अनाधिकृत रुप से रिलीज़ करके काम बिगाड़ते हैं। ह्यूम कई वर्षों से इस रहस्यमय जीव की निगरानी कर रहे हैं। उनका कहना है कि, इतनी बार इन तितलियों की प्रमाणिक साइटिंग हुई है कि, यह नहीं कह सकते कि ये सब संरक्षित प्रजनन केन्द्रों वाली तितलियाँ हैं। इस वर्ष गर्मी में ईस्ट ससैक्स के तीन वर्ग मील क्षेत्र में इस तितली के लार्वा के तीन झुंड मिले थे और हाल ही में उस जगह नव वयस्क तितलियाँ देखी गई हैं। ह्यूम का कहना है कि, वर्ष 2007 में यूरोप के कई भागों से ब्रिटेन में जो बड़ा माइग्रेशन हुआ वो इनकी वापसी का कारण हो सकता है। हालांकि आइल ऑफ वाइट में स्थापित ब्रीडिंग कॉलोनी खत्म हो गई, लेकिन इस वर्ष फिर इस द्वीप पर यह तितली देखी गई है। इसके अलावा नॉर्थ कैंट के एल्मली नैशनल रिज़र्व में भी ये तितलियां देखी गई हैं। धरती का बढ़ता तापमान दुनियाभर में चिंता का विषय है पर इसी वजह से यह खूबसूरत तितलियाँ ब्रिटेन में बस रही हैं।*

# ब्रिक्स सम्मेलन में मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात होना तय नहीं

## ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाले ब्रिक्स समूह की 15वीं शिखर बैठक आज से जोहनिसबर्ग में शुरू होगी

**24-इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है कि, भारत ब्रिक्स में और देशों को जोड़ने की प्रक्रिया का खुला समर्थन करेगा। 40 से ज्यादा देशों ने ब्रिक्स में जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है 23 देशों ने आवेदन भी कर रखा है।**

- **अगर कुछ और देश जुड़ते हैं तो जाहिर है ब्रिक्स दुनिया का आर्थिक रूप से सबसे ताकतवर संगठन बन जायेगा।**

नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता)। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चीन के शीर्ष नेता शी जिनपिंग की द्विपक्षीय मुलाकात की संभावना के बारे में यहां विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभी तक इस बारे में कुछ भी तय नहीं है।

ब्रिक्स में नए सदस्य जोड़ने के बारे में भारत का कहना है कि 'वह इसके पक्ष में खुली सोच रखता है' पर इस बारे में कोई भी निर्णय समूह के नियम और सदस्यों की आम सहमति से ही लिया जा सकता है।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री की मंगलवार से शुरू हो रही दक्षिण अफ्रीका और यूनान की चार दिन की यात्रा के विषय में जानकारी देने के लिए आयोजित विशेष मीडिया ब्रीफिंग में मोदी की चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात की संभावनाओं के बारे में एक सवाल पर कहा, 'मैं केवल यही कह सकता हूं कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सिलसिले में मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने बड़ी संख्या में विभिन्न देशों को आमंत्रित कर रखा है। इस दौरान मोदी की वहां आने वाले नेताओं के साथ द्विपक्षीय मुलाकातों के कार्यक्रम को तैयार किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के तय हो जाने पर आप को (मीडिया को) इसकी सूचना दे दी जाएगी।'

ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाले ब्रिक्स समूह की 15वीं शिखर बैठक कल से जोहान्सबर्ग में शुरू हो रही है। वहां ब्रिक्स के संपर्क विस्तार कार्यक्रम के तहत 24 अगस्त को 'ब्रिक्स सम्पर्क सम्मेलन' और ब्रिक्स प्लस सम्मेलन के लिए अन्य देशों को भी आमंत्रित किया गया है।

मोदी वहां से 25 अगस्त को यूनान की एक दिन की आधिकारक यात्रा पर एथेंस जाएंगे। विदेश सचिव ने बंगलादेश के मामलों में अमेरिका की कथित 'ताजा विशेष रुचि पर भारत के रुख' के संदर्भ में प्रधानमंत्री शेख हसीना से जोहान्सबर्ग में मुलाकात की संभावना के संबंध में पूछे जाने पर भी कहा कि कार्यक्रम तय हो जाने पर ही इस संबंध में कोई जानकारी दी जा सकती है।

ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार से संबंधित एक सवाल पर विदेश सचिव ने कहा, "सदस्यता विस्तार के संबंध में भारत की सोच सकारात्मक और खुली है। समूह की सदस्यता के नियम और शर्तें हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस पर ब्रिक्स सेरपाओं की बैठक में तकनीकी चर्चाएं हो रही है और ब्रिक्स में निर्णय 'सर्वसम्मति' से लिए जाते हैं।

एक अन्य सवाल के जवाब में क्वात्रा ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच आंतरिक व्यापार में सदस्य देशों के प्रयोग को बढ़ाने की तो बात है पर साझा मुद्रा लागू करने का विचार नहीं है। उन्होंने कहा 'साझा मुद्रा एक अलग अवधारणा है।' ऐसा समझा जाता है कि 40 से अधिक देश ब्रिक्स की सदस्यता की इच्छा प्रकट कर चुके हैं और 23 देशों ने आवेदन कर रखा है।

उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के साथ द्विपक्षीय व्यापार में लेन देन राष्ट्रीय मुद्राओं (रुपया-दिरहम) में किए जाने की शुरुआत हो चुकी है। इस मॉडल की प्रगति के साथ भारत इसे दूसरे देशों के साथ भी अपनाने पर विचार कर सकता है। चीन ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करेगा और संगठन में नए भागीदारों के शीघ्र प्रवेश का स्वागत भी करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रेस सेवा ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने ब्रिक्स से पहले कहा, चीन का हमेशा से मानना रहा है कि ब्रिक्स एक खुला और समावेशी तंत्र है, बीजिंग ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया का समर्थन करता है और अधिक समान विचारधारा वाले भागीदारों के ब्रिक्स बड़े परिवार में शीघ्र प्रवेश का स्वागत करता है।

## 'प्रदेश की सभी बार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वोटर होना जरूरी है परंतु जिस रवैये से यह चुनाव हो रहा है उस रवैये से जाहिर हो रहा है कि, एसोसिएशन चाहती है कि, कई लोग चुनाव ना लड़ें।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने कहा कि, द बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 12 मई 2022 को फैसला दिया था। उसके बाद द बार एसोसिएशन, जयपुर में पहली बार चुनाव हो रहे हैं। याचिकाकर्ता ने किन्हीं अन्य बार एसोसिएशन में केवल शपथ पत्र ही दिया था और मतदान नहीं किया था। ऐसे में उन्हें इस चुनाव में भाग लेने से नहीं रोका जाना चाहिए।

बी.सी.आर. के अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि, "वन बार वन वोट" के पालन में ही चुनाव समिति शपथ पत्र मांग रही है। बी.सी.आर. की ओर से यह भी कहा गया कि, कई वकील झूठे शपथ पत्र भी दायर करते हैं। बी.सी.आर. की ओर से कहा गया कि, प्रत्येक बार एसोसिएशन का अलग-अलग संविधान है और समितियों के चुनाव की तारीख भी अलग-अलग हैं। इसलिए अदालत यह तय कर दे कि जिन वकीलों ने एक वर्ष में एक बार के लिये वोट दिया है, वो उस समिति के कार्यकाल या उस वर्ष में होने वाले चुनाव में वोट नहीं देंगे। इस पर खंडपीठ ने कहा कि, इस समस्या का समाधान यही है कि, सभी बार एसोसिएशन में एक ही तारीख को चुनाव हों।

दरअसल अपीलों में बार एसोसिएशन के 28 अगस्त को होने वाले वार्षिक चुनाव में 28 अगस्त 2022 से 27 अगस्त 2023 के दौरान किसी अन्य बार एसोसिएशन में मतदान नहीं करने के संबंध में लिए जा रहे शपथ पत्र की शर्त को चुनौती दी गई है।

# धरना-प्रदर्शन के लिए शहर को चार भागों में बांटा, दिन में चार घंटों के लिए मिलेगी अनुमति

## राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में, धरना प्रदर्शन के कारण होने वाले जाम से बचने का रोडमैप प्रस्तुत किया

- **कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम चार बजे से रात 8 बजे तक धरना-प्रदर्शन या रैली की अनुमति नहीं दी जाएगी। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चार घंटे की अवधि में ही धरना-प्रदर्शन किया जा सकेगा।**

जयपुर, 21 अगस्त। राज्य सरकार ने शहर में होने वाले धरने-प्रदर्शन और रैली के कारण वाले जाम को रोकने के लिए शहर को चार भागों में बांट दिया है और प्रदर्शन में शामिल होने वाले लोगों की संख्या के हिसाब से हर ज़ोन में कुछ जगहें चिन्हित की हैं। सरकार ने यह फैसला भी किया है कि कार्य दिवस में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और अपरान्ह चार बजे से शाम 8 बजे के बीच की अवधि में धरना-प्रदर्शन और रैली की अनुमति नहीं दी जाएगी।

रैली के लिए दोपहर 12 बजे से अपरान्ह चार बजे तक ही अनुमति दी जा सकगी।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए मामले की सुनवाई 1 सितंबर को रखी है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान व अन्य याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

राज्य सरकार की ओर से जवाब में कहा गया कि धरने-प्रदर्शन और रैली के लिए जयपुर पूर्व में दो हजार तक की भीड के लिए महात्मा गांधी स्टेडियम, बस्सी, पांच हजार तक की भीड के लिए दशहरा मैदान, आदर्श नगर और सूरज मैदान आदर्श नगर का चयन किया गया है और पांच से दस हजार तक की भीड के लिए रामलीला मैदान, एमआई रोड को चयनित किया है। जयपुर पश्चिम में दो हजार तक की भीड के लिए करघनी स्कीम पार्क, पांच से दस हजार तक की भीड के लिए खेल स्टेडियम, चौमूं और खेल मैदान बगरू, दस हजार से अधिक की भीड के लिए भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान और जेसीबी प्लांट महिंन्द्रा सेज का चयन किया गया है।

जयपुर उत्तर के लिए दो हजार से अधिक लोगों की भीड के लिए विद्याधर नगर स्टेडियम के सामने खाली मैदान को चिन्हित किया गया है। जयपुर दक्षिण में दो हजार तक की भीड के लिए शहीद स्मारक, गवर्नमेंट हॉस्टल, पांच हजार से दस हजार तक की भीड के लिए वीटी रोड स्थित आवासन मंडल की खाली जमीन का चयन किया गया है।

राज्य सरकार की ओर से अपने जवाब में कहा गया है कि कार्य दिवस में रैलियों के लिए दोपहर 12 बजे से अपरान्ह चार बजे तक का समय ही दिया जाएगा। इस दौरान ध्वनि प्रसारण यंत्र का सीमित उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा यह अनुमति अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, कोर्ट और कार्यालय भवनों से 150 मीटर की परिधि में इन संस्थाओं की समयावधि के लिए मान्य नहीं रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान यातायात बाधित नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि गत एक अगस्त को भाजपा के नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत निकाली गई रैली के चलते शहर का यातायात जाम होने पर हाईकोर्ट ने स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था।

## अब कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

(कांग्रेस में) आने से कैसे रोक सकता हूँ क्योंकि पूरे राज्य में लोग देश को बचाने की कोशिश कर रहे हैं? हमें किसी से किसी प्रकार की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। राजनेताओं को अपने राजनैतिक भविष्य की रूपरेखा तैयार करने का अधिकार है।"

भाजपा नेता विधायकों को कांग्रेस में जाने से रोकने के काम में जुट गये हैं क्योंकि पूर्व कांग्रेसी, जो इस समय भाजपा में हैं, कम से कम 12 लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस उन भाजपा विधायकों को फिर से वापस लेना चाहती है, और भाजपा नेता भी उन्हें पार्टी छोड़ने से इसीलिये रोकना चाहते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येद्दियुरप्पा, जिन्हें कांग्रेस विधायकों की 2019 की बगावत का सीधा लाभ मिला था से भी घर वापसी को रोकने के लिये कहा गया है। देखना यह भी है कि पूर्व कांग्रेसी विधायक उनकी बात मानते हैं या नहीं। उधर जनता दल (एस) ने कहा है कि कांग्रेस की घर वापसी की मुहिम का उद्देश्य अपनी असफलताओं, तबादलों में हुये भ्रष्टाचार तथा कमीशन खोरी से जनता का ध्यान हटाना है। ये आरोप लगाते हुये, पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी छोड़कर जाने वालों को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा, "क्या हम उन्हें रोक सकते हैं, जो जाना चाहते हैं? पार्टी के प्रति निष्ठा नाम की चीज अब बची ही नहीं है। मैं इस बारे में इससे ज्यादा और कुछ नहीं कह सकता।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस विपक्षी विधायकों के सम्पर्क में है।

## '2024 में एन.डी.ए...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पी. आम तौर से उस दल या गठबंधन को अपना समर्थन देती हैं, जो केन्द्र में सरकार बनाता है, वहीं भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) अपने भाजपा-विरोधी रूख के लिये जानी जाती है। अगर बी.आर.एस. के वोट शेयर को अनुमानतः 1.15 प्रतिशत मान लिया जाये, तथा उसे इंडिया ब्लॉक ब्लॉक के शेयर में शामिल कर दिया जाये, तो विपक्षी खेमे का कुल वोट शेयर बढ़कर 41.35 प्रतिशत हो जाता है- अर्थात एन.डी.ए. के वोट शेयर से मात्र 1.25 प्रतिशत कम।

अभी लोकसभा चुनाव दूर हैं ऐसे में कोई भी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगा, क्योंकि संवेदनशील या अचानक होने वाले तत्वों के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। जैसा कि विदित ही है, ये चीजें देश के राजनैतिक माहौल को बदलने की क्षमता रखते हैं- ठीक वैसे ही, जैसे पुलवामा तथा बालाकोट की घटनाओं ने 2019 में प्रवाह को भाजपा के पक्ष में मोड़ दिया था। इस समय केवल इतना ही कहा जा सकता है- विपक्षी दलों के पक्ष में बेहतर अवसर उभर रहे हैं। विपक्षी गठबंधन के लिए, खासतौर से हिन्दी भाषी राज्यों में, वोट शेयर को सीटों का रूप देना एक बड़ी चुनौती होगी। जहाँ भाजपा के वोट मुख्यतः हिन्दी भाषी राज्यों में धनीभूत हैं, वहीं इंडिया के वोट पूरे भारत में फैले हुये हैं। आगामी महीनों में, विपक्षी गठबंधन को ए अखिल भारतीय सक्रियता बनाने तथा उसे बनाये रखने की जरूरत होगी, ताकि 2024 में भाजपा को एक भरोसेमंद टक्कर दी जा सके।

# भाजपा सांसद सनी देओल के बंगले की नीलामी ऐन वक्त पर रद्द की गई

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने लोन डिफॉल्ट मामले में तकनीकी कारणों का हवाला देकर बंगले की नीलामी का नोटिस वापस लिया

- **बैंक ने सनी देओल के 56 करोड़ रु. का बंगला नीलाम करने का नोटिस जारी किया था तथा 25 अगस्त नीलामी होना तय थी।**

नई दिल्ली, 21 अगस्त। फिल्म अभिनेता और बीजेपी सांसद सनी देओल के जुहू स्थित बंगले की नीलामी रोक दी गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 56 करोड़ रुपये वसूलने के लिए सनी देओल के बंगले को नीलाम करने का नोटिस जारी किया था लेकिन अब बैंक ने उस ई-ऑक्शन की नोटिस को वापस ले लिया है।

बैंक ने इसकी पीछे तकनीकी कारण बताया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के इस यू-टर्न पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने चुटकी ली है और तंज कसा है कि 24 घंटे के अंदर यह तकनीकी कारण कहां से आ गया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा, कल दोपहर में देश को पता चला कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने भाजपा सांसद सनी देओल के जुहू में स्थित आवास को ई-नीलामी के लिए रखा है, क्योंकि उन्होंने बैंक का 56 करोड़ रुपये नहीं चुकाया है। आज सुबह 24 घंटे से भी कम समय में देश को पता चला कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने तकनीकी कारणों से नीलामी नोटिस वापस ले लिया है। आश्चर्य है कि ऐसे कौन से तकनीकी कारण हैं, जिसके कारण यह फैसला बदला गया।"

उन्होंने सवाल किया, आखिर इन तकनीकी कारणों का हवाला देने के लिए किसने प्रेरित किया? बता दें कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने 56 करोड़ रुपये की वसूली के लिए सनी देओल की संपत्ति को नीलामी के लिए रखा था। यह नीलामी 25 अगस्त को ऑनलाइन माध्यम से की जानी थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेप पीड़िता को 28 सप्ताह के गर्भपात की अनुमति दी

नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने एक दुष्कर्म पीड़िता को करीब 28 सप्ताह के अपने भ्रूण का गर्भपात कराने की सोमवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आदेश पारित करते कहा कि विवाह के बाद गर्भधारण खुशी का अवसर होता है, लेकिन यौन उत्पीड़न के बाद यह महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पीठ ने 25 साल की एक महिला की याचिका से संबंधित मैडिकल रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के बाद याचिकाकर्ता से गर्भावस्था समाप्त करने की प्रक्रिया से गुजरने के लिए उसे मंगलवार को अस्पताल आने को कहा।

शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि यदि भ्रूण जीवित पाया जाता है तो अस्पताल को उसके जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं देनी होंगी। इसके बाद सरकार कानून के अनुसार बच्चे को गोद लेना सुनिश्चित कर सकता है।

## कर्नाटक ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्योंकि जब से राज्य में सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी है, वह पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के निर्णय एक के बाद एक पलट रही है, खासकर शिक्षा का भगवाकरण, फेक न्यूज़ फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही और साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश पर सख्त कदम उठाया जाना शामिल है।

कर्नाटक सरकार 2024 के लोकसभा चुनावों में "कर्नाटक मॉडल" को प्रमुख रूप से चुनावी मुद्दे के रूप में पेश करना चाहती है।

## 'बिहार कास्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्टे नहीं देगा, जब तक इसके खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई केस न बने।

सर्वोच्च न्यायालय ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, जो केन्द्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, को सात दिन में इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देने की अनुमति दी। दरअसल, मेहता ने कहा था कि इस सर्वे के कुछ अवांछित परिणाम सामने आ सकते हैं। मेहता ने कहा था, "हम इस या उस पक्ष के समर्थक नहीं है। लेकिन इस कवायद के कुछ (अवांछित) परिणाम हो सकते हैं, इसलिये हम अपना जवाब पेश करना चाहेंगे। लेकिन वे परिणामों के विस्तार में नहीं गये।

## पुतिन ब्रिक्स ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है और अगर पुतिन ने दक्षिण अफ्रीका में कदम रखा तो दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति को उन्हें गिरफ्तार करना ही पड़ेगा। इंटरनैशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पुतिन के खिलाफ युद्ध अपराध के लिए वॉरंट जारी कर रखा है क्योंकि रूस ने यूक्रेन के कुछ बच्चों को जबर्दस्ती रूस भेजने का निर्णय लिया था।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा ने गुप्त रूप से स्वीकार किया कि अगर रूस के राष्ट्रपति दक्षिण अफ्रीका आने का निर्णय लेते हैं तो वे किस कदर घोर दुविधा से घिर जाएगा। उन्होंने निजी वार्ता में कहा कि अगर रूस के राष्ट्रपति के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई तो रूस इस युद्ध की घोषणा मानेगा।

यह कोई साधारण बात नहीं है क्योंकि पूर्व में सूडान के राष्ट्रपति को अपने देश, खासकर डार फुर में जन संहार का दोषी पाया गया था। तब भी अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय ने उनके खिलाफ इस तरह का फैसला दिया था और गिरफ्तारी का आदेश दिया था।

जब सूडान के राष्ट्रपति अल बशीर दक्षिण अफ्रीका पहुंचे तो उनकी तुरंत गिरफ्तारी पर स्थानीय कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। तब सूडान के राष्ट्रपति गिरफ्तारी से बाल-बाल बचे निकले थे।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इसी रास्ते पर हैं। वे भी "विशाल और शक्तिशाली चीन" का सपना पाले हुए हैं। यहां तक कि चीनी प्रशासन समूचे महासागर में डूबे हुए जहाजों को ढूंढ रहा है, अपनी मौजूदगी जताने के लिए।

## अभिषेक बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) को सौंपने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सी.बी.आई. जांच का आदेश देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि अदालत इस बात से संतुष्ट है कि शिक्षक भर्ती घोटाले और नगर पालिका भर्ती घोटाले के बीच एक संबंध प्रतीत होता है। मामले की जांच सी.बी.आई. और ई.डी. कर रही है। जांच की जद में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) सांसद अभिषेक बनर्जी भी आ गये हैं।

# इसरो की 2024 में मानवयुक्त स्पेस मिशन भेजने की योजना है

## इसरो इसके लिए स्टैप बाई स्टैप आगे बढ़ने का मिशन शुरु करने जा रहा है, पहला स्टैप-2023 के अंत में मानवरहित स्पेस मिशन, दूसरा स्टैप-2024 की शुरुआत में स्पेस में रोबॉट मिशन तथा तीसरा स्टैप-2024 के आखिरी महीनों में मानवयुक्त स्पेस मिशन

- **केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि, इसरो का अगला मिशन गगनयान है। इसके लिए इस वर्ष के उत्तरार्द्ध में एक मानवरहित यान भेजा जाएगा। अगले वर्ष की शुरुआत में कृत्रिम मेधा युक्त रोबोट 'वायुमित्र' को भेजा जाएगा और इसकी सफलता एवं अध्ययन के बाद वर्ष 2024 के उत्तरार्द्ध में मानव मिशन भेजा जाएगा।**

नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता)। सरकार चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर आत्मविश्वास से भरी है और उसका लक्ष्य अगले वर्ष के उत्तरार्द्ध में भारत अंतरिक्ष में पहली बार मानव मिशन भेजना है जिसके पहले एक कृत्रिम मेधा रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।

अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र पर लगे गोपनीयता के पर्दों को उतार कर इसे सार्वजनिक क्षेत्र के लिए खोल दिया है जिससे इस क्षेत्र में नयी तकनीक और नयी प्रतिभाएं लाने का मार्ग खुल गया है।

डॉ. सिंह ने कहा कि इस समय तक 350 से अधिक स्टार्ट अप्स अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को आधुनिक उपकरणों की आपूर्ति करने के प्रस्ताव दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष उद्योग के विकास में बहुत तेजी आयी है और आज हम विश्व की महाशक्तियों के बराबरी के स्तर पर पहुंच गये हैं।

चंद्रयान-3 के मिशन के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि चंद्रयान मिशन इस बार निश्चित रूप से कामयाब होगा और यह तय अवधि से अधिक काम करेगा। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की योजना में समय अवश्य लगा है लेकिन इससे खर्च कम हुआ और प्रतिरोध कम होने से मिशन सुरक्षित रहा है। 23 अगस्त को यह तय समय पर चांद की सतह पर उतरेगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि उतरने की सटीक जगह का निर्णय उसी समय किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसरो का अगला मिशन गगनयान है। इसके लिए इस वर्ष के उत्तरार्द्ध में एक मानवरहित यान भेजा जाएगा। अगले वर्ष के पूर्वार्द्ध में कृत्रिम मेधा युक्त रोबोट 'वायुमित्र' को भेजा जाएगा और इसकी सफलता एवं अध्ययन के बाद वर्ष 2024 के उत्तरार्द्ध में मानव मिशन भेजा जाएगा।

डॉ. सिंह ने रूस के लूना-25 मिशन के क्रैश लैंडिंग और चंद्रयान मिशन को लेकर सावधानियों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत के चंद्रयान मिशन में कक्षीय आरोहण विधि से भेजा गया है। इसलिए इसमें प्रतिरोध कम होने के कारण ऊर्जा की खपत कम हो रही है और चंद्रमा के बहुत नजदीक आने के बाद ही वर्टिकल लैंडिंग करेगा और इस बार उसकी बॉडी में सुरक्षा के सभी उपाय किये गये हैं जिससे इस मिशन की विफलता की संभावना ना के बराबर है।

## गृह मंत्रालय...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शिकायतें मिली है। इनमें से 46,643 शिकायतें सिर्फ गृह मंत्रालय अफसरों के खिलाफ है।

देवेन्द्र यादव दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व विधायक है और वर्तमान में ए.आई.सी.सी. स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य है और उत्तराखंड के प्रभावी है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908